विश्व का सर्वाधिक पढ़ा जाने वाला अखबार

# दैनिक जागरण Sunday

वर्ष 72 ▸ अंक 285 ▸ पृष्ठ 12
रीवा, रविवार 13 जुलाई, 2025
▸ श्रावण कृष्ण पक्ष 03, विक्रम संवत् 2082
▸ नगर ▸ मूल्य 5 रुपए

www.dainikjagranmpcg.com

अहमदाबाद विमान हादसा: फ्यूल के अभाव में दोनों इंजन बंद होने से हुआ हादसा

# बड़ा सवाल- आखिर कैसे बंद हुए दोनों फ्यूल स्विच, साजिश या तकनीकी खामी

**नई दिल्ली, जेएनएन।** अहमदाबाद विमान हादसे के एक माह बाद विमान दुर्घटना जांच ब्यूरो (एएआईबी) ने 15 पेजों की प्रारंभिक जांच रिपोर्ट सार्वजनिक की है। इसमें दुर्घटना के कारणों और घटनाक्रम का तकनीकी और मानवीय पक्ष से विश्लेषण किया गया है। रिपोर्ट कई चौंकाने वाले तथ्यों और संभावनाओं को उजागर करती है। सबसे बड़ा सवाल यही कि उड़ान भरते ही दोनों इंजन आखिर बंद कैसे हो गए?

जांच रिपोर्ट के मुताबिक टेकऑफ के चंद सेकेंड बाद विमान के दोनों इंजन अचानक बंद हो गए। रिकॉर्डिंग के अनुसार, ईंधन आपूर्ति को नियंत्रित करने वाले 'फ्यूल कटऑफ स्विच' एक-एक कर मात्र एक सेकेंड के अंतराल पर 'रन' से 'कटऑफ' पोजीशन में चले गए। इसका मतलब था कि इंजन को फ्यूल मिलना बंद हो गया और दोनों इंजन रुक गए। इस घटनाक्रम पर जब एक पायलट ने दूसरे से पूछा- 'तुमने बंद किया?' तो जवाब मिला- 'नहीं।' यह संवाद कॉकपिट की रिकॉर्डिंग से सामने आया है और यह अपने-आप में इस दुर्घटना की मानव-त्रुटि या किसी अन्य कारण की ओर इशारा करता है।

गौरतलब है कि 12 जून को अहमदाबाद से लंदन जा रही एयर इंडिया की फ्लाइट एआई 171 टेकऑफ के महज 32 सेकेंड बाद क्रैश हो गई थी। इस भयावह दुर्घटना में 270 लोगों की जान चली गई थी, जिनमें 241 यात्री के अलावा क्रू मेंबर और अन्य नागरिक शामिल थे। इंजन बंद होने के बाद पायलटों ने तुरंत दोनों इंजनों दोबारा स्टार्ट करने की कोशिश की। रिपोर्ट में कहा गया है कि इंजन 1 कुछ हद तक चालू हुआ भी, लेकिन विमान बहुत ही कम ऊंचाई सिर्फ 625 फीट पर था। इसलिए इंजनों ■ शेष पृष्ठ 7 पर

### एक महीने बाद आई एएआईबी की 15 पेजों की प्रारंभिक जांच रिपोर्ट ने उठाए हादसे पर कई सवाल




- उड़ान भरते ही दोनों इंजन आखिर बंद कैसे हो गए?
- क्या कोई इनपुट गलती से दिया गया? या कोई विद्युत प्रणाली असफल हुई?
- क्या यह मानवीय चूक थी?
- क्या फ्यूल कंट्रोल स्विच के डिजाइन में कोई ऐसी खामी है जिसे अनदेखा किया गया?
- क्या यह किसी दुर्लभ और असामान्य घटनाक्रम का परिणाम था?

### न तकनीकी खराबी, न मौसम का असर, न पक्षी टकराया

रिपोर्ट में साफ किया गया है कि विमान के इंजन या अन्य तंत्रों में कोई तकनीकी खराबी नहीं पाई गई। मौसम पूरी तरह साफ था, दृश्यता अच्छी थी और किसी पक्षी से टकराने की कोई पुष्टि नहीं हुई। विमान की फ्लैप सेटिंग और गियर सामान्य टेकऑफ के लिए अनुकूल थे। फ्यूल की गुणवत्ता भी जांची गई और उसमें कोई अशुद्धि नहीं पाई गई। रिपोर्ट कहती है कि टेकऑफ थ्रस्ट उस वक्त चालू था, जिसका मतलब है कि स्वचालित प्रणाली ने फ्यूल सप्लाई रोकी नहीं थी।

### एसोसिएशन का ऐतराज: पायलट्स को न बनाएं बलि का बकरा

एयरलाइन पायलट्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एपीएआई) ने रिपोर्ट की निष्पक्षता पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने जांच रिपोर्ट को बिना किसी अधिकारी के हस्ताक्षर के मीडिया में लीक करने की निंदा की और इसे पारदर्शिता की कमी बताया। उनके अनुसार रिपोर्ट का स्वर ऐसा है मानो दुर्घटना का दोष पायलट्स पर डाला जा रहा है, जबकि तकनीकी और प्रक्रियात्मक पहलुओं की गहराई से जांच अभी बाकी है। एपीएआई ने यह भी कहा कि इस जटिल तकनीकी जांच में अभी भी अनुभवी 'लाइन पायलटों' को शामिल नहीं किया गया है, जिससे निष्कर्षों की विश्वसनीयता पर सवाल उठते हैं।

### बोइंग का बयान: हम जांच एजेंसियों का पूरा सहयोग कर रहे

रिपोर्ट सार्वजनिक होने के बाद बोइंग ने औपचारिक बयान जारी कर संवेदना व्यक्त की। कंपनी ने कहा, 'हमारे विचार एयर इंडिया फ्लाइट एआई 171 के सभी पीड़ितों और उनके परिवारों के साथ हैं। हम जांच एजेंसियों के साथ पूरा सहयोग कर रहे हैं और एयर इंडिया के संपर्क में हैं।'

### अंतिम संकेत: 'मेडे' कॉल और फिर सन्नाटा

विमान ने दोपहर 1.39 बजे अहमदाबाद एयरपोर्ट से टेकऑफ किया था। उड़ान के मात्र 32 सेकेंड बाद पायलट ने एटीसी (एयर ट्रैफिक कंट्रोल) को 'मेडे' कॉल भेजा। यह आपात संदेश उस वक्त भेजा गया जब विमान 190 मीटर (625 फीट) की ऊंचाई पर था। इसके बाद कोई और संवाद नहीं हो सका।

### कैसे काम करते हैं थ्रस्ट लीवर और फ्यूल स्विच

रिपोर्ट में सबसे ज्यादा जोर फ्यूल कंट्रोल स्विच पर दिया गया है। बोइंग 787-8 ड्रीमलाइनर जैसे विमानों में प्रत्येक इंजन के लिए अलग फ्यूल कंट्रोल स्विच होता है। ये स्विच 'रन' और 'कटऑफ' दो पोजिशनों में काम करते हैं। 'रन' पोजिशन में इंजन को फ्यूल की आपूर्ति होती है और इंजन चालू रहता है। 'कटऑफ' पर फ्यूल सप्लाई बंद हो जाती है और इंजन बंद हो जाता है। यह स्विच स्प्रिंग-लोडेड होते हैं और गलती से दब जाने की संभावना न के बराबर होती है क्योंकि इन्हें डिटेंट से बाहर निकालना पड़ता है, फिर मूव करना होता है।

## ऑफ बीट

### विश्व रिकॉर्ड: 50 साल में जमा किए 15 हजार कप



*कई लोगों को अलग-अलग चीजें जमा करने का शौक होता है, जिससे उन्हें खुशी मिलती है। कोई सिक्के जमा करना पसंद करता है तो किसी को खिलौने इकट्ठा करने में दिलचस्पी होती है। हालांकि, बहुत कम लोग ऐसे होते हैं, जो ऐसी चीजें जमा करने की रुचि के जरिए नाम कमा पाते हैं। इन्हीं चुनिंदा लोगों में से एक हैं स्पेन की रहने वाली मारिया जोस फस्टर, जिन्होंने अंडे रखने वाले लगभग 15,000 कप जमा करके विश्व रिकॉर्ड बना डाला। मारिया स्पेन के कैंपो की रहने वाली हैं और करीब 50 सालों से अंडे रखने वाले कप इकट्ठा कर रही हैं। वह पेशे से एक वंशावलीविद और इतिहासकार हैं, लेकिन उनके शौक ने उन्हें पहचान दिलाई है। अंडे खाना उतना पसंद नहीं है, जितना की उन्हें रखने वाले कप खरीदना। फिलहाल, मारिया के संग्रह में कुल 15,485 कप मौजूद हैं, जिनकी मदद से उनका नाम गिनीज बुक में शामिल हो गया है। यह संग्रह आधिकारिक तौर पर विश्वभर में अंडे के कपों का सबसे बड़ा संग्रह घोषित हो गया है।*

सावरकर मानहानि मामला

### राहुल ने कहा 'मैं दोषी नहीं हूं', अब चलेगा मुकदमा

**मुंबई, जेएनएन।** मुंबई की एक विशेष अदालत में कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने विनायक दामोदर सावरकर के खिलाफ



कथित आपत्तिजनक टिप्पणी के मामले में 'दोषी नहीं' होने की दलील दी। यह आपराधिक मानहानि का मामला सावरकर के वंशज सत्यकी सावरकर ने दाखिल किया है, जिसमें मार्च 2023 में लंदन में राहुल गांधी द्वारा दी गई एक कथित भाषण को आधार बनाया गया है। विशेष न्यायाधीश अमोल शिंदे ने गांधी की गैरमौजूदगी में उनके वकील मिलिंद पवार के माध्यम से याचिका स्वीकार करते हुए उनकी ओर से दलील दर्ज की। न्यायाधीश ने भाषण पढ़कर सुनाया और स्पष्ट किया कि आरोपों के आधार पर राहुल गांधी को भारतीय दंड संहिता की धारा 500 (मानहानि) के तहत मुकदमे का सामना करना होगा। पवार ने अदालत में कहा, 'नहीं, हम दोष स्वीकार नहीं करते।' इसके साथ ही अब राहुल गांधी के खिलाफ औपचारिक सुनवाई शुरू होगी। फिलहाल मामले की सुनवाई की अगली तारीख नहीं बताई है।

प्रदेश में अब तक औसत से 75 प्रतिशत अधिक वर्षा

## विदिशा समेत 12 जिलों में ओरेंज अलर्ट, ब्यौहारी में 10 इंच बारिश

**कार्यालय संवाददाता, भोपाल।** बीते 24 घंटे में मप्र के जिलों में जोरदार बारिश दर्ज की गई है। इसमें सबसे अधिक शहडोल जिले के ब्यौहारी ब्लॉक में बारिश हुई है। यहां बारिश का आंकड़ा 251 मिली मीटर यानी 10 इंच रहा है। इसके बाद मझगांव में 238 और रीवा के गुढ़ में 220 एमएम वर्षा हुई है।

मौसम विभाग से मिली जानकारी अनुसार प्रदेश में दक्षिण-पश्चिम मानसून और बंगाल की खाड़ी से लेकर उत्तर भारत तक फैली द्रोणिका के कारण अच्छी बारिश हो रही है। बारिश का यह सिलसिला आगे भी जारी रहेगा। रविवार के लिए मौसम केंद्र ने प्रदेश के 12 जिलों में बारिश का ओरेंज अलर्ट जारी किया है। इसमें विदिशा, राजगढ़ और शिवपुरी मुख्य रूप से शामिल हैं। आंकड़ों पर नजर डालें तो प्रदेश में अब तक 420 मिली मीटर बारिश हो चुकी है। जो कि औसत वर्षा से 75 प्रतिशत अधिक है।

रीवा में 20 घंटे की लगातार बारिश से निचली बस्तियां जलमग्न हो गईं। रीवा में बीहर नदी सहित छोटे-बड़े नाले उफान पर आ गए। खैरा नई बस्ती समेत कई इलाकों में लोग घरों में फंस गए। शनिवार सुबह एसडीईआरएफ की टीमों ने मौके पर पहुंचकर लोगों और उनके पालतू जानवरों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया। छतरपुर जिले के बेहर मोहल्ले का नाला उफान पर आने से देवगांव से अमानगंज मार्ग बंद हो गया। स्कूलों में पानी घुस गया, जिससे कक्षा 1 से 8 तक के लिए अवकाश घोषित कर दिया गया। सतना के चित्रकूट में मंदाकिनी नदी उफान पर है।



- **ओरेंज अलर्ट:** विदिशा, राजगढ़, गुना, अशोकनगर, शिवपुरी, कटनी, जबलपुर, दमोह, सागर, छतरपुर, टीकमगढ़, निवाड़ी।
- **येलो अलर्ट:** रायसेन, नर्मदापुरम, धार, इंदौर, रतलाम, उज्जैन, शाजापुर, आगर, मंदसौर, नीमच, ग्वालियर, दतिया, भिंड, मुरैना, श्योपुरकलां, सीधी, रीवा, मऊगंज, सतना, शहडोल, उमरिया, डिंडोरी, नरसिंहपुर, छिंदवाड़ा, सिवनी, मंडला, बालाघाट, पन्ना, मैहर।

**इंदौर व देवास में फिलहाल राहत**

वहीं, इंदौर और देवास में बारिश थमी हुई है लेकिन किसान अब भी बारिश के इंतजार में हैं। खासकर सोयाबीन और मक्का की फसल के लिए पानी की जरूरत बनी हुई है। अगले 24 घंटे तक भारी बारिश की चेतावनी दी है, जिससे हालात और बिगड़ सकते हैं। प्रशासन ने जनता को सतर्क रहने और राहत केंद्रों की ओर जाने की सलाह दी है।

### दिल्ली-एनसीआर में राहत की बारिश बनी 'आफत'

**नई दिल्ली, जेएनएन।** दिल्ली और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में तेज बारिश से कई इलाकों में जलभराव की समस्या उत्पन्न हो गई है। मौसम विभाग ने दिल्ली और एनसीआर के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी करते हुए मध्यम बारिश और बिजली गिरने की संभावना जताई है। दक्षिण, मध्य और दक्षिण-पश्चिम दिल्ली के कई हिस्सों में बारिश हुई, जिससे तापमान औसत से एक डिग्री कम दर्ज किया गया। तेज बारिश का विमानों पर भी असर पड़ा है। दिल्ली एयरपोर्ट पर आने वाले 6 विमान को डायवर्ट किया गया है। दो विमान को लखनऊ और चार को जयपुर डाइवर्ट किया गया।

जीएनएम के सख्त नियमों पर सहमति, हाईकोर्ट की सलाह

## प्रवेश के नियम सख्त ही हों, लेकिन गांव में सड़कें अच्छी बनाए सरकार

**जागरण, जबलपुर।** खाली सीटों का हवाला देते हुए जनरल नर्सिंग एंड मिडवाइफरी (जीएनएम) के पदों पर भर्ती के नियमों में बदलाव कराने पहुंचे कॉलेज संचालकों को हाईकोर्ट ने बैरंग लौटा दिया। याचिका खारिज करते हुए अदालत ने जीएनएम के सख्त भर्ती नियमों को सही बताया है। मगर सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट ने राज्य सरकार को एक सलाह भी दे दी। अदालत ने सरकार से ग्रामीण क्षेत्रों में अच्छी सड़कें उपलब्ध कराने को कहा है, ताकि मरीजों को समय पर इलाज मिल सके।

जीएनएम भर्ती नियम 2024 को चुनौती देते हुए हरदा के लाल बहादुर शास्त्री व्यवसायिक अध्ययन महाविद्यालय और 39 अन्य ने इस हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। याचिकाकर्ताओं का तर्क था कि मातृशिशु मृत्यु दर में कमी करने के उद्देश्य से राज्य सरकार ने अब जीएनएम के प्रवेश नियमों में बदलाव कर दिया है। अब इस पद के लिए अब बायोलॉजी विषय के साथ 12वीं कक्षा पास होना अनिवार्य है। इस नियम के कारण जीएनएम की सीटों पर उम्मीदवार ही नहीं मिल रहे हैं। नए नियमों के बाद इस साल मात्र 139 प्रवेश हुए हैं, जबकि 8388 सीटें आज भी खाली हैं। हाईकोर्ट जस्टिस अतुल श्रीधरन और जस्टिस डीके पालीवाल की बेंच ने शुक्रवार ■ शेष पृष्ठ 7 पर

## 'ब्रांड एमपी' का प्रमोशन करने आज से सीएम विदेश यात्रा पर

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव रविवार को दुबई यात्रा के पहले दिन मध्यप्रदेश की आर्थिक, सांस्कृतिक और वैश्विक पहचान को मजबूत करने वाले कई कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे। पहले दिन, प्रवासी भारतीयों, उद्योगपतियों और फ्रेंड्स ऑफ एमपी के साथ संवाद की श्रृंखला



शुरू होगी, जिसमें मुख्यमंत्री डॉ. यादव प्रदेश के नवाचार, निवेश और संस्कृति पर संवाद करेंगे। सीएम की यात्रा के पहले दिन की शुरुआत दुबई के होटल अटलांटिस में 'ब्रांड मध्यप्रदेश' कार्यक्रम से होगी। इस दौरान प्रदेश की उपलब्धियों, निवेश अवसरों और सांस्कृतिक पहचान को ■ शेष पृष्ठ 7 पर

## नामीबिया से लाई गई 8 साल की मादा चीता नाभा की मौत

**जागरण, श्योपुर।** शनिवार को कूनो नेशनल पार्क से बुरी खबर आई है, जबकि यहां नामीबिया से लाई गई आठ साल की एक मादा चीता नाभा की मौत हो गई। नाभा एक हफ्ते पहले शिकार करने की कोशिश में घायल हो गई थी। उसके पैर में फ्रैक्चर था। इलाज के दौरान उसने शनिवार को दम




तोड़ दिया। इन्हें यहां भारत में चीता पुनर्वास परियोजना के तहत लाया गया था। चीता प्रोजेक्ट के फील्ड डायरेक्टर उत्तम शर्मा ने कहा कि नाभा एक हफ्ते पहले बुरी तरह घायल हो गई थी। शायद सॉफ्ट रिलीज एन्क्लोजर के अंदर शिकार करने की कोशिश के दौरान उसे ■ शेष पृष्ठ 7 पर

संचार क्रांति | नक्सल क्षेत्रों में मोबाइल कनेक्टिविटी से बदली ग्रामीणों की जिंदगी

## इंटरनेट टावर से टूटी बंदूक की खामोशी

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** मध्य प्रदेश के नक्सल प्रभावित बालाघाट, डिंडोरी और मंडला जिलों में दशकों से जमी संचार की चुप्पी अब 260 से ज्यादा मोबाइल टावरों की आवाज से टूट चुकी है। बीएसएनएल और जियो की इस तकनीकी क्रांति ने जंगलों के उस सन्नाटे को बदल दिया है, जिसमें अब तक केवल बंदूकों की गूंज सुनाई देती थी। संचार नेटवर्क आने से पुलिस की पहुंच और निगरानी क्षमता बढ़ी है। जल्द ही 90 और टावर चालू कर दिए जाएंगे, जिससे नक्सल क्षेत्रों का हर कोना 4 जी इंटरनेट से जुड़ जाएगा। अब इन घने जंगलों के गांवों में बैठे ग्रामीणों को न तो तहसील जाना पड़ता है, न बैंक। सरकारी योजनाओं के भुगतान, राशन की पुष्टि, मजदूरी, वनोपज मूल्य सब डिजिटल तरीके से हो रहा है। बांस, तेंदूपत्ता और अन्य वनोपज का भुगतान ऑनलाइन मिल रहा है, जिससे नक्सलियों के लिए आर्थिक संसाधनों पर कब्जा मुश्किल हो गया है। सरकार अब स्थानीय युवाओं को तकनीशियन के रूप में प्रशिक्षित करने की योजना पर काम कर रही है।



### आसान नहीं था टावर लगाना

सरकार की ओर से एक दशक से ये प्रयास किए जा रहे थे। लेकिन नक्सली धमकी देकर जमीन देने वालों और काम करने वालों को भगा देते थे। केंद्र सरकार ने जब बीएसएनएल और जियो को यह जिम्मेदारी सौंपी, तब पुलिस की मदद से 260 टावर खड़े किए गए, जिनमें से 60 टावर कोर नक्सल क्षेत्र में हैं।

### क्या बोले अधिकारी

नक्सली जिलों में पुलिस की मदद से 260 से ज्यादा टावर लगाकर फोर जी सर्विस के साथ ऑन एयर कर दिए गए हैं। शेष टावर भी जल्द ही लगाए जाएंगे।

● **मिथिलेश कुमार,** चीफ जनरल मैनेजर, बीएसएनएल, मध्य प्रदेश

कोर एरिया में मोबाइल टावर लगने से ग्रामीणों को सीधा भुगतान हो रहा है और नक्सलियों को आर्थिक चोट पहुंची है। इससे इन इलाकों के युवा सोशल मीडिया के जरिए अपने उत्पादों की ब्रांडिंग भी कर रहे हैं।

● **पंकज श्रीवास्तव,** स्पेशल डीजी, एमटी नक्सल ऑपरेशन

**नक्सल प्रभावित जिलों में मोबाइल टावर की स्थिति**

| जिला | कुल टावर | ऑन एयर | शेष |
|---|---|---|---|
| बालाघाट | 147 | 121 | 26 |
| डिंडोरी | 89 | 40 | 49 |
| मंडला | 118 | 100 | 18 |



# चित्रकूट पहुंचकर कलेक्टर व एसपी ने लिया भारी बारिश से उत्पन्न स्थिति का जायजा

## अधिकारियों को दिये आवश्यक प्रबंध करने के निर्देश



**जागरण, सतना।** कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस और पुलिस अधीक्षक आशुतोष गुप्ता ने शनिवार को चित्रकूट पहुंचकर भारी बारिश से उत्पन्न स्थिति का जायजा लिया। कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक ने राघव प्रयाग घाट, रामघाट पर्यटक होटल चौराहा, आरोग्य धाम, जानकी कुण्ड, पुरानी लंका सहित अनेक स्थानों पर बैक वाटर से जलमग्न इलाके और निचले इलाकों का निरीक्षण किया। उन्होंने मोटर वोट पर बैठकर आपदा राहत और बचाव के इंतजाम देखे। नगर पंचायत द्वारा निर्धारित आश्रय स्थल का भी निरीक्षण कर रूकने वाले लोगों को पानी भोजन और शयन के लिए की गई व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। इस मौके पर विधायक चित्रकूट सुरेन्द्र सिंह गहरवार, सहायक कलेक्टर अनिकेत शांडिल्य भी उपस्थित रहे।

कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस ने सभी एसडीएम, तहसीलदार और नगर पालिका के अधिकारियों को निर्देश दिये हैं कि जिले के सभी तालाबों डेम नदी नालों और जल भराव वाले क्षेत्रों पर लगातार निगरानी रखें और स्थानीय लोगों से सम्पर्क में रहें। कलेक्टर ने वर्षा, जल भराव और अतिवृष्टि की स्थिति में लोगों को ऐसी जगहों से हटाने और वैकल्पिक व्यवस्था के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही गहरे पानी वाली जगहों पर लोगों को जाने से रोकने के निर्देश दिए हैं। नदी नाले पुल पुलिया रपटे पर पानी आने पर बैरिकेड लगाकर कर्मचारियों की उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

# आजाद अध्यापक शिक्षक संघ 13 को निकलेगा ई-अटेंडेंश के खिलाफ शिक्षक स्वाभिमान रैली



**सतना।** आजाद अध्यापक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष केशव प्रताप सिंह ने बताया की संघ के प्रांताध्यक्ष भरत पटेल व प्रांतीय प्रवक्ता विनय कनौजिया के निर्देश पर आजाद अध्यापक शिक्षक संघ 13 जुलाई को 12 से 2 बजे तक धवारी चौराहा के पास बैठक करके फिर 3 बजे धवारी चौराहा से कलेक्ट्रेड तक ई-अटेंडेंश के खिलाफ और पुरानी पेंशन लागू हो शिक्षक स्वाभिमान रैली निकालकर मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव जी के नाम डा सतीश कुमार एस कलेक्टर को ज्ञापन देगा।जिलाध्यक्ष केशव प्रताप सिंह ने सतना जिले के सभी आम अध्यापक शिक्षक से अपील की है की इस कार्यक्रम में सभी आम अध्यापक शिक्षक सामिल हों। अपील करने वालों में राजकुमार कुशवाहा महेश तिवारी आदित्य नारायण त्रिपाठी मुकेश सिंह सुरेंद्र कुमार द्विवेदी श्रद्धा सिंह, लालमन कुशवाहा शुशील कुमार सिंगरौल हरिशरण सिंह ज्ञानेंद्र सिंह मनीष पाठक, मनोज विश्वकर्माअनुज विश्वकर्मा आदि।

# स्टेशन रोड पर सिंगल यूज प्लास्टिक के विरुद्ध एसडीएम ने की कार्यवाही



**जागरण, सतना।** 12 जुलाई को अनुविभागीय अधिकारी राजस्व रघुराजनगर राहुल सिलाडिया के निर्देशन में स्टेशन रोड सतना स्थित विभिन्न व्यापारिक प्रतिष्ठानों में सिंगल यूज़ प्लास्टिक के विरुद्ध निरीक्षण एवं प्रवर्तन कार्यवाही की गई। निरीक्षण के दौरान कई दुकानों में प्रतिबंधित प्लास्टिक सामग्री पाए जाने पर नियमानुसार सामग्री को जप्त किया गया तथा प्रचलित अधिनियमों एवं नियमों के अंतर्गत संबंधित व्यवसायियों पर जुर्माना अधिरोपित किया गया। यह कार्यवाही राज्य शासन एवं राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण एनजीटी के निर्देशों के अनुपालन में पर्यावरण संरक्षण एवं प्लास्टिक अपशिष्ट नियंत्रण की दृष्टि से की गई। राहुल सिलाडिया एसडीएम रघुराजनगर सौरभ मिश्रा तहसीलदार रघुराजनगर नगर निगम की टीम प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की टीम मौजूद रही।

**सार्वजनिक अपील :** प्रशासन सभी दुकानदारों व्यापारियों एवं नागरिकों से सिंगल यूज़ प्लास्टिक का उपयोग न करने की अपील करता है तथा पर्यावरण-सुरक्षा एवं स्वच्छता मिशन में सक्रिय सहयोग की अपेक्षा करता है।

# पीएम श्री हाई स्कूल पाला में गुरु पूर्णिमा महोत्सव आयोजित

**जागरण, अमदरा ।** मध्य प्रदेश स्कूल शिक्षा विभाग भोपाल के निर्देशानुसार पीएम श्री शासकीय हाई स्कूल पाला में दो दिवसीय गुरु पूर्णिमा महोत्सव का आयोजन किया गया द्य प्रथम दिवस प्रार्थना सभा के दौरान शिक्षकों ने गुरुकुल पद्धति एवं गुरु पूर्णिमा के बारे में बच्चों को जानकारी दी तथा विद्यार्थियों ने निबंध लेखन में भाग लिया द्य द्वितीय दिवस क्षेत्र के जानेमाने सेना निवृत्त शिक्षक नरेंद्र पांडेय जी एवं देवेंद्र द्विवेदी के द्वारा बच्चों को गुरुकुल व्यवस्था अनुशासन कर्तव्य निष्ठा गुरु सम्मान तथा सत्यवादिता आदि पर प्रेरक मार्गदर्शन दिया गया द्य इस अवसर पर संस्था की प्राचार्य डॉ प्रदीप कुमार त्रिपाठी ने बच्चों को उनके उज्जवल भविष्य के लिए उन्हें पूरे लगन एवं ईमानदारी से अपने पढ़ाई में लगने हेतु प्रेरित किया द्य कार्यक्रम में बच्चों ने गीत कविता नृत्य आदि के द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दी जिनकी सभी ने प्रशंसा की द्य कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य ने अतिथि विभूतियों का श्रीफल तथा शॉल के माध्यम से सम्मान किया तथा बच्चों का प्रसाद वितरित किया गया कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के शिक्षक रोहिणी पांडेय ने किया तथा इस अवसर पर स्टाफ सदस्य चित्रांश श्रीवास्तव अतुल पांडे दिनेश परिहार तथा मयंक पयासी उपस्थित रहे ।



# जिला सलाहकार समिति की बैठक में आनलाइन प्राप्त आवेदनों पर चर्चा

**जागरण, सतना ।** गर्भधारण प्रसव पूर्व निदान तकनीक पीसी एण्ड पीएनडीटी के तहत जिला सलाहकार समिति की आयोजित बैठक में आनलाइन प्राप्त 7 आवेदनों पर चर्चा की गई। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ एलके तिवारी की अध्यक्षता में संपन्न बैठक में जिला सलाहकार समिति के पदेन सदस्य जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला बाल विकास राजीव सिंह जिला जनसम्पर्क अधिकारी राजेश सिंह स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ अंजू सिंह प्रभारी जिला अभियोजन अधिकारी वसीम शेख समिति के सामाजिक सदस्य श्रीमती रेखा सिंह अंजना तिवारी प्रभात त्रिपाठी भी उपस्थित रहे।

जिला सलाहकार समिति की बैठक में गर्भधारण एवं प्रसूति पूर्व निदान तकनीक लिंग चयन प्रतिषेध अधिनियम के अंतर्गत निजी अस्पतालों द्वारा सोनोग्राफी सेंटर संचालन के लिए प्राप्त आनलाइन कुल 7 आवेदनों के संबंध में चर्चा की गई। समिति की बैठक में तय किया गया कि आवेदनों में प्राप्त आवश्यक अभिलेख और पात्रता के संबंध में सूक्ष्म परीक्षण कर सभी सुसंगता दस्तावेजों के साथ जिला सलाहकार समिति के समक्ष परीक्षण कर अनुमोदन के लिए रखा जाये। जिस पर अगली बैठक में विचार कर पात्रता के अनुरूप अनुमोदन किया जा सके।



जिला सलाहकार समिति की बैठक में नवीन सदस्यों श्रीमती रेखा सिंह अंजना तिवारी प्रभात त्रिपाठी के परिचय स्वागत के उपरांत जिले में पीसी एण्ड पीएनडीटी अधिनियम के प्रभावी और सुचारू क्रियान्वयन तथा अधिनियम के प्रति जागरूकता लाने प्रचार-प्रसार किये जाने पर भी चर्चा की गई। सोनोग्राफी सेंटर संचालन संबंधी अधिनियम के तहत जिला सलाहकार समिति को प्राप्त सभी आवेदनों पर निर्धारित अर्हताओं का परीक्षण एवं संस्था का स्थल निरीक्षण किये जाने का निर्णय लिया गया। नवीन सदस्यों को समिति की कार्य विधि जानने पीसी एण्ड पीएनडीटी के नियम निर्देश एवं अधिनियम के बारे में साहित्य भी उपलब्ध किये जाने के निर्देश संबंधित समिति के नोडल अधिकारी को दिये गये।

# नाबालिग से दुष्कृत्य के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल



**जागरण, सतना।** नाबालिग से दुष्कर्म करने वाले आरोपी को अमदरा टीआई रेनू मिश्रा ने गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है जहां से उसे जेल भेज दिया गया है ।यह कार्यवाही एसपी सुधीर कुमार अग्रवाल के निर्देशन में थाना प्रभारी अमदरा निरीक्षक रेनू मिश्रा एवं उनकी टीम द्वारा की गई है ।

### ये है विवरण

थाना अमदरा क्षेत्र अंतर्गत निवासरत नाबालिक के साथ ग्राम पलौहा निवासी 20 वर्षीय युवक द्वारा गलत कृत्य किए जानें के बाद पीड़िता गर्भवती हो गई थी । डर के कारण पीड़िता ने किसी को यह बात नहीं बताई थी ।पीड़िता के पेट में अक्सर दर्द बने रहने पर जब परिजन उसे उपचार हेतु कटनी अस्पताल ले गए तो उन्हें पीडिता के गर्भवती होने की जानकारी हुई। जिसके बाद पीड़िता के परिजनों के द्वारा पुलिस में रिपोर्ट की गई। पुलिस अधीक्षक मैहर सुधीर अग्रवाल के निर्देश पर तत्परतापूर्वक कार्यवाही करते हुए अमदरा पुलिस के द्वारा 12 जुलाई को आरोपी युवक को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया है । निरी रेनू मिश्रा सहित अन्य की सराहनीय भूमिका रही ।

# अमरपाटन पुलिस ने पशुक्रूरता अधिनियम के तहत की कार्यवाही

## पशुओं को ढोने में प्रयुक्त पिकअप वाहन जब्त

**जागरण, सतना।** पशु क्रूरता अधिनियम के तहत अमरपाटन टीआई के पी त्रिपाठी द्वारा कार्यवाही कर पिकअप जब्त किया गया है ।यह कार्यवाही एसपी सुधीर अग्रवाल के निर्देशन में थाना प्रभारी अमरपाटन के पी त्रिपाठी एवं सहयोगी टीम द्वारा की गई कार्यवाही

### ये है विवरण

11 जुलाई को स उ नि अनिल त्रिपाठी को मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि कुछ पशुओ को लेकर एक पिकअप वाहन क्रमांक एमपी 19 जेड एम 3926 नादान टोला से अमरपाटन होते हुए सतना तरफ जा रही है सूचना पर स्टाफ को लेकर खरमसेड़ा मोड पर पहुंच कर चेकिंग की गई तो एक पिकअप वाहन दूर से आते दिखाई दिया । हमाराह स्टाफ की मदद से रुकवा कर चेक किया गया तो वाहन में सात नग भैंस पाई गई जिन्हें क्रूरता पूर्वक ठूस ठूस कर भरा गया था वाहन चालक एवं एक अन्य व्यक्ति के कब्जे से कोई वैध दस्तावेज न होने पर पिकअप वाहन एवं सात नग भैंसों कुल कीमत लगभग 12 लाख को जप्त कर पंचनामा कार्यवाही की जाकर पशु क्रूरता अधिनियम के तहत अपराध दर्ज किया गया है ।



### ये है आरोपी

आफरीन खान पिता एक लाख हुसैन उमर 24 वर्ष निवासी गढ़िया टोला थाना सिविल लाइन जिला सतना विनय साकेत पिता हीरालाल साकेत उम्र 32 वर्ष निवासी ग्राम खूंटी गली नंबर 2 थाना सिटी कोतवाली सतना आरोपी है । निरी केपी त्रिपाठी सहायक उप निरीक्षक अनिल त्रिपाठी सहायक उप निरीक्षक राजू निपाने प्रधान आरक्षक विजय शर्मा आरक्षक सुरजीत सिंह आरक्षक संतोष राय की सराहनीय भूमिका रही ।

# एकेएस में कृत्रिम बुद्धिमत्ता के साथ शिक्षकों को सशक्त बनाना विषय पर एक सप्ताह का फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम

**जागरण, सतना।** फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम का आयोजन किया गया ।कार्यक्रम का उद्देश्य शिक्षकों को आधुनिक एआई उपकरणों के साथ प्रशिक्षित करना था ताकि वे शिक्षण,अधिगम और शोध के क्षेत्र में तकनीकी दक्षता प्राप्त कर सकें। कार्यक्रम का संचालन कंप्यूटर साइंस संकाय के डीन प्रो अखिलेश ए वाओ के मार्गदर्शन में और विनय कुमार द्विवेदी के समन्वयन में किया गया ।एफडीपी का उद्घाटन प्रोअखिलेश ए वाऊ डीन फैकल्टी ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी तथा एकेएस विश्वविद्यालय के प्रोचांसलर अनंत कुमार सोनी के द्वारा संपन्न हुआ। सप्ताह भर चले इस कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के शिक्षकों ने सक्रिय भागीदारी निभाई। प्रत्येक दिन 3 से 4 विशेषज्ञ सत्र आयोजित किए गए जिनमें शिक्षकों को नवीनतम एआई टूल्स की जानकारी दी गई और उनका व्यावहारिक प्रशिक्षण भी प्रदान किया गया। विशेषज्ञ वक्ताओं में डॉ श्रवण प्यासी डॉ पिंकी शर्मा,शंकर बेरा अमन आर्य बृजेश सोनी ओमेंद्र तिवारी,अनुराग गर्ग ज्योति द्विवेदी स्मिता गुप्ता,अनुराग तिवारी, विनय कुमार द्विवेदी शामिल रहे। मुख्य विषय एवं टूल्स जिन पर सत्र हुए उनमें चैटजीपीटी, डीपसीक एआई क्विलबॉट नोटबुकएलएम गामा एआई स्लाइडजीओ एडुटोर एआई कैनवा साइंसस्पेस ग्रोकएआई, गूगल एआई स्टूडियो पेपरपाल ग्रामरली आदि। समापन समारोह में विश्वविद्यालय के डायरेक्टर अमित सोनी एवं कुलपति प्रो बीएचोपाड़े ने प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान किए और कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार की पहल शिक्षकों को तकनीकी रूप से सशक्त बनाती हैं ।यह कार्यक्रम शिक्षकों के लिए एक ज्ञानवर्धक एवं प्रेरणादायक मंच सिद्ध हुआ जिसमें उन्होंने कृत्रिम बुद्धिमत्ता के नवीनतम प्रयोगों से अवगत होकर उन्हें अपने शिक्षण एवं अनुसंधान में समाहित करने की दिशा में कदम बढ़ाया।



# पहले की शराब पार्टी, फिर चाकू घोंपकर कर दी हत्या

**जागरण,रीवा।** मैहर जिले के ताला में चाकू घोंप कर युवक की हत्या किए जाने का सनसनीखेज मामला प्रकाश में आया है। घटना शुक्रवार की सुबह तकरीबन 11.30 बजे ताला थाना क्षेत्र के ग्राम बदरखा में हुई। यहां बारिश के बीच दो दोस्त आपस में बैठकर शराब पार्टी कर रहे थे, तभी उनके बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया। इसी दौरान एक दोस्त ने दूसरे दोस्त पर चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। अचानक हुए इस हमले में घायल युवक को परिजनों द्वारा आनन-फानन में संजय गांधी अस्पताल लाया गयाए जहां उसकी उपचार के दौरान मौत हो गई। घटना के संबंध में मृतक के परिजनों ने जानकारी देते हुए बताया कि ग्राम बदरखा स्थित दिगौरी निवासी शिवनारायण उर्फ दोष तिवारी अपने साथी साहिल खान के साथ घर में ही बैठकर शराब पार्टी कर रहा था, जिस दौरान उनके बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया और तभी साहिल ने शिवनारायण के ऊपर चाकू से हमला कर दिया। बताया गया कि आरोपी ने युवक के गले में चाकू से तीन वार किए, जिसके चलते घायल की रीवा के संजय गांधी अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। इधर घटना के बाद आरोपी मौके पर ही चाकू और बाइक छोड़कर फरार हो गया है। फिलहाल चाकू के हमले से घायल हुए युवक की हुई मौत के बाद सूचना ताला थाना पुलिस को दी गई है ।



# भारत को विश्व गुरु के पद पर स्थापित करना होगा : सनकादिक महराज



## तपोस्थली चित्रकूट में संत महात्माओं का पूजन-अर्चन कर प्राप्त किया आशीर्वाद

जागरण, रीवा। गुरु पूर्णिमा का पावन पर्व जिले भर में उल्लास और श्रद्धा के साथ मनाया गया। गुरु-शिष्य की सनातन परम्परा का पालन करने का भारी उत्साह देखा गया। दूर-दराज रहने वाले गुरुओं का दर्शन पाने शिष्य लालायित रहे। गुरु पूजन कर उनका आशीर्वाद लिया। गुरुओं ने अपने आशीर्वचन में देश-विश्व व समाज के साथ शिष्यों के कल्याण की मंगलकामना की। अंतर्राष्ट्रीय अधिवक्ता दिवस संघर्ष परिषद एवं सरपंच महा परिषद के अध्यक्ष ब्रह्मांशी पंडित राज कुमार सिंह तिवारी ने बताया कि हजारों शिष्यों द्वारा गुरु पूर्णिमा के पावन पुनीत अवसर पर सनकादिक तपोवन आश्रम श्रीधाम चित्रकूट में गुरु पूर्णिमा बड़ी धूमधाम से मनाते हुए सनकादिक महाराज जी सहित अनेकों संत महात्माओं का पूजन अर्चन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। उक्त अवसर पर सनकादिक महाराज ने कहा गुरु ज्ञान के स्रोत हैं। जो शिष्य को अंधकार से प्रकाश की ओर ले जा कर उसके संपूर्ण व्यक्तित्व का विकास कर मोक्ष का मार्ग प्रशस्त करते हैं । गुरु त्रिदेवों ब्रह्मा विष्णु महेश के समान हैं। व्यक्ति के पहले गुरु माता-पिता होते हैं। अतः हर व्यक्ति अपने मां-बाप एवं गुरु को संपूर्ण सम्मान देकर जीवन सफल बनाना चाहिए । हर शिष्य का यह कर्तव्य है की गुरु के ज्ञान को अपने आचरण में उतार कर सनातन संस्कृति गौरव को संपूर्ण विश्व में फैलाएं एवं भारतवर्ष को पुनः विश्व गुरु के पद पर आसीन करें। इस अवसर पर अवसर पर भागवत सिंह तिवारी ,शशि भूषण तिवारी, अतुल तिवारी ,राघव तिवारी, आनंद पाई ,सरोज पांडे, सीमा सिंह तिवारी, मंजरी सिंह तिवारी, राहुल पांडे, लालजी सिंह दुबे अधिवक्ता पांडे, मिश्रा, दिवाकर मिश्रा, रामजी, लाला,आदि हजारों संत महात्मा श्रद्धालु जन एवं भक्तगण उपस्थित रहे।

## सच्चा गुरु वही है जो जीवन को भगवत आनंद से भर दे: वल्लभाचार्य



अनन्तः श्री विभूषित पंचरसाचार्य श्रीमद् रामहर्षण देवाचार्य महाराज की तपोभूमि श्री खजुहा धाम प्रथम पीठ में अंतर्राष्ट्रीय कथा व्यास वल्लभाचार्य महाराज के सानिध्य में गुरुपूर्णिमा महोत्सव संपन्न हुआ। इस पावन अवसर पर जगह-जगह से पधारे गुरुदेव भगवान के शिष्यों द्वारा पूजा अर्चना की गई। श्री जगतगुरु भगवान ने गुरु पूर्णिमा का महत्व बताते हुए कहा कि भगवान वेदव्यास द्वारा चारों वेदों की रचना की गई थी। वेदों का सार यही है कि जीव अपने गुरु चरण के माध्यम से अपने जीवन रूपी नौका को भगवान के चरणों में समर्पित कर मोक्ष प्राप्त करे। सच्चा गुरु वही है जो अपने शिष्यों पर अंधकार से प्रकाश को विद्यमान कर उसका जीवन आनंद से भर दे। इस पावन अवसर पर महंत रसकेश्वर दास महाराज एवं वैष्णो दास महाराज तथा अखिल भारतीय राम हर्षण मंडल के पदाधिकारी सम्मिलित रहे।

## गीता का स्वाध्याय कराया



विश्व गीता प्रति. जिला इकाई द्वारा काली माता, हनुमान मंदिर रेवाखंड सोसाइटीज ललपा में गुरुपूर्णिमा महोत्सव आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि शा. उच्च माध्य विद्या क्र. 2 के प्राचार्य डॉ राजेंद्र प्रसाद मिश्र रहे। अध्यक्षता सेवानिवृत्त संयुक्त संचालक स्वास्थ्य डॉ बीएल मिश्र ने की। विशिष्ट अतिथि के तौर पर डॉ जेएल त्रिपाठी प्रेमानंद केन्द्रीय उपाध्यक्ष विश्व गीता प्रति. मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन उपेन्द्र मणि पाण्डेय सप्तो.प्रमुख महाकौशल प्रांत ने किया। रमाकांत शर्मा संयोजक महाकौशल प्रांत द्वारा गीता स्वाध्याय कराया जाकर प्रथम वक्ता के रूप में गुरुपूर्णिमा विषय पर प्रकाश डाला गया।

## समन्वय परिवार ने की गुरु वंदना




गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर समन्वय परिवार द्वारा गुरु पूर्णिमा महोत्सव श्रद्धा पूर्वक आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सनातन संस्कृति और आध्यात्म में रुचि रखने वाले समन्वय परिवार के सदस्यों ने ब्रम्हलीन स्वामी सत्यमित्रानंद गिरि की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर आरती, भजन एवं हनुमान चालीसा आदि का सामूहिक सस्वर पाठ किया। इसके पश्चात समन्वय परिवार के अध्यक्ष आरबी मिश्रा ने अपने उद्बोधन में समन्वय परिवार के कार्यक्रमों और विभिन्न गतिविधियों को बताया। संचालन सचिव केपी द्विवेदी ने एवं आभार प्रदर्शनरामकरण शर्मा द्वारा किया गया । इस अवसर पर मानस मंडल के पूर्व अध्यक्ष अनुपम तिवारी वीरेंद्र मिश्रा, डॉक्टर सीडी दुबे, उमाशंकर तिवारी, कन्हैयालाल शुक्ला, पीयूषेन्द्र त्रिवेदी, जगन्नाथ प्रसाद तिवारी, सुरेश प्रसाद पांडे ,शेषमणि मिश्रा , शिव शंकर त्रिपाठी,रामनिवास शर्मा, शिव शंकर दीक्षित,राजधर तिवारी सहित अन्य गणमान्यजन उपस्थित रहे।

## प्राचार्य डॉ शेषमणि शुक्ला का किया सम्मान

रीवा। शासकीय गोलवलकर महाविद्यालय में गुरु पूर्णिमा एवं एलुमनी मीट का आयोजन सेमिनार हॉल में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य डॉ. शेष मणि शुक्ला व उपस्थित अतिथियों एवं महाविद्यालय परिवार द्वारा किया गया। भोपाल में आयोजित राज्य स्तरीय गुरुपूर्णिमा कार्यक्रम का सीधा प्रसारण दिखाया गया।



सीधी जागरण
दैनिक जागरण रीवा 13 जुलाई 2025 www.dainikjagranmpcg.com
11 राज्य 31 संस्करण
मध्य प्रदेश ● उत्तर प्रदेश ● दिल्ली ● हरियाणा ● उत्तराखंड ● पंजाब ● जम्मू-कश्मीर ● बिहार ● झारखंड ● हिमाचल प्रदेश ● पश्चिम बंगाल से प्रकाशित

सूर्य उदय - अस्त
06.54 अस्त : आज
05.21 उदय : कल

शहर का तापमान
32.0 0 अधिकत
25.0 0 न्यूनतम



# सीधी पुलिस पर लगे सभी आरोप निकले निराधार



जागरण खुलासा

## यूट्यूबर ने वीडियो जारी कर स्वयं कही ये बातें

### पुलिस पर लगाए गए आरोपों को बताया गया भ्रामक



जागरण, सीधी

यूट्यूबर राजेश प्रताप सिंह चौहान ने चर्चित मामले में वीडियो जारी कर सीधी पुलिस पर लगे सभी आरोपों को निराधार बताया है। यूट्यूबर राजेश प्रताप सिंह चौहान एवं उसके पिता आदित्य प्रताप सिंह चौहान पिता शिवनायक सिंह चौहान निवासी ग्राम नौढ़िया, थाना जमोड़ी ने आज 12 जुलाई को अलग-अलग शपथ पत्र के साथ वीडियो जारी कर पुलिस पर लगाए गए सभी आरोपों को भ्रामक एवं निराधार बताया है। यूट्यूबर राजेश प्रताप सिंह चौहान ने अपने शपथ पत्र एवं जारी वीडियो में कहा है कि मेरे साथ पुलिस द्वारा कोई भी घटना कारित नहीं की गई थी। मैं दिनांक 5 जुलाई 2025 को नशे में था और लोगों के बहकावे में आकर मैने दिनांक 5 जुलाई 2025 को, दिनांक 12 जून 2025 की घटना बताई और मोबाइल के व्हाट्सएप के माध्यम से भ्रामक खबर फैलाई थी। जबकि मेरे साथ कभी कोई घटना नहीं हुई थी। उसके द्वारा कहा गया है कि मैं अपनी पत्नी और दोनो पुत्रियों के भविष्य को देखते हुए भविष्य में अपना चाल-चलन नेक रखूंगा और मैं समाज और पुलिस को यह विश्वास दिलाता हूं कि इस प्रकार की कभी पुनरावृत्ति नहीं करूंगा, मेरे ऊपर किसी का कोई दबाव नहीं है। मैं अपने स्वस्थ्य मन बुद्धि की दशा में अपने पिता आदित्य प्रताप सिंह के साथ उपस्थित होकर बिना किसी नाजायज दबाव व प्रलोभन के यह शपथ पत्र प्रस्तुत कर रहा हूं। यूट्यूबर राजेश प्रताप सिंह चौहान ने अपने जारी वीडियो में कहा है कि वह इस घटना के सामने आने के बाद काफी डर गया था। जिसके चलते वह अपने रिश्तेदार के यहां अभी तक था। अब वह सामने आकर मामले की सच्चाई का खुलासा कर रहा है। उधर यूट्यूबर के पिता आदित्य प्रताप सिंह चौहान ने अपने जारी शपथ पत्र एवं वीडियो में कहा है कि मेरे पुत्र राजेश प्रताप सिंह चौहान के साथ पुलिस द्वारा कोई भी घटना कारित नहीं की गई थी। दिनांक 5 जुलाई 2025 को मेरा पुत्र नशे में था और लोगों के बहकावे में आकर 12 जून की घटना बताई जाकर फेसबुक व मोबाइल के माध्यम से भ्रामक खबर फैलाई गई थी। मेरे पुत्र की पत्नी व दो पुत्रियां हैं। जिसके भविष्य को देखते हुए मेरा पुत्र भविष्य में अपना चाल-चलन नेक रखेगा और समाज और पुलिस को विश्वास दिलाता है कि वह इस प्रकार की कभी पुनरावृत्ति नहीं करेगा। उधर जानकारों का कहना है कि पुलिस को आरोपी द्वारा कुत्सित भावना के चलते निशाने पर लिया गया था। जिसके चलते सांप्रदायिक सद्भाव बिगड़ने का खतरा भी निर्मित हो गया है। फिर भी पुलिस अधीक्षक डॉ. रवीन्द्र वर्मा ने काफी सूझ-बूझ से काम लेते हुए इस मामले में लोगों के समक्ष वस्तुस्थिति को रखवाने का प्रयास किया गया था। साथ ही वरिष्ट अधिकारियों के समक्ष भी पुलिस की स्थिति को स्पष्ट करते हुए समूचे तथ्य सामने रखे गए थे। इसी वजह से आरोपी की कुत्सित भावना लोगों के समक्ष देर से ही सही सामने आ गई। पुलिस का काम लोगों की सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था की स्थिति को चाक-चौबंद बनाना है और पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में पुलिस इस पर पूरी तरह से खरी उतरती आई है।

### टीआई एवं जेलर ने वीडियो जारी कर बताई थी सच्चाई

यूट्यूबर राजेश प्रताप सिंह चौहान द्वारा फेसबुक में वीडियो जारी कर मारपीट के संबंध में जो गंभीर आरोप लगाए गए थे उसके सामने आने पर सिटी कोतवाली थाना सीधी के टीआई कन्हैया सिंह द्वारा वीडियो जारी कर घटना के संबंध में सच्चाई बताई गई थी। टीआई ने कहा था कि आरोपी राजेश प्रताप सिंह चौहान घटना दिनांक को काफी नशे की हालत में था। जिसके चलते उसको कोतवाली थाना लाया गया था। किंतु उसके साथ कोई भी मारपीट एवं अभद्रता पुलिस द्वारा नहीं की गई थी। इसके बाद भी इस मामले को कुछ लोगों द्वारा तूल देने का जिला जेल के जेलर द्वारा भी वीडियो जारी कर जब आरोपी राजेश प्रताप सिंह चौहान को जिला जेल में दाखिल कराया गया था उस दौरान बनाए गए वीडियो को जारी कर यह सच्चाई बताई गई थी कि आरोपी के साथ किसी तरह की मारपीट एवं दुर्व्यवहार नहीं किया गया था। पुलिस के दोनो अधिकारियों का वीडियो सामने आने के बाद लोगों के बीच पुलिस की स्थिति स्पष्ट बनी और यह चर्चा चलने लगी कि पुलिस को बदनाम करने के लिए आरोपी द्वारा फर्जी एवं मनगढ़ंत घटना बताकर फेसबुक में वीडियो पोस्ट किया गया है।

# निर्माणाधीन रेलवे ब्रिज के समीप गड्ढे में दो सगे भाइयों की बनी जल समाधि



## कोतवाली थाना के मझरेटी में हुई हृदयविदारक घटना

जागरण, सीधी

सिटी कोतवाली थाना अंतर्गत कुचवाही के समीप मझरेटी में निर्माणाधीन रेलवे ब्रिज के समीप गड्ढे में भरे बरसात के पानी में आज सुबह दो सगे भाइयों की जल समाधि बन गई। घटना की जानकारी मिलते ही दोनो बच्चों के शवों को बाहर निकाला गया है। मिली जानकारी के अनुसार आज सुबह करीब 10 बजे कुचवाही निवासी प्रीतम गुप्ता पिता अखिलेश गुप्ता 13 वर्ष एवं नितेश गुप्ता पिता अखिलेश गुप्ता 10 वर्ष खेलते हुए निर्माणाधीन रेलवे ब्रिज के गड्ढे के समीप चले गए थे। गड्ढे में बारिश का पानी भरा होने के कारण बच्चे समझ नहीं पाए और उसी में डूब गए। घटना की जानकारी मिलते ही लोगों की भारी भीड़ मौके पर जमा हो गई। सूचना पाकर कोतवाली पुलिस भी मौके पर पहुंची और पंचनामा कार्यवाही के पश्चात शवों को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल मर्चुरी पहुंचाया गया। इस घटना से क्षेत्रीय लोगों में काफी आक्रोश बना हुआ है। लोगों का कहना है कि रेलवे ब्रिज का जहां निर्माण कराया जा रहा है वहां निर्माण एजेंसी द्वारा न कोई सुरक्षा घेरा बनाया गया है और न ही कोई चेतावनी बोर्ड लगा है। यहां तक कि कोई निगरानी नहीं होती और न कोई बैरिकेटिंग की गई है।

### मृतक परिवार को सांत्वना देने पहुंचीं सीधी विधायक

मझरेटी में निर्माणाधीन रेलवे पुल के समीप बने गहरे गड्ढे के पानी में डूबने से दो सगे भाइयों की मौत की खबर मिलने पर सीधी विधायक श्रीमती रीती पाठक मृतक के परिजनों से मिलने मर्चुरी पहुंची और शोक जताते हुए सांत्वना प्रदान की। वहीं जनपद पंचायत सीधी अध्यक्ष धर्मेन्द्र सिंह परिहार ने भी पोस्टमार्टम के दौरान मृतक के परिजनों से मिलकर शोक संवेदना व्यक्त की। इस तरह की घटना की पुनरावृत्ति आगे न हो इसके लिए भी जन प्रतिनिधियों द्वारा त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित कराने का आश्वासन दिया गया है।

## शहर/ग्रामीण अंचल की खबरें

### यूट्यूबर राजेश सिंह के कृत्य से लेनी चाहिए सीख: विवेक

**जागरण, सीधी।** शिवसेना प्रदेश उपाध्यक्ष विवेक पाण्डेय ने कहा हाल ही में सोशल मीडिया पत्रकार राजेश सिंह ने यह स्वीकार किया है कि उन्होंने नशे की हालत और बहकावे में आकर पुलिस पर मूत्र विसर्जन पेशाब करने का झूठा आरोप लगाया था। इस घटना ने यह स्पष्ट कर दिया है कि किसी भी व्यक्ति को बिना प्रमाण के गंभीर आरोपों से आरोपित करना न केवल गलत है, बल्कि इससे समाज में भ्रम और अविश्वास फैलता है। इस प्रकार की घटनाओं से हमें यह सीख लेनी चाहिए कि किसी भी संवेदनशील विषय पर बोलने से पहले तथ्यों की पुष्टि अनिवार्य है। जब बिना सबूत के आरोप लगाए जाते हैं, तो इससे न केवल संबंधित व्यक्ति या संस्था की छवि धूमिल होती है, बल्कि आम जनता और समाजसेवी संगठनों का भरोसा भी टूटता है। ऐसी लापरवाही समाज के लिए खतरनाक हो सकती है। एक जिम्मेदार नागरिक और पत्रकार का यह कर्तव्य होता है कि वह तथ्य आधारित और निष्पक्ष रिपोर्टिंग करे। समाजसेवी संगठन और आम नागरिक तभी साथ खड़े होते हैं जब उन्हें सत्यता और न्याय पर विश्वास होता है। इस तरह की घटनाएं भविष्य में दोहराई न जाएँ, इसके लिए सभी को सतर्क और संवेदनशील रहना होगा।

### चुरहट में अभियान के तहत किये गये 100 पौधरोपण



**जागरण, सीधी।** नगर परिषद चुरहट में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत टी पार्क में आज 12 जुलाई को 10 बजे वृक्षारोपण का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य नगर पालिका अधिकारी राम अवतार पटेल, कर्मचारी, जनप्रतिनिधि और पत्रकार उपस्थित थे। इस दौरान लगभग 100 वृक्ष लगाए। मुख्य नगर पालिका अधिकारी ने बताया कि एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत रोजाना वृक्ष आज से लगाए जाएंगे। मुख्य नगर पालिका अधिकारी राम अवतार पटेल ने बताया कि एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत रोजाना वृक्ष लगाए जाएंगे। इस अभियान का उद्देश्य पर्यावरण सरंक्षण को बढ़ावा देना है। नगर परिषद चुरहट की यह पहल पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने और समुदायों को जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। इस अभियान के तहत विभिन्न प्रकार के वृक्ष लगाए जाएंगे जो पर्यावरण के लिए लाभदायक होंगे।

### 2 लाख से ज्यादा लाड़ली बहनों के खाते में पहुंची राशि

**जागरण, सीधी।** जिला कार्यक्रम अधिकारी प्रवेश मिश्रा ने बताया कि मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना अंतर्गत जिले में 2 लाख 9 हजार 796 पात्र हितग्राहियों के खाते में राशि अंतरित की गई है। मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के अन्तर्गत जनपद पंचायत कुसमी में 17 हजार 404 महिलाओं, जनपद पंचायत मझौली में 29 हजार 220, जनपद पंचायत रामपुर नैकिन में 44 हजार 128, जनपद पंचायत सीधी में 54 हजार 630 तथा जनपद पंचायत सिहावल में 51 हजार 584 महिलाओं के खाते में 1250 रूपये के मान से राशि अंतरित की गई। कार्यक्रम में ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं के साथ ही नगरीय क्षेत्र की महिलाओं को भी लाभांवित किया गया। इसमें नगर पालिक सीधी में 06 हजार 157, नगर परिषद चुरहट में 02 हजार 433, नगर परिषद मझौली में 02 हजार 95 तथा नगर परिषद रामपुर नैकिन में 2 हजार 145 महिलाओं के खाते में 1250 रूपये प्रत्येक महिला के मान से राशि अंतरित की गई।

### अतिवर्षा के दृष्टिगत नदी-नालों, पुलों के जांच के निर्देश

**जागरण, सीधी।** सीधी एवं आस-पास के अन्य जिलों में अत्यधिक वर्षा के कारण नदियों/नालों में बाढ़ की स्थिति निर्मित हो रही है। आमजन एवं वाहनों के आवागमन में कोई समस्या न हो इसके लिये जिला अंतर्गत समस्त नदी/नालों पर निर्मित पुलों का भौतिक रूप से जांच कराया जाना आवश्यक है। अपर जिला दण्डाधिकारी ने आदेश जारी कर संबंधित क्षेत्र के उपखण्ड दण्डाधिकारी की अध्यक्षता में जांच दल गठित कर निर्देशित किया है कि जिला अंतर्गत समस्त नदी/नालों पर निर्मित पुलों को संयुक्त रूप से जांच करें एवं दिनांक 14 जुलाई 2025 को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित टीएल बैठक में दल सहित उपस्थित होकर जानकारी प्रस्तुत करें। जारी आदेशानुसार संबंधित उपखण्ड दण्डाधिकारी दल के अध्यक्ष होंगे। इसी प्रकार संबंधित अनुविभागीय अधिकारी पुलिस, संबंधित तहसीलदार, संबंधित अनुविभागीय अधिकारी ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, संबंधित अनुविभागीय अधिकारी लोक निर्माण विभाग एवं संबंधित थाना प्रभारी दल के सदस्य होंगे।

## जेपी निगरी में सुरक्षा सप्ताह का किया गया आयोजन




**जागरण, सीधी।** जेपी निगरी सुपर थर्मल पॉवर प्लांट द्वारा हर वर्ष की भाँति इस वर्ष भी 5 जुलाई से 11 जुलाई तक सिंगरौली सुरक्षा सप्ताह का आयोजन किया गया। जिसमें 11 जुलाई 2025 को सुरक्षा सप्ताह के समापन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एमवीआर रेडडी, सी.ओ.पी. द्वारा विजयी 33 उम्मीद्वारों को पुरस्कार प्रदान कर सिंगरौली सुरक्षा सप्ताह का समापन किया गया। एम.वी.आर. रेडडी ने अपने संबोधन में कहा कि काम में कहीं न कहीं त्रुटी रह जाती है जिससे दुर्घटना होती है, सुरक्षा के नियमों को बाइपास न करें, दुर्घटना को कैसे रोकें, इससें सभी की भागीदारी एवं जिम्मेंदारी है। काम शुरु करने के पहले 10 मिनट काम के खतरों के बारे में सोचें और मिटिगेशन प्लांन सोंच कर कार्य करने से 90 प्रतिशत काम सही तरिके से होगें एवं चलता है वाले सिस्टम कि सोंच को बदलें। सुरक्षा विभाग के श्री निखिल तिवारी, स. प्रबंधक संरक्षा ने 5 जुलाई से 11 जुलाई तक सुरक्षा के प्रति जागरूक्ता के लिए किए गये कार्यक्रमों तथा प्रतियोगिताओं की जानकारी दी जिसमें सुरक्षा विभाग द्वारा सेफ्टी पोस्टर प्रतियोगिता, सेफ्टी स्लोगन प्रतियोगिता, नो योर पी.पी.ईज प्रतियोगिता, अंतर विभागीय हाऊस कीपिंग प्रतियोगिता तथा कार्यस्थल पर ही ऑन द स्पाट आई.एम.एस./सेफ्टी क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें 343 प्रतिभागियों ने भाग लिया एंव सुरक्षा के प्रति अपनी जागरूक्ता को प्रदर्शित किया। 8 जुलाई को ऑन द स्पाट आई.एम.एस./सेफ्टी क्विज प्रतियोगिता में कार्यस्थल पर ही 80 विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। 11 जुलाई को विभिन्न प्रतियोगिता में विजयी 33 उम्मीदवारों को मुख्य अतिथि एम.वी.आर. रेडडी, सी.ओ.पी. द्वारा पुरस्कार प्रदान किया गया। इस कार्यक्रम में डी.के. सिंह, वरिष्ठ उपाध्यक्ष ओ एण्ड एम., नवीन तिनगुरिया, उपाध्यक्ष (ई एण्ड आई.), ए.के. सिंह उपाध्यक्ष (ब्यॉलर एवं टरबाइन), यतीन्द्र खरे, उपाध्यक्ष (मानव संसाधन एंव समन्वय), बी.के झा, उपाध्यक्ष (स्टोर एंव परचेज), वी.एस. पाण्डेय, वरिष्ठ महाप्रबंधक (मैकेनिकल), एम. मुरलीकृष्णा (प्लांट हेड पॉवरमेक), अरून कुमार उपाध्याय, सहायक महाप्रबंधक संरक्षा, निखिल तिवारी, स. प्रबंधक संरक्षा, व उनकी टीम के अलावा सभी जेपी प्लांट के वरिष्ठ अधिकारीगण व संविदाकार के प्रमुख एवं श्रमिकगण उपस्थित रहे।

## महान की फूटी नहर, खेतों में भरा लबालब पानी



**जागरण, सीधी।** शहर के समीपी महान मुख्य नहर के फूट जाने से समीपी क्षेत्रों के खेत पानी से लबालब भर गये हैं। वहीं नहर का पानी हिरन नदी के साथ ही समीपी मूड़ी तालाब के आसपास भी तेजी से जमा हो रहा है। जिसके चलते हिरन नदी में तेजी से पानी का बहाव बना हुआ है। साथ ही मूड़ी तालाब की मेढ़ों के फूटने का खतरा भी बढ़ गया है। हैरत की बात तो यह है कि दो दिनों से महान की मुख्य नहर के फूटने के बाद भी विभागीय अधिकारियों द्वारा पानी के बहाव को बंद कराने की जरूरत नहीं समझी गई। जिसके चलते काफी तबाही होने की आशंकायें बढ़ गई हैं। तत्संबंध मे मूड़ी क्षेत्र के किसानों का कहना है कि बारिश के अलावा महान मुख्य नहर का पानी भी उनके खेतो में लगातार आने के कारण वह खरीफ सीजन में फसलों की बोनी कैसे कर पायेंगे इसको लेकर भी गंभीर संकट निर्मित हो गया है।

## गुरुकुल कन्या उमावि सेमरिया की जर्जर भवन में पढ़ने को मजबूर छात्राएं



**जागरण, सेमरिया।** सेमरिया क्षेत्र के शासकीय गुरुकुल कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की स्थिति अत्यंत दयनीय है। 33 वर्ष पुराना यह विद्यालय भवन जर्जर हो चुका है और कभी भी क्षतिग्रस्त हो सकता है। बावजूद इसकेए विद्यालय में कक्षा एक से लेकर 12वीं तक की पढ़ाई जारी है, जिसमें लगभग 200 छात्राएं अध्ययनरत हैं। विद्यालय में भवन की स्थिति बद से बदतर हो चुकी है। टीन सेट में कक्षाएं जर्जर स्थिति में हैं और बारिश के दिनों में पानी भर जाता है, जिससे छात्रों और शिक्षकों को भारी परेशानी होती है। प्राचार्य ने विभागीय अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों से विद्यालय भवन निर्माण की मांग की हैए लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। विद्यालय की छात्राओं को बैठने के लिए पर्याप्त कक्षाएं नहीं हैं। जर्जर टीन सेट के नीचे पढ़ाई करने को छात्राएं मजबूर हैं। प्राचार्य ने बताया कि विद्यालय में पर्याप्त शिक्षक और छात्र हैंए लेकिन भवन की कमी के कारण पढ़ाई प्रभावित हो रही है। विद्यालय की भवन एक गंभीर मुद्दा है, जिस पर तत्काल ध्यान देने की आवश्यकता है। सरकार और विभागीय अधिकारियों को चाहिए कि वे विद्यालय के भवन निर्माण के लिए आवश्यक कदम उठाएं ताकि छात्रों को सुरक्षित और सुविधा युक्त शिक्षा प्रदान की जा सके। मेरे द्वारा शिक्षा विभाग के अधिकारी एवं जिला कलेक्टर, सीधी सांसद, सीधी विधायक से अपील है कि शासकीय गुरुकुल कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सेमरिया को भवन मुहैया कराई जाए ताकि छात्रों को पढ़ाई में किसी प्रकार की कठिनाइयों का सामना न करना पड़े। इस बात की जानकारी अधिकारी कर्मचारी एवं पार्टी के वरिष्ठ नेताओं को देंगे ताकि इस विद्यालय को भवन मुहैया हो सकें पूरा प्रयास करूंगी। उच्च न्यायालय जबलपुर के वरिष्ठ अधिवक्ता विधि पूजन द्विवेदी ने कहा है कि शासकीय गुरुकुल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सेमरिया मेरे जानकारी में है यह बहुत पुरानी विद्यालय है इसमें शिक्षक छात्र तो है लेकिन भवन नहीं है हमारी विभाग की वरिष्ठ अधिकारी एवं सत्ता पक्ष के नेताओं से अपील है कि इस विद्यालय को भवन उपलब्ध कराई जाए। सेमरिया मंडल अध्यक्ष राजेश द्विवेदी ने कहा है कि शासकीय गुरुकुल कन्या विद्यालय सेमरिया बहुत पुरानी विद्यालय है इस विद्यालय में भवन नही अपने वरिष्ठ पार्टी के आदरणीय नेताओं से इस विषय पर बात करेंगे और भवन मुहैया कराने के प्रयास करूंगा। ग्राम पंचायत झगरहा के सरपंच निशा संजय पाण्डेय ने बताया है कि गुरुकुल विद्यालय में छात्र एवं शिक्षक पर्याप्त है लेकिन भवन नहीं है। इस बात की जानकारी अभी हाल ही में सीधी विधायक को मेरे द्वारा दी गई है।

### जिले में औसत वर्षा 551.6 मि.मी. दर्ज

**जागरण, सीधी।** अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया कि 12 जुलाई को सीधी जिले में 132.7 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है। तहसील रामपुर नैकिन में 189.0 मि.मी., चुरहट में 170.0 मि.मी., गोपद बनास में 186.8 मि.मी., सिहावल में 113.4 मि.मी., बहरी में 125.6 मि.मी., मझौली में 84.0 मि.मी. और कुसमी में 60.3 मि.मी. वर्षा हुई है। उल्लेखनीय है कि जिले में अब तक 551.6 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज हुई है। 1 जून से 12 जुलाई तक तहसील सिहावल में सर्वाधिक वर्षा 664.6 मि.मी. दर्ज की गई है। तहसील रामपुर नैकिन में 454.0, चुरहट में 495.0, गोपद बनास में 496.8, बहरी में 588.7 मझौली में 625.0 मि.मी. और कुसमी में 537.0 मि.मी. औसत वर्षा हुई है जबकि गतवर्ष इसी अवधि में जिले में 162.6 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज हुई थी। गतवर्ष की तुलना में इस वर्ष 389.0 मि.मी. औसत वर्षा अधिक हुई है।






# बघवार मुख्य नहर की नवनिर्मित पुल तेज बारिश में धराशाई

## रीवा-शहडोल मार्ग में सड़क बनते ही बघवार में धराशाई

### एमपीआरडीसी की देख-रेख में गाबर कांस्ट्रेक्शन कंपनी ने बनाई थी सड़क



जागरण, सीधी

बाणसागर बघवार मुख्य नहर में नवनिर्मित पुल पहले ही दिन तेज बारिश में धराशाई हो गई। पुल के धराशाई होने से आवागवन पूरी तरह से अवरुद्ध हो चुका है। प्रशासन द्वारा इस मार्ग में चलने वाले वाहनों को वैकल्पिक मार्ग से निकलने की व्यवस्था बनाई गई है। वहीं तेज बारिश में रीवा-शहडोल मार्ग की नवनिर्मित सड़क भी बघवार के पास धराशाई हो गई। बारिश में सड़क के परखच्चे जगह-जगह उड़ गए हैं। वहीं कई स्थानों पर यह सड़क नीचे धसक जाने से गड्ढे भी निर्मित हो गए हैं। उक्त सड़क का निर्माण कार्य एमपीआरडीसी की देख-रेख में गाबर कांस्ट्रक्शन कंपनी द्वारा कराया गया था। क्षेत्रीय लोगों का कहना है कि रीवा-शहडोल मार्ग के निर्माण के दौरान ही गुणवत्ताविहीन सामग्री का उपयोग करने एवं आनन-फानन में डामरीकरण का कार्य कराने की शिकायतें हो रही थी। फिर भी एमपीआरडीसी के जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा इसको पूरी तरह से नजर अंदाज कर दिया गया है। एमपीआरडीसी के इंजीनियरों द्वारा घटिया निर्माण कार्य होने के बाद भी गाबर कांस्ट्रक्शन कंपनी को भुगतान लगातार कराने का सिलसिला जारी रखा गया। इसी वजह से पहली तेज बरसात में ही नवनिर्मित करोड़ों की सड़क की गुणवत्ता सामने आ गई है। तेज बारिश में सड़क के जगह-जगह से परखच्चे उड़ने एवं गड्ढे होने की शिकायत मिलने पर एमपीआरडीसी द्वारा अभी तक मौके पर जांच कार्यवाही एवं क्षतिग्रस्त सड़क की मरम्मत कराने की जरूरत नहीं समझी गई है। ऐसे में यदि तेज बारिश फिर हुई तो सड़क और भी ज्यादा क्षतिग्रस्त होगी।



### बाणसागर मुख्य बांध के सात रेडियल गेट खुले

तेज बारिश में बाणसागर मुख्य बांध के जल स्तर में लगातार वृद्धि होने के कारण आज दोपहर 1 बजे से 7 रेडियल गेटों को जल निकासी के लिए खोल दिया गया है। ऐसे में सोन नदी में जल स्तर और तेजी के साथ बढ़ेगा। सोन नदी में जल स्तर लगातार बढ़ रहा है। पूर्व से ही सोन नदी तेज बारिश के चलते काफी उफान में है। बाणसागर मुख्य बांध के सात रेडियल गेटों को फिर से खोल देने के बाद सोन नदी का जल स्तर और तेजी के साथ बढ़ना शुरू हो जाएगा। तत्संबंध में दी गई प्रशासनिक जानकारी के अनुसार मुख्य अभियंता गंगा कछार के निर्देशानुसार बाणसागर मुख्य बांध का दिनांक 12 जुलाई 2025 को जल स्तर 339.70 मीटर एवं 3193 क्यूमेक्स के जल की आवक को देखते हुए आज दोपहर 1 बजे से 7 रेडियल गेटों को जल निकासी हेतु खोल दिया गया है। ऐसे में सोन नदी के आसपास के इलाकों में भी पानी की स्तर बढ़ने की संभावना निर्मित हो चुकी है। जल्द ही सोन नदी का जल स्तर तेजी से बढ़ेगा।

# जिले की एक लाख 82 हजार 263 लाडली बहनों को मिली सहायता राशि



**जागरण, पन्ना।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शनिवार को उज्जैन के नलवा ग्राम से मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना की लाभार्थी महिलाओं को वर्तमान जुलाई माह की मासिक सहायता राशि का सिंगल क्लिक के जरिए बैंक खाते में अंतरण किया। साथ ही सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग की 11 विभिन्न योजनाओं तथा प्रधानमंत्री उज्जवला योजना श्रेणी की लाडली बहनों को भी सिलेंडर रीफिलिंग की राशि अंतरित की। इस अवसर पर कलेक्ट्रेट स्थित एनआईसी कक्ष में जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिला कार्यक्रम अधिकारी अवधेश कुमार सिंह सहित महिला एवं बाल विकास विभाग के परियोजना अधिकारी एवं सेक्टर पर्यवेक्षक, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता तथा लाडली बहनों ने कार्यक्रम में सहभागिता की। मुख्यमंत्री के मुख्य आतिथ्य में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम को उपस्थितजनों द्वारा लाइव टेलीकास्ट के माध्यम से देखा गया एवं मुख्यमंत्री के उद्बोधन को सुना गया। ग्राम पंचायतों एवं नगरीय क्षेत्र के वार्डों में भी लोगों ने उत्साहपूर्वक राज्य स्तरीय राशि वितरण के कार्यक्रम को सीधा प्रसारण के माध्यम से देखा एवं सुना। पन्ना जिले की एक लाख 82 हजार 263 लाडली बहनों को 22 करोड़ 30 लाख रूपए की सहायता राशि मिली, जबकि सामाजिक सुरक्षा पेंशन के एक लाख 2 हजार 274 हितग्राहियों को 6 करोड़ 13 लाख रूपए और 37 हजार 863 बहनों को 35 लाख 69 हजार रूपए की रीफिलिंग राशि प्राप्त हुई।

# जिले में 36 अटल पंचायत भवनों का निर्माण कार्य जारी

**पन्ना।** शासन द्वारा पन्ना जिले के लिए दो चरणों में स्वीकृत अटल पंचायत भवनों में से 36 पंचायत भवनों का निर्माण कार्य निर्बाध रूप से जारी है। अजयगढ़ विकासखण्ड की ग्राम पंचायत धरमपुर में सर्वसुविधायुक्त अटल पंचायत भवन बनकर तैयार हो चुका है, जबकि 16 पंचायत भवन भी अतिशीघ्र बनकर तैयार हो जाएंगे। प्रथम चरण में स्वीकृत समस्त 28 पंचायत भवन निर्माणाधीन हैं, जबकि द्वितीय चरण में स्वीकृत 14 पंचायत भवन में से 8 का कार्य प्रारंभ हो चुका है। प्रथम चरण में पन्ना विकासखण्ड की ग्राम पंचायत गहरा, ललार, सिरस्वाहा, बृजपुर, मनकी और बिलखुरा में अटल पंचायत भवन स्वीकृत किया गया था। इसी तरह अजयगढ़ विकासखण्ड की ग्राम पंचायत बहिरवारा, बरियारपुर कुर्मियान, कुंवरपुर, कटर्रा, मकरी, धरमपुर एवं आरामगंज, गुनौर विकासखण्ड की ग्राम पंचायत नयागांव, जैतूपुरा, पटनातमोली एवं सलेहा, पवई विकासखण्ड की ग्राम पंचायत सिरसी, कोलकरहिया, कोनी, चिखला, महोड़, बिरासन और गनियारी तथा शाहनगर विकासखण्ड की ग्राम पंचायत महाराजगंज, खमरिया हरदुआ, जमुनिया एवं महिलवारा में पंचायत भवन स्वीकृत किए गए थे। द्वितीय चरण में अजयगढ़ विकासखण्ड की ग्राम पंचायत नारायणपुर, नयागांव, लोढ़ापुरवा एवं देवराभापतपुर, गुनौर विकासखण्ड की ग्राम पंचायत पगरा, सरहंजा, बरौहा, कटकहा एवं कमताना, पन्ना विकासखण्ड की ग्राम पंचायत गजना तथा पवई विकासखण्ड की ग्राम पंचायत गढ़ीकरहिया, तिल्ली, देवरा और राजपुर में पंचायत भवन स्वीकृत किए गए हैं।

## अभी तक पाठ्य-पुस्तकें ही नहीं हुई वितरित

**जागरण, रीवा।** जिले सहित शहर में साक्षरता दर बढ़ाने शिक्षा प्रशासन द्वारा द्वारा हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं, ताकि साक्षरता दर शत-प्रतिशत बढ़ाई जा सके, लेकिन सरकारी नुमाइंदे ही शिक्षा प्रशासन की इस मंशा को पूर्ण होने में बाधक बन रहे हैं। शासन द्वारा शासकीय स्कूल में पढ़ने वाले विद्यार्थियों को निःशुल्क पाठ्य-पुस्तक, मध्याह्न भोजन, गणवेश, छात्रवृत्ति वितरण की जा रही है, जिससे अधिक से अधिक बच्चे शिक्षा ग्रहण करें, किन्तु जिला मुख्यालय से सटे ग्रामों की स्थिति यह है कि अभी तक स्कूलों में पाठ्य-पुस्तकें ही नहीं पहुंची, स्कूल आने वाले विद्यार्थी पाठ्य-पुस्तक बिना ही विद्याध्ययन करने को मजबूर हैं।

**MADHYA PRADESH RURAL ROAD DEVELOPMENT AUTHORITY**
(An Agency of Panchayat & Rural Dev. Department, Govt. of M.P.)
3rd Floor, Vikas Bhawan, Arera Hills, Bhopal (M.P.)
(GST No. 23AAATM9054A3ZX)
No./8299/22/D-12/NIT-Maint./2025 Bhopal, Dated : 11.07.2025

**NOTICE INVITING TENDER No. 355/MTN/2025 (Flood Damage-SR)**

Online Tenders for the following works are invited on the E-Procurement System portal **https://mptenders.gov.in** as detailed below:-
- **SSR Applicable : SSR issued by M.P Rural Road Development Authority effective from 01.01.2024 and amendments upto issue date of NIT.**
- **Name of Work : Special Repair of Roads/Culverts (Flood Damage)**

| S. No. | Name of District | No. of Packages | Total PAC (in Rs.) |
|---|---|---|---|
| 1. | Betul | 1 | 4103135.00 |
| 2. | Guna | 3 | 1964596.00 |
| 3. | Raisen | 2 | 8325235.00 |
| 4. | Sehore | 1 | 3408117.00 |
| 5. | Umaria | 1 | 6328415.00 |
| 6. | Singrauli | 1 | 4614366.00 |

1. Tender document can be purchased only online from the above website from **15.07.2025 from 17:30 hrs.** and last date for online bid submission **is 30.07.2025 (17:00 hrs.).**
2. Other Critical dates and details can be viewed in the detailed N.I.T. and tender document on the above-mentioned portal and concerned PIU.

MPM/121054/2025 CHIEF GENERAL MANAGER (TENDER)

'मेरी सड़क' ऐप डाउनलोड कर, फीडबैक देकर राष्ट्र के विकास में सहयोग दें।

## एजी कॉलेज कैम्पस में हुआ वृहद पौधरोपण

**रीवा।** कृषि महाविद्यालय में एक पेड़ माँ के नाम कार्यक्रम के अन्तर्गत यूनियन बैंक ऑफ इंडिया एवं राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई, कृषि महाविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में पौधारोपण किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अजय खरे क्षेत्रीय प्रबंधक यूबीआई, श्री जगमोहन एलडीएम यूबीआई रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ एसके त्रिपाठी ने की। कृषि महाविद्यालय एवं कृषि विज्ञान केन्द्र के प्राध्यापकों, वैज्ञानिकों व कर्मचारियों के साथ यूजी, पीजी के छात्र छात्राओं ने कॉलेज कैम्पस में किया गया।

**मध्यप्रदेश नर्सेस रजिस्ट्रेशन कौंसिल**
कार्या. : 12, दफ्तर रोड, गोवंतिका परिसर तृतीय तल भोपाल मध्यप्रदेश, Website: http://www.mpnrc.mp.gov.in
Contact : 0755-4939103, E-mail : registrar.nursing@mp.gov.in
MPNRC/ManPower Hiring/Store2025/10845 Dt : 11.07.2025

**आउट सोर्स के माध्यम से कर्मचारी लिये जाने हेतु एजेंसी चयन की निविदा सूचना पत्र**

मध्यप्रदेश नर्सेस रजिस्ट्रेशन कौंसिल, भोपाल कार्यालय में आउटसोर्स के माध्यम से कर्मचारी लिये जाने हेतु एजेंसी का चयन किया जाना है, पंजीकृत आउट सोर्स सेवायें प्रदायकर्ताओं से ऑनलाइन निविदा दिनांक 28.07.2025 सायं 05:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। विस्तृत निविदा प्रपत्र वेबसाइट **www.mptenders.gov.in** से डाउनलोड किया जा सकता है।
म.प्र. माध्यम/121069/2025 रजिस्ट्रार

# मेला एवं त्योहारों के दृष्टिगत व्यवस्थाओं के संबंध में निर्देश

**पन्ना।** कलेक्टर सुरेश कुमार ने वर्तमान जुलाई एवं आगामी अगस्त माह में वर्षा ऋतु के दौरान जिले में लगने वाले मेले एवं उत्सव तथा नागपंचमी, रक्षाबंधन, हलषष्ठी, जन्माष्टमी और गणेश चतुर्थी पर्व के अवसर पर अत्यधिक भीड़ की संभावना होने पर ऐसे स्थानों पर शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए निर्देश दिए हैं। इस संबंध में अनुविभागीय मजिस्ट्रेट अपने क्षेत्रों में मजिस्ट्रियल ड्यूटी लगाकर पुलिस के सहयोग से भीड़ नियंत्रण का समुचित उपाय करेंगे, साथ ही संभावित अप्रत्याशित घटनाओं की रोकथाम के लिए भी उचित प्रबंधन किया जाएगा। कोई भी अप्रिय घटना पर रोकथाम के उद्देश्य से बांध, तालाब, नदी व नालों के तट पर लगने वाले मेलों के आयोजन पर विशेष सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। जिला कलेक्टर द्वारा संबंधित अधिकारियों को आदेश का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किया गया है। किसी भी प्रकार की लापरवाही के लिए व्यक्तिगत उत्तरदायित्व निर्धारित किया जाएगा।

## केंद्रीय दिव्यांग छात्रवृत्ति के लिए ऑनलाइन पंजीयन प्रारंभ

**पन्ना।** भारत सरकार के दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा दिव्यांग विद्यार्थियों के लिए तीन छात्रवृत्ति योजनाओं का क्रियान्वयन किया जा रहा है, जिसके तहत राष्ट्रीय छात्रवृत्ति पोर्टल पर गत 25 जून से प्री मैट्रिक, पोस्ट मैट्रिक एवं टॉप क्लास छात्रवृत्ति के ऑनलाइन पंजीयन प्रारंभ हो चुके हैं। प्री मैट्रिक छात्रवृत्ति के लिए पोर्टल पर आगामी 31 अगस्त तक तथा पोस्ट मैट्रिक व टॉप क्लास छात्रवृत्ति के लिए 31 अक्टूबर तक स्टूडेंट लॉगिन की सुविधा उपलब्ध है। सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के उप संचालक अशोक कुमार चतुर्वेदी ने शत-प्रतिशत दिव्यांग विद्यार्थियों के पोर्टल आवेदन पर करवाने के उद्देश्य से जिला शिक्षा अधिकारी, समस्त शासकीय व अशासकीय महाविद्यालय प्राचार्य सहित जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान तथा शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था के प्राचार्य से समय सीमा में सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ आवश्यक कार्यवाही के लिए कहा है।

**उत्तर मध्य रेलवे**
निविदा सूचना सं. T_24-25_ETL_ICF_AC_RMPU/Notice दिनांक 10.07.2025
**ई-निविदा आमंत्रण सूचना**
**कोच एम.एल.आर. कारखाना, झाँसी, उत्तर मध्य रेलवे** द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रतिष्ठित एवं अनुभवी ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य के लिये ई निविदायें आमंत्रित की जाती हैं।
**निविदा संख्याः** T_24-25_ETL_ICF_AC_RMPU
**कार्य का विवरणः** सीएमएलआर कारखाना झाँसी में पीओएच के दौरान आरएमपीयू और उनके कंट्रोल पैनल की ओवरहालिंग/मरम्मत के लिए आउटसोर्सिंग।
**मात्राः** एक कार्य, **निविदा मूल्यः** ₹ 48,33,978.92/-, (रूपये अढ़तालीस लाख तैंतीस हजार नौ सौ अठहत्तर बानवे पैसे मात्र), **कार्य पूर्ण करने की अवधिः** 24 माह, **बयाना राशिः** ₹ 96,700/-, **निविदा प्रपत्र मूल्यः** 0/-, **1.** निविदा दिनांक **01.08.2025** को **15.00** बजे बंद होगी एवं भारतीय रेलवे की ई-टेण्डर वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। **2.** निविदा की संपूर्ण जानकारी के लिये भारतीय रेलवे की ई-टेण्डर वेबसाइट **www.ireps.gov.in** को देखें। **3.** ठेकेदार टेण्डर प्रपत्र को डाउनलोड करने के लिये एवं टेण्डर सूचना संबंधी किसी भी प्रकार के संशोधन/परिशिष्ट (यदि कोई है) हेतु भारतीय रेलवे की ई-टेण्डरिंग की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर देखते रहें। इस संबंध में कोई सूचना नहीं दी गयी जायेगी और ना ही किसी भी प्रकार का पत्राचार किया जायेगा। **1211/25 FA**
North central railways @CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in

**न्यायालय अपर कलेक्टर, जिला रीवा (म0प्र0)**
प्रकरण क्रमांक –0105/अपील/2024–25
रीवा दिनांक 27.06.2025
01. जयभान यादव तनय संतलाल यादव 02. शिवम कुमार यादव तनय संतलाल यादव निवासी ग्राम टीकर बांसी बनियान टोला तहसील हुजूर जिला रीवा (म.प्र.)
...............अपीलार्थीगण
बनाम
01. भोला प्रसाद पटेल तनय स्व. प्रद्युम्न पटेल 02. रामाश्रय पटेल तनय स्व. प्रद्युम्न पटेल 03. बैजनाथ पटेल तनय स्व. प्रद्युम्न पटेल 04. रामस्वरूप पटेल तनय स्व. दद्दी पटेल 05. वंशरूप पटेल तनय स्व. दद्दी पटेल 06. केशरी पटेल तनय स्व. दद्दी पटेल 07. चित्रसेन पटेल तनय स्व. दद्दी पटेल 08. उग्रसेन तनय दद्दी पटेल 09. शेषमणि पटेल तनय विष्णुदत्त पटेल 10. शकुन्तला पत्नी स्व. हीरामणि पटेल 11. पुष्पेन्द्र पटेल तनय हीरामणि पटेल 12. राधवेन्द्र पटेल तनय स्व. हीरामणि पटेल 13. पूनम पटेल पत्नी स्व. धर्मेन्द्र पटेल 14. आकाश तनय स्व. धर्मेन्द्र पटेल 15. प्रियंका पुत्री स्व. धर्मेन्द्र पटेल क्रमांक 14, 15 नाबालिक जरिये बली माता पूनम पटेल 16. शंकर पटेल तनय स्व. अवधशरण पटेल 17. रामप्रेमी पटेल तनय स्व. अवधशरण पटेल, सभी निवासी ग्राम टीकर बांसी बनियान टोला तहसील हुजूर जिला रीवा (म.प्र.)
............उत्तरवादीगण
//आम इश्तहार//
उत्तरवादीगण क्रमाक 01 ता 17 सभी निवासी ग्राम टीकर बांसी बनियान टोला तहसील हुजूर जिला रीवा (म.प्र.) को सूचित किया जाता है कि अपीलार्थी जयभान यादव तनय संतलाल यादव वगै. निवासी ग्राम टीकर बांसी बनियान टोला तहसील हुजूर जिला रीवा (म.प्र.) के द्वारा अनुविभागीय अधिकारी तहसील हुजूर जिला रीवा मध्यप्रदेश के राजस्व प्रकरण क्रमांक 0002/अ–66/2023–24 आदेश दिनांक 18.12.2023 के आदेश के विरूद्ध मध्यप्रदेश वासस्थान दखलकार अधिनियम की धारा 06 के तहत अपील प्रस्तुत की गई है। उक्त प्रकरण में सुनवाई हेतु दिनांक 30.07.2025 को पेशी नियत है। अतः उत्तरवादीगण क्रमांक 01 ता 17 सभी निवासी ग्राम टीकर बांसी बनियान टोला तहसील हुजूर जिला रीवा (म.प्र.) को सूचित किया जाता है कि उक्त प्रकरण की पेशी दिनांक 30.07.2025 को समय 11:00 बजे दिन स्वतः या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर प्रकरण की सुनवाई की कार्यवाही में भाग लें, उत्तरवादीगण के उक्त दिनांक एवं समय में अनुपस्थित रहने पर उत्तरवादीगणों के विरूद्ध प्रकरण में एकपक्षीय कार्यवाही की जावेगी।
अपर कलेक्टर
RN- 82666 जिला–रीवा (म.प्र.)

**कार्यालय कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय रीवा खंड रीवा (म0प्र0)**
निविदा सूचना क0 07/25–26/ब0ले0लि0/का0यं0/लो0स्वा0यॉ0/25, रीवा, दिनांक 03.07.2025
**ई–टेण्डरिंग निविदा आमंत्रण सूचना**
(1) निम्नलिखित कार्यों हेतु **ई–टेण्डरिंग के माध्यम से ऑन लाइन निविदायें** एपेन्डिक्स 2.10 में प्रतिशत दर पर प्रमुख अभियन्ता, लोक स्वास्थ्य यॉत्रिकीय विभाग, भोपाल की नलकूपों के खनन एवं अन्य कार्य से संबंधित दिनांक **03.07.2018** से प्रभावशील एकीकृत दर सूची एवं निविदा सूचना जारी होने के दिनांक तक किए गए समस्त संशोधनों के आधार पर केन्द्रीयकृत नवीन पंजीयन के तहत लोक निर्माण विभाग में उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निविदा ऑन लाइन टेण्डर प्रकिया के तहत आमंत्रित की जाती है।
ऑन लाइन निविदा पब्लिशिंग का दिनांक **07.07.2025** .डाक्यूमेन्ट डाउन लोड/टेण्डर फार्म कय प्रारम्भ तिथि **07.07.2025** टेण्डर फार्म कय की अंतिम तिथि **21.07.2025** बिड सबमिशन प्रारम्भ का दिनांक **07.07.2025** एवं बिड सबमिशन का अंतिम तिथि **21.07.2025** को सायं 5.30 बजे तक निर्धारित हैं। Manadatory 'A' & Financial bid Open का दिनांक **23.07.2025** को अपरान्ह 3.30 बजे निर्धारित है।
(2) उक्त निविदा आमंत्रण सूचना विभागीय बेवसाइट **(http//www.mptenders.gov.in)** पर प्रदर्शित है।
(3) निविदाऐं, निर्धारित तिथि दिनांक **23.07.2025 को** खोली जावेंगी।
(4) **कार्य का विवरण :–**
**रीवा जिले के विकासखण्ड रायपुर के विभिन्न ग्रामों में जल जीवन मिशन के अन्तर्गत ट्यूबवेल पर आधारित रेट्रोफिटेड पाइप जलापूर्ति का निर्माण, निष्पादन, सबमर्सिवल मोटर पंप की स्थापना, 90 दिवस के ट्रायल रन एवं कमिशनिंग आदि समस्त कार्य सामग्री एवं लेबर सहित।**

| ई– टेण्डर नं0 | योजना का नाम | विकास खण्ड | कार्य की अनु0 लागत (रू0 लाख में) | प्रतिभूति राशि रू0 में | निविदा प्रपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 3 | | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 2025_PHED_434665_1 | इटार, बड़ागॉव सिलचद टोला, लोही, हरदुआ, नर्रहा, सेमरीकला, धवैया–291, पलिया–350, महुली, महगना, पलिया–349 कोलईया, कसई, जलदर, बंधवा | रायपुर | 230.47 | 230470.00 | 15000.00 | 6 माह (वर्षा ऋतु सहित) |

निविदा सूचना से संबंधित अन्य विस्तृत जानकारी विभागीय वेवसाइट **(http//www.mptenders.gov.in)** पर प्रदर्शित है।
कार्यपालन यंत्री
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड, रीवा (म.प्र.)
जी–15455/25

**न्यायालयः- व्यवहार न्यायाधीश वर्ग-एक वरिष्ठ खण्ड त्योंथर, जिला-रीवा म.प्र.**
व्यवहार वाद प्रकरण क्रमांक MJC SUC 04/25
पेशीः 05.08.2025
प्रो. क्र. 132/25
कान्ती कुमार तिवारी पिता स्व. रामलाल तिवारी उम्र 69 वर्ष निवासी ग्रा. अट्ठैसा तहसील जवा जिला रीवा म.प्र.
.........वादीगण/आवेदकगण
बनाम्
हर आम व खास
......प्रतिवादीगण/अनावेदकगण
विषयः- प्रतिवादीगण की उपस्थिति सुनिश्चित कराने के संबंध में
उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख किया जाता है कि इस न्यायालय में लंबित व्यवहार वाद प्रकरण क्रमांक MJC SUC 04/2025 कान्ती कुमार तिवारी पिता स्व. रामलाल तिवारी उम्र 69 निवासी ग्रा. अट्ठैसा तहसील जवा जिला रीवा (म.प्र.) का प्रकरण आवेदक द्वारा द्वारा इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है, जो विचाराधीन है। आवेदक क्रमांक MJC SUC 04/2025 कान्ती कुमार तिवारी पिता स्व. रामलाल तिवारी उम्र 69 निवासी ग्रा. अट्ठैसा तहसील जवा जिला रीवा (म.प्र.) द्वारा न्यायालय श्रीमान मोहिनी भदौरिया प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वर्ग-2 त्योंथर जिला रीवा में दावा बावत स्वत्व घोषणा आदेश 7. नियम-1 व्य0प्र0सं0 1908 ई. के अंतर्गत हर आम व खास के विरूद्ध व्यवहार पेश किया गया है। जिसकी सुनवाई दिनांक - 05.08.2025 नियत किया गया है। अतः उक्त प्रकरण के संबंध में जिस किसी व्यक्ति को आपत्ति हो तो वह व्यक्ति स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से जिस किसी को मामले के बारे में जानकारी हो, न्यायालय में सुबह 11.00 बजे दिन उपस्थित होकर अपनी प्रतिरक्षा करें। यदि दिनांक- 05.08.2025 को हर आम व खास की ओर से उपस्थिति नहीं होती है तो अनावेदकगण की अनुपस्थिति में प्रकरण में सुनवाई पूर्ण की जावेगी।
नोटः- यदि किसी कारण से नियत पेशी दिनांक 05.08.2025 को शासकीय अवकाश घोषित हो जाता है, तो इस स्थिति में कार्य दिवस में सुनवाई की जायेगी।
(मोहिनी भदौरिया)
व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड त्योंथर, जिला रीवा (म.प्र.)
RN-82299

**कार्यालय कार्यपालन यंत्री**
**लोक निर्माण विभाग, (भ./स.) संभाग क्रमांक–1 रीवा**
**निविदा सूचना**
**निविदा सूचना क्रमांक 12/ब.ले.लि./निविदा/2025–2026** **रीवा, दिनांक 07/07/2025**
मध्यप्रदेश के राज्यपाल की ओर से निम्न कार्यों हेतु ऑनलाइन (Online) निविदा समस्त संशोधन सहित के आधार पर प्रपत्र–अ में निविदाकारों, जो केन्द्रीय पंजीयन प्रणाली के तहत लोक निर्माण विभाग में उपयुक्त श्रेणी में पजीकृत हो, से आमंत्रित की जाती है।

| क्र. | टेण्डर कमांक | कार्य का नाम | ठेके की अनु. राशि (रू.लाख में) | 1– अमानत राशि 2– निविदा प्रपत्र का मूल्य | 1– निविदा आमंत्रण क्र. 2– कार्यावधि सहित/छोड़कर |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | PWDRB 435477 | शासकीय कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय रीवा में मैदान का समतलीकरण, वासकेटवाल कोर्ट एवं बैडमिंटल हॉल का मरम्मत कार्य | 34.75 | 1- 50000.00 2- 5000.00 | 1– प्रथम आमंत्रण 2– छः माह वर्षाकाल सहित |
| 2 | PWDRB 435478 | उपसंभाग मऊगंज के अन्तर्गत उपखण्ड मऊगंज–द्वितीय के आवासीय भवनों का मरम्मत कार्य | 16.95 | 1- 33900.00 2- 2000.00 | 1– प्रथम आमंत्रण 2– छः माह वर्षाकाल सहित |
| 3 | PWDRB 435479 | उपसंभाग मऊगंज के अन्तर्गत उपखण्ड शाहपुर के आवासीय भवनों का मरम्मत कार्य | 16.95 | 1- 33900.00 2- 2000.00 | 1– प्रथम आमंत्रण 2– छः माह वर्षाकाल सहित |
| 4 | PWDRB 435480 | उपसंभाग मऊगंज के अन्तर्गत उपखण्ड पिपराही के आवासीय भवनों का मरम्मत कार्य | 16.95 | 1- 33900.00 2- 2000.00 | 1– प्रथम आमंत्रण 2– छः माह वर्षाकाल सहित |
| 5 | PWDRB 435481 | उपसंभाग त्योंथर के अन्तर्गत उपखण्ड त्योंथर एवं चाकघाट में व्ही.आई.पी. प्रोग्राम का कार्य | 15.80 | 1- 31600.00 2- 2000.00 | 1– प्रथम आमंत्रण 2– छः माह वर्षाकाल सहित |
| 6 | PWDRB 435482 | उपसंभाग त्योंथर के अन्तर्गत उपखण्ड जवा, डभौरा एवं अतरैला में व्ही.आई.पी. प्रोग्राम का कार्य | 15.80 | 1- 31600.00 2- 2000.00 | 1– प्रथम आमंत्रण 2– छः माह वर्षाकाल सहित |
| 7 | PWDRB 435483 | उपसंभाग त्योंथर के संधारण मार्गो में वर्षाऋतु के पश्चात मरम्मत कार्य | 16.83 | 1- 33660.00 2- 2000.00 | 1– प्रथम आमंत्रण 2– छः माह वर्षाकाल सहित |
| 8 | PWDRB 435484 | उपसंभाग क्रमांक–3 के अन्तर्गत स्टोर भवनों का मरम्मत कार्य | 14.11 | 1- 28220.00 2- 2000.00 | 1– प्रथम आमंत्रण 2– छः माह वर्षाकाल सहित |
| 9 | PWDRB 435487 | उपसंभाग क्रमांक–3 के अन्तर्गत रेस्ट हाउस सिरमौर एवं चचाई के बाउन्ड्रीवाल का मरम्मत कार्य | 15.63 | 1- 31260.00 2- 2000.00 | 1– प्रथम आमंत्रण 2– छः माह वर्षाकाल सहित |
| 10 | PWDRB 435488 | उपसंभाग क्रमांक–3 के अन्तर्गत उपखण्ड इंजीनियरिंग कालेज में व्ही.आई.पी. प्रोग्राम का कार्य | 15.91 | 1- 31820.00 2- 2000.00 | 1– प्रथम आमंत्रण 2– छः माह वर्षाकाल सहित |
| 11 | PWDRB 435489 | उपसंभाग क्रमांक–1 के अन्तर्गत उपखण्ड सिविल लाईन में डी.आई.जी. बगला नं. डी–11 का मरमम्त कार्य | 16.95 | 1- 33900.00 2- 2000.00 | 1– प्रथम आमंत्रण 2– छः माह वर्षाकाल सहित |
| 12 | PWDRB 435490 | उपसंभाग क्रमांक–1 के अन्तर्गत उपखण्ड सिविल लाईन में एस.पी. बगला नं. डी–1 का मरमम्त कार्य | 16.95 | 1- 33900.00 2- 2000.00 | 1– प्रथम आमंत्रण 2– छः माह वर्षाकाल सहित |
| 13 | PWDRB 435491 | उपसंभाग क्रमांक–1 के अन्तर्गत उपखण्ड सिविल लाईन में न्यायधीश बगला का मरमम्त कार्य | 16.95 | 1- 33900.00 2- 2000.00 | 1– प्रथम आमंत्रण 2– छः माह वर्षाकाल सहित |
| 14 | PWDRB 435492 | उपसंभाग क्रमांक–1 के अन्तर्गत उपखण्ड सिविल लाईन में रेस्ट हाउस का मरमम्त कार्य | 16.95 | 1- 33900.00 2- 2000.00 | 1– प्रथम आमंत्रण 2– छः माह वर्षाकाल सहित |
| 15 | PWDRB 435493 | उपसंभाग क्रमांक–1 के अन्तर्गत उपखण्ड सिविल लाईन में डी.जे. बगला नं. डी–4 का मरमम्त कार्य | 16.95 | 1- 33900.00 2- 2000.00 | 1– प्रथम आमंत्रण 2– छः माह वर्षाकाल सहित |
| 16 | PWDRB 435494 | उपसंभाग क्रमांक–1 के अन्तर्गत उपखण्ड सिविल लाईन में आई.जी. बगला नं. डी–2 का मरमम्त कार्य | 16.95 | 1- 33900.00 2- 2000.00 | 1– प्रथम आमंत्रण 2– छः माह वर्षाकाल सहित |
| 17 | PWDRB 435495 | उपसंभाग क्रमांक–1 के अन्तर्गत उपखण्ड सिविल लाईन में कमिश्नर बगला नं. बी–28 का मरमम्त कार्य | 16.95 | 1- 33900.00 2- 2000.00 | 1– प्रथम आमंत्रण 2– छः माह वर्षाकाल सहित |
| | | **कुल योग** | **298.33** | | |

उपरोक्त वेबसाइट आर्नेलाइन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) बेवसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा। निविदा प्रपत्र क्रय करने की **अंतिम दिनांक 28/07/2025 सायं 17.30 बजे निर्धारित है।** विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट में देखा जा सकता है। निविदा में हाने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाईट पर किया जायेगा। पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।
कार्यपालन यंत्री
लोक निर्माण विभाग(भ./स.)
संभाग क्रमांक–1 रीवा
जी–15457/25

**महानिदेशक, स्कूल शिक्षा एवं राज्य परियोजना निदेशक कार्यालय**
समग्र शिक्षा, विद्या भवन, निशातगंज, लखनऊ–226007,
वेबसाइटः www.basiceducation.up.gov.in, www.upefa.com, ई–मेल : upefaspo@gmail.com
दूरभाष नं.–0522-4024440, 2780384, 2781128
मिशन प्रेरणा

**मुख्यमंत्री मॉडल कम्पोजिट विद्यालयों के लिए आंतरिक साज–सज्जा डिज़ाइन प्रतियोगिता – आमंत्रण**

उत्तर प्रदेश शासन के स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा संचालित "मुख्यमंत्री मॉडल कम्पोजिट विद्यालय (प्री–प्राइमरी से कक्षा 12)" परियोजना के अंतर्गत आधुनिक, समावेशी एवं बाल–मित्र आंतरिक डिज़ाइन हेतु एक **खुली प्रतियोगिता** का आयोजन किया जा रहा है।
इस प्रतियोगिता में **आर्किटेक्ट कॉलेज, आर्किटेक्ट फर्म, स्वतंत्र वास्तुविद एवं आर्किटेक्चर के छात्र/छात्राएं** भाग ले सकते हैं। प्रतिभागियों को विद्यालय भवन के आंतरिक डिज़ाइन हेतु अपनी **थीम आधारित डिज़ाइन अवधारणा, 2D/3D रेंडरिंग, मूड बोर्ड, तथा लैंडस्केपिंग योजनाएं** प्रस्तुत करनी होंगी।
चयनित प्रतिभागियों को विभाग द्वारा **प्रशंसा प्रमाण–पत्र** प्रदान किया जाएगा एवं उनकी डिज़ाइन को राज्य स्तरीय स्तर पर मान्यता दी जाएगी।
डाउनलोड लिंक : https://prernaup.in/Login/NoticeBoard?mode=What%27s%20New
डिज़ाइन भेजने की अंतिम तिथि : 11.08.2025
प्रस्ताव भेजने हेतु ई–मेल : cmmodelschoolsamagrashiksha@gmail.com

**मध्यप्रदेश शासन, स्कूल शिक्षा विभाग तथा मध्यप्रदेश शासन, जनजातीय कार्य विभाग के अंतर्गत प्राथमिक शिक्षक चयन परीक्षा -2025 हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं**

आवेदन पत्र भरने की तिथि 18.07.2025 से 01.08.2025 तक
ऑनलाइन परीक्षा पद्धति समय सारणी
आवेदन पत्र में संशोधन करने की तिथि 18.07.2025 से 06.08.2025 तक

| संभावित परीक्षा दिनांक | परीक्षा की पाली | अभ्यर्थियों के लिए रिपोर्टिंग समय | उत्तर अंकित का समय |
|---|---|---|---|
| 31 अगस्त रविवार 2025 से प्रारंभ | प्रथम | प्रातः 08:30 से प्रातः 10:00 बजे तक | प्रातः 10:30 से 12:30 बजे तक (02 घंटे) |
| | द्वितीय | दोपहर 01:00 से दोपहर 02:30 बजे तक | दोपहर 03:00 से 05:00 बजे तक (02 घंटे) |

**आवेदन पत्र भरने की प्रक्रिया एवं महत्वपूर्ण निर्देश :-**
1. परीक्षा के नियम, विभागवार रिक्त पदों की आरक्षण तालिकाएं एवं परीक्षा संचालन नियम से संबंधित विस्तृत नियम पुस्तिका मण्डल की वेबसाइट **www.esb.mp.gov.in** पर उपलब्ध रहेगी, जिसमें उल्लेखित समस्त नियमों/जानकारी का अध्ययन करके ही आवेदन पत्र भरा जावे।
2. वेबसाइट **www.esb.mponline.gov.in** के माध्यम से आवेदन पत्र भरा जा सकता है।
3. **संभावित परीक्षा शहर -** अनूपपुर, भोपाल, इंदौर, जबलपुर, खण्डवा, नीमच, रतलाम, रीवा, सागर, सतना, सीधी एवं उज्जैन।
4. **प्रवेश परीक्षा शुल्क***

| | |
|---|---|
| अनारक्षित अभ्यर्थियों के लिए | रु. 500/- |
| केवल मध्यप्रदेश के मूल निवासी अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग/ई.डब्ल्यू.एस. एवं दिव्यांगजन अभ्यर्थियों के लिए | रु. 250/- |
| ऑनलाइन आवेदन- कियोस्क के माध्यम से ऑनलाइन भरने वाले अभ्यर्थियों हेतु एम.पी. ऑनलाइन का पोर्टल शुल्क | रु. 60/- |
| अतिरिक्त रजिस्टर्ड सिटिजन यूजर के माध्यम से लॉगिन कर फार्म भरने पर पोर्टल शुल्क | रु. 20/- |

**विशेष निर्देश**
1. अभ्यर्थी का आधार पंजीयन अनिवार्य है।
2. मण्डल द्वारा आयोजित परीक्षाओं में मूल फोटोयुक्त पहचान पत्र लाना अनिवार्य होगा। मूल फोटोयुक्त पहचान पत्र के रूप में अभ्यर्थी मतदाता पहचान पत्र, पेन कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, आधार कार्ड, पासपोर्ट, में से कोई एक को चयनित कर सकता है। यू.आई.डी.ए.आई. (UIDAI) के द्वारा सत्यापित (Verify) होने पर ही ई-आधार मान्य होगा। मूल फोटोयुक्त पहचान पत्र के अभाव में परीक्षार्थी को परीक्षा में सम्मिलित होने से वंचित किया जाएगा।
3. अभ्यर्थी को नियम पुस्तिका में विनिश्चित मूल परिचय पत्र के अतिरिक्त अपना आधार कार्ड/ई-आधार कार्ड की छायाप्रति/आधार नंबर/आधार VID की जानकारी लाना अनिवार्य है।
4. परीक्षा में प्रवेश के समय एवं परीक्षा के दौरान बहुस्तरीय बायोमेट्रिक सत्यापन अनिवार्य है। अत: जिन अभ्यर्थियों का आधार नंबर लॉक हैं वह परीक्षा दिनांक को परीक्षा केंद्र पर उपस्थिति के पूर्व आधार अनलॉक करवाना सुनिश्चित करें।
5. परीक्षार्थियों को परीक्षा में रिपोर्टिंग समय तक परीक्षा केंद्र में प्रवेश की अनुमति होगी। इसके पश्चात विलम्ब से आने पर अभ्यर्थियों की प्रवेश की पात्रता नहीं होगी।
6. परीक्षा कक्ष में इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस यथा मोबाइल फोन, कैलक्युलेटर, लॉग टेबल्स, डिजीटल घड़ी, नकल पर्चा एवं sun glasses (धूप का चश्मा) आदि का उपयोग पूर्णत: वर्जित है।
7. ऑनलाइन आवेदन-पत्र क्रमांक के द्वारा ही ऑनलाइन परीक्षा हेतु अभ्यर्थी अपना प्रवेश-पत्र प्राप्त कर सकते हैं। अत: आवेदन-पत्र क्रमांक आवश्यक रूप से संभाल कर रखें, जिसकी समस्त जिम्मेदारी आवेदक की ही होगी।
8. परीक्षा केंद्र पर आवेदक को परीक्षा हॉल में प्रवेश हेतु मण्डल वेबसाइट से डाउनलोड किये गये प्रवेश-पत्र साथ लाना अनिवार्य है।
9. किसी भी परीक्षार्थी को परीक्षा प्रारंभ होने के पश्चात् परीक्षा समाप्ति तक परीक्षा कक्ष छोड़ने की अनुमति नहीं होगी।
10. आवेदन-पत्र भरते समय उम्मीदवारों के किसी भी प्रमाण पत्र का परीक्षण मण्डल द्वारा नहीं किया जाकर नियुक्ति प्रक्रिया के दौरान सम्बंधित विभाग द्वारा किया जाता है। अत: कम्प्यूटर आधारित (Online) परीक्षा में उम्मीदवारों की पात्रता (Eligibility) पूर्णत: प्रावधिक (Provisional) होगी।

विशेष नोट- मण्डल अपनी सुविधानुसार परीक्षा तिथि/परीक्षा पाली/शहरों/केन्द्रों एवं अन्य बिन्दुओं में परिवर्तन कर सकता है।
विज्ञापन क्र. 69/2025
संचालक
ESB
**मध्यप्रदेश कर्मचारी चयन मण्डल**
'चयन भवन' मेन रोड नं. - 1, चिनार पार्क (ईस्ट) भोपाल - 462011
Fax : +91-0755-2550498, Website : www.esb.mp.gov.in
म.प्र.मा./121068/2025

**सूचना**
जागरण पब्लिकेशन प्रा. लि. किसी तृतीय पार्टी के उत्पादकों वस्तुओं या सेवाओं का समर्थन नहीं करती है और न ही किसी तृतीय पार्टी के विज्ञापनों में छपी किसी जानकारी की सच्चाई या विश्वसनीयता की पुष्टि करती है। जागरण पब्लिकेशन प्रा. लि. पाठकों को प्रेरित करती है कि वे ऐसे किसी भी विज्ञापनदाता के साथ कोई भी लेन–देन करने की कार्रवाई से पहले उचित व जरूरी समझे जाने वाली जांच पड़ताल कर लेवे।

**अवश्यकता है**
भविष्य बनाने का सुनहरा अवसर जी हां आपके अपने शहर नागौद में आफिस कार्य हेतु, जरूरतमंद लड़कियाँ एवं महिलाये 10वी, 12वी ग्रेजुएशन तक मान्य सैलरी 5000+ कमीशन+ बोनस ट्रेनिंग के बाद 10,000 से 15,000 महीना कमाये
Contact No. 9329146838
8120746915
वियपुरिया कांम्पलेक्स जवाहर नगर नागौद जिला सतना (म.प्र.)
RN. 82664 (12/7)

**लोन**
लोन फाईनेंस सर्विस रीवा संभाग में विशेष लोन व्यवस्था मुद्रा लोन, आधार कार्ड, मार्कशीट, पर्सनल, कृषि लोन और सभी प्रकार के लोन 2% ब्याज 50% छूट (एजेंट आमंत्रित) संपर्क - 8962086944

# बीजाडांडी में चार झोलाछाप डॉक्टरों की नियम विरुद्ध चल रही क्लिनिक सील



**जागरण, मंडला ।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी मंडला डॉ. डी.जे. मोहन्ती ने जानकारी दी कि कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा के निर्देशानुसार स्वास्थ्य विभाग मंडला द्वारा जिले में नियम विरूद्ध अपनी विधि के विपरीत जाकर ऐलोपैथी विधि से क्लीनिक का संचालन करने वाले झोलाछाप डॉक्टरों के विरूद्ध विभाग द्वारा लगातार कार्यवाही चल रही हैं। नारायणगंज और मवई विकासखण्ड के औचक निरीक्षण एवं कार्यवाही उपरांत बीजाडांडी एवं उसके आसपास के क्षेत्रों में औचक निरीक्षण जिला स्तरीय दल, विकासखण्ड स्तरीय दल, राजस्व विभाग एवं पुलिस विभाग के द्वारा संयुक्त रूप से 8 क्लीनिक का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में चार क्लीनिक नियम विरूद्ध तरीके से संचालित पाए गए, उन्हें तत्काल सील कर आगे की आवश्यक कार्यवाही की जा रही है। अन्य चार को चेतावनी दी गई कि वे शासन के नियमानुसार ही क्लीनिक का संचालन करें। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा यह भी बताया गया कि क्लीनिक के संचालन हेतु शासन द्वारा दिए गए दिशा निर्देश अनुसार ही संचालित होनी चाहिए। जिनमें प्रमुख रूप से चिकित्सक के रूप में वैध पंजीयन हो, क्लीनिक चलाने की अनुमति जिला स्तर से प्राप्त हो साथ क्लीनिक में अपनी विधि अनुसार ही इलाज एवं दवाईयां रखें। शासन के दिशा निर्देश के अनुसार ही जिले में क्लीनिक संचालित हो। इसके लिए यह औचक निरीक्षण अभियान लगातार जिला स्तरीय दल, विकासखण्ड स्तरीय दल, राजस्व विभाग एवं पुलिस विभाग के द्वारा जारी रहेगा। स्वास्थ्य विभाग इसके लिए सक्रिय रहेगा तथा नियम विरूद्ध क्लीनिक संचालन करते पाए जाने पर कड़ी से कड़ी कार्यवाही संबंधित के विरूद्ध की जावेगी। जिले में किसी भी झोलाछाप जो खुद को चिकित्सक मानकर क्लीनिक चला रहे हैं, उन्हें बख्शा नहीं जायेगा।

सीएमएचओ डॉ. डी.जे. मोहन्ती ने बताया कि वर्षा ऋतु में सर्दी जुकाम, उल्टी-दस्त, सांप के काटने एवं जानवरों द्वारा काटे जाने के प्रकरण ज्यादा आते हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य विभाग का पर्याप्त स्टॉफ है, जिसमें सीएचओ, ए.एन.एम. एवं आशा कार्यकर्ता, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में डॉक्टर पदस्थ है। प्रायः मरीज इन झोलाछाप डॉक्टरों के चंगुल में फँसकर गंभीर अवस्था में शासकीय अस्पताल आते हैं एवं कई बार उनकी जान चली जाती है। उसे ही ध्यान में रखकर औचक निरीक्षण किया जा रहा है। सीएमएचओ डॉ. मोहन्ती ने जिले भर में क्लीनिक संचालित कर रहे समस्त डॉक्टरों से अपील की है, कि वे अपने विधि अनुसार ही चिकित्सा सेवाएं दें एवं पंजीयन, क्लीनिक संचालन हेतु जिले से अनुमति अवश्य लें। अन्यथा उनके विरूद्ध औचक निरीक्षण कर सख्त कार्यवाही की जावेगी। साथ ही आमजनों से भी अनुरोध किया है, कि वे नजदीकी स्वास्थ्य संस्थाओं में निःशुल्क इलाज करा सकते हैं या पंजीकृत योग्य चिकित्सकों से जिनकी वैधता हो, उनसे ही इलाज कराएं एवं सुरक्षित रहें।

# ओशो ध्यान शिविर में बोले स्वामी गुरु शिष्य के जीवन में एक महत्वपूर्ण बदलाव लाते हैं



**जागरण, मण्डला।** कटरा स्थित ओशो ध्यान केन्द्र में गुरु पूर्णिमा के अवसर पर ओशो के अनुयायी ने ध्यान व गुरूपूर्णिमा कार्यक्रम का आयोजन किया। तीन दिवसीय इस आयोजन में ध्यान, प्रवचन, और उत्सव रहा। वहीं गुरूपूर्णिमा के दिन ओशो के अनुयायी उनके प्रति अपनी श्रृद्धा और कृतज्ञता व्यक्त करते रहे और उनके द्वारा बताए गए ध्यान के तरीकों का अभ्यास करते दिखे गए। ध्यान, भजन, और गुरु के प्रति श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए। इस अवसर स्वामी ध्यान भारती जी ने कहा कि ओशो का मानना है कि गुरु शिष्य के जीवन में एक महत्वपूर्ण बदलाव लाते हैं और उन्हें अपनी चेतना में गहरा संबंध स्थापित करने में मदद करते हैं। गुरु पूर्णिमा, गुरु-शिष्य संबंधों का उत्सव है, जहां शिष्य अपने गुरु के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हैं ओशो के अनुसार गुरु ज्ञान नहीं, बल्कि चेतना देते हैं गुरु एक बीज की तरह हैं जो शिष्य को अंकुरित होने पनपने और खिलने में मदद करता है गुरु पूर्णिमा शिष्य के लिए अपने गुरु के प्रति प्रेम और भक्ति व्यक्त करने का दिन है। वही मॉ भट्टी भारती जी ने कहा कि ओशो के ध्यान और विचार आत्म-निरीक्षणऔर आत्म-अवलोकन को प्रोत्साहित करते हैं जिससे व्यक्ति अपने विचारों, भावनाओं और व्यवहारों को बेहतर ढंग से समझ पाता है ओशो के सक्रिय ध्यान जैसे कि गतिशील ध्यान, शारीरिक गतिविधि और भावनात्मक मुक्ति प्रदान करते हैं, जिससे तनाव और तनाव कम होता है। ओशो के ध्यान, विशेष रूप से गतिशील ध्यान, ऊर्जा के प्रवाह को उत्तेजित करते हैं, जिससे व्यक्ति अधिक ऊर्जावान और जीवंत महसूस करता है। ओशो के विचारों और ध्यान विधियों से, व्यक्ति वर्तमान क्षण में अधिक मौजूद रहना सीखता है, जो उनके अनुभवों को बेहतर बनाता है और उन्हें अपने आसपास के लोगों और दुनिया से बेहतर ढंग से जुड़ने में मदद करता है। इस अवसर पर मॉ उमा भारती जी व मॉ प्रेम माधुरी जी ने बताया कि ओशो के विचार और ध्यान, आध्यात्मिक विकास और परिवर्तन के लिए एक शक्ति शाली उपकरण हो सकते हैं ओशो के सक्रिय ध्यान, जैसे कि गतिशील ध्यान, कुंडलिनी ध्यान और अन्य, विभिन्न शारीरिक और मानसिक लाभ प्रदान करते हैं। इन लाभों में शामिल हैं। सक्रिय ध्यान शरीर में ऊर्जा के प्रवाह को उत्तेजित करते हैं, जिससे शारीरिक स्वास्थ्य और तंदुरुस्ती में सुधार हो सकता है।

इस अवसर पत्रकार परिषद के द्वारा स्वामी ध्यान भारती जी का पुष्पमाला से स्वागत करते हुए छतरी भेंट की इस दौरान पत्रकार परिषद जिला अध्यक्ष नीरज अग्रवाल, समाज कल्याण प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष कैलाश डेहरिया, वरिष्ठ समाजसेवी सुधीर कांसकार, दीपक कछवाहा, किशोर रजक, अनमोल अग्रवाल, रोहित बघेल, अनिल मिश्रा, आकाश रघुवंशी, श्रीमति सुनीता सैयाम, श्रीमति दीप्ती नरेलिया, श्रीमति उमा यादव, श्रीमति शीतल वैष्णव, आनंद, वेदांत, प्रेम, डॉ राय, उत्सव सहित दूर दराज व अन्य शहरों से आए ओशो प्रेमी मौजूद रहे।

# हरियाली महोत्सव के तहत डिंडोरी पुलिस द्वारा 501 पौधों का रोपण, पर्यावरण संरक्षण की ली गई शपथ



**जागरण, डिंडोरी ।** हरियाली महोत्सव के अवसर पर डिंडोरी पुलिस द्वारा पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल की गई। पुलिस अधीक्षक श्रीमती वाहनी सिंह के नेतृत्व में पुलिस लाइन परिसर एवं यातायात थाना में 501 फलदार एवं औषधीय पौधों का रोपण किया गया।इस अवसर पर उपस्थित समस्त पुलिस बल एवं पुलिस परिवार ने पर्यावरण संरक्षण की शपथ ली और यह संकल्प लिया कि लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल कर उन्हें वृक्ष बनाएंगे।पौधरोपण के उपरांत एसपी श्रीमती वाहनी सिंह ने आमजन से अपील करते हुए कहा, वृक्षारोपण केवल एक कार्य नहीं, बल्कि भावी पीढ़ियों के लिए जीवनदायिनी विरासत है। हमें प्रकृति के प्रति अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए अधिक से अधिक पौधे लगाने चाहिए।उन्होंने पौधों की देखभाल, समय-समय पर सिंचाई, और उनके संरक्षण को जीवनशैली का हिस्सा बनाने पर बल दिया।कार्यक्रम में यातायात थाना प्रभारी सुभाष उइके ने पौधों के पर्यावरणीय लाभ बताते हुए कहा ङ्क वृक्ष न केवल मानसिक व शारीरिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाते हैं, बल्कि वे जल संरक्षण, मृदा कटाव रोकने व जैव विविधता को बढ़ाने में भी सहायक हैं। वहीं प्रभारी रक्षित निरीक्षक कुंवर सिंह ने वृक्षों को धरती का श्रृंगार बताते हुए नागरिकों से वृक्षारोपण को जन-आंदोलन बनाने की अपील की।इस कार्यक्रम में अधिकारी/कर्मचारियों, सहित समस्त पुलिस स्टाफ की सक्रिय भागीदारी रही।डिंडोरी पुलिस का यह प्रयास एक प्रेरणादायक पहल है, जो आने वाली पीढ़ियों के लिए हरे-भरे भविष्य की नींव रखता है।

# अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद नैनपुर नगर की नवीन कार्यकारिणी घोषित



**जागरण, मंडला ।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (ङ्कङ्क) की स्थापना वर्ष 1949 में हुई थी। यह एक राष्ट्रवादी छात्र संगठन है जो युवाओं के बीच राष्ट्र के पुनर्निर्माण के साथ राष्ट्रीय चेतना, सामाजिक जागरूकता, और चरित्र निर्माण का संदेश फैलाता है। ङ्कङ्क शिक्षा, संस्कृति, और समाज के विभिन्न क्षेत्रों में सक्रिय है तथा विश्व का सबसे बड़े छात्र संगठन माना जाता है। इसके द्वारा समय-समय पर छात्र हितों की रक्षा, कैम्पस विकास, और सामाजिक सेवा के लिए अनेक आंदोलन एवं कार्यक्रम चलाए जाते हैं। प्रत्येक वर्ष 9 जुलाई को अभाविप का स्थापना दिवस मनाया जाता है। इसके बाद प्रत्येक नगर इकाई में नवीन कार्यकारिणी की घोषणा की जाती है।

जिस कड़ी में नैनपुर महाविद्यालय पर संगोष्ठी कार्यक्रम आयोजित कर नैनपुर नगर की नवीन कार्यकारिणी घोषित की गई.. जिसमें प्रवास पर आए मंडला जिला संयोजक संजय आर्मो द्वारा विद्यार्थी परिषद के विषय में बताया की आज के युग में युवाओं को सही दिशा की ओर काम करने की आवश्यकता है एवं आने वाली चुनौतियां से निपटने में विधार्थी परिषद सदैव आग्रणी रहा है। पश्चात् नैनपुर नगर की वर्ष 2025 ङ्क 26 हेतु नवीन कार्यकारिणी घाषित की गई..

## नवीन कार्यकारिणी में इन्हें मिला स्थान

नगर अध्यक्ष डॉ. राजेश मास्तकर, उपाध्यक्ष डॉ. देव प्रकाश ऊईके, नगर मंत्री रवींद्र यादव,सह मंत्री सोनिया विश्वकर्मा,राजकुमार मसराम,एस एफ डी प्रमुख निधि विश्वकर्मा सह प्रमूख हर्ष परस्ते,एस एफ एस प्रमूख कमल सिंगराम सह प्रमूख निधि ऊईके,राष्ट्रीय कला मंच प्रमूख मोनीष चक्रवर्ती सह प्रमूख संयोगिता झारीया,खेलो भारत प्रमूख यशवंत सह प्रमूख हर्ष झारीया,स्टडी सर्कल प्रमुख भूपेंद्र ऊईके,विद्यालय कार्य प्रमुख पायल चंद्रवंशी सह प्रमुख प्रांजल झारिया, तकनीकी कार्य प्रमुख राजा साहू,छात्रावास प्रमुख अरुणा राज सह प्रमुख कुंजबिहारी इनवाती व निकिता मरावी,तनु गुप्ता को नगर कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थी परिषद के पूर्व कार्यकर्ता, शिक्षक गण व सभी दायित्ववान कार्यकर्ता उपस्थित रहे सभी ने नवीन दायित्व वान कार्यकर्ताओं को फूल मालाओं से स्वागत कर शुभकामनाएं प्रेषित की ।

## नहीं थम रही बारिश, किसान नहीं कर पा रहे बोवनी

**छतरपुर ।** जिले में लगातार हो रही बारिश अब जनजीवन को बुरी तरह प्रभावित करने लगी है। एक ओर जहां जिले के तमाम नदी-नाले उफान पर आ गए हैं, जिससे कई गांवों का संपर्क मुख्य मार्गों से कट गया है, तो वहीं दूसरी ओर बारिश के कारण किसानों की बोवनी (बुवाई) भी नहीं हो पा रही है। कई स्थानों पर खेतों में जलभराव होने से फसलों को नुकसान होने की भी जानकारी मिली है। इस साल के मौसम से किसानों में निराशा छाई हुई है। उल्लेखनीय है कि जिले में करीब एक सप्ताह से हर रोज बारिश हो रही है। जिले की धसान, केन, उर्मिल, पुखराव सहित अन्य छोटे-बड़े नाले उफान पर हैं। शुक्रवार को सटई क्षेत्र के झमटुली गांव में बेहर मोहल्ले का नाला उफान पर होने से देवगांव, देवरा, बिजावर और अमानगंज को जोड़ने वाला मार्ग बंद हो गया। इससे ग्रामीणों को आवश्यक सामान लाने और आपातकालीन सेवाओं, जैसे अस्पताल पहुंचने में भारी कठिनाई हुई। वहीं दूसरी ओर पुखराव नदी का अस्थाई पुल बह गया जिससे खरयानी, पलकौंहा, ढोंढन् आदि गांवों का संपर्क कट गया। लगातार बारिश ने न केवल किसानों की आजीविका को प्रभावित किया है।

# सरपंच-सचिव-उपयंत्री की तिकड़ी ने पुराने गलीप्लग पर नई परत चढ़ाकर डकारे लाखों रुपए

## गेबियन निर्माण के नाम पर हुआ बड़ा फर्जीवाड़ा



**जागरण, डिंडोरी ।** जनपद पंचायत डिंडोरी अंतर्गत ग्राम पंचायत कनईसांगवा में मनरेगा योजना के तहत हुए निर्माण कार्यों में बड़े फर्जीवाड़े का मामला सामने आया है। आरोप है कि सरपंच, सचिव और उपयंत्री की मिलीभगत से पुराने गलीप्लग कार्य पर नई परत चढ़ाकर लाखों रुपये का गबन कर लिया गया। गेबियन निर्माण के नाम पर फर्जी माप पुस्तिका तैयार कर शासन की राशि का दुरुपयोग किया गया है।ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार पूर्व में मनरेगा योजना से गलीप्लग और बोल्डर चेकडैम का निर्माण कराया गया था, जिन स्थानों पर आज भी प्राकृतिक बोल्डर पत्थर की भरमार है। इसके बावजूद वर्ष 2023-24 में इन्हीं स्थलों पर पुनः निर्माण कार्य दिखाकर जीआई तार, बोल्डर परिवहन, स्टोन चिपिंग, डिस्प्ले बोर्ड आदि के नाम पर लाखों का भुगतान कर दिया गया।

**इन मदों में हुआ भुगतान :** वित्तीय वर्ष 2023-24 में घुघवा नाला पर गेबियन निर्माण कार्य के लिए स्टोन चिपिंग 7140,बोल्डर परिवहन 23100, स्टील वायर 25135 कुल भुगतान 55,375 (दिनांक 31 जुलाई 2024) फर्म- एमआरएन ट्रेडर्स। इसी प्रकार गेबियन भाग 01 में डिस्प्ले बोर्ड ?5000,स्टोन चिपिंग 9800,जीआई वायर ङ्क ?25135, बोल्डर 73100 कुल भुगतान 1,13,035 (दिनांक 28 जून 2024) सूत्रों के अनुसार गेबियन निर्माण कार्य के विभिन्न भागों ङ्क भाग 01, भाग 02, मेड़ा नाला, घुघवा नाला आदि में कुल आठ स्थानों पर कार्य दिखाकर करीब 6 लाख 10 हजार रुपये का फर्जी भुगतान किया गया है।

### किस खदान से आया बोल्डर

सबसे बड़ा सवाल यह है कि लाखों रुपये के बोल्डर पत्थर का परिवहन अगर किया गया, तो वह किस अधिकृत खदान से खरीदा गया ? क्या संबंधित फर्म ने खनिज विभाग से रॉयल्टी चुकाई ? या फिर अवैध खनन व परिवहन कर शासन को नुकसान पहुंचाया गया स्थानीय लोगों का कहना है कि गेबियन निर्माण कार्य के नाम पर पुराने निर्माण पर केवल जीआई वायर लपेटकर और माप पुस्तिका में हेरफेर कर योजनागत भ्रष्टाचार किया गया है।

**न जांच, न सूचना पटल:** कार्यस्थलों पर कहीं भी सूचना पटल नहीं लगाया गया, जो मनरेगा की अनिवार्य शर्त है। इससे यह भी स्पष्ट होता है कि पूरे प्रकरण में पारदर्शिता नहीं रखी गई और शासन की आंखों में धूल झोंकी गई।वहीं अब स्थानीय लोगों ने जिला प्रशासन से इस पूरे मामले की उच्च स्तरीय जांच और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है। यदि जल्द जांच नहीं हुई, तो यह घोटाला सरकारी योजनाओं की विश्वसनीयता पर सवाल खड़ा कर देगा।

# गरीब, आदिवासी किसानों को मिनीकिट तथा क्लस्टर प्रदर्शन खरीफ बीजों का वितरण किया



**छतरपुर। खजुराहो ।** जिला कलेक्टर पार्थ जैसवाल तथा उपसंचालक कृषि डॉ.के.के.वैद्य से प्राप्त निर्देशों के पालन में किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग विकाश खण्ड राजनगर द्वारा ग्राम पंचायत धवाड़, धमना, पथरगुवां, चंद्रनगर,पीरा, पिपट,खजवा तथा ललपुर पहुंचकर गरीब तथा आदिवासी किसानों को शासन की योजना के अंतर्गत खरीफ वर्ष 2025 में खरीफ फसलों के मिनीकिट तथा क्लस्टर प्रदर्शन बीजों का वितरण किया,उक्त मिनीकिट तथा क्लस्टर प्रदर्शन के साथ साथ फसल बीमा पाठशाला कार्यक्रम का आयोजन किया गया,उक्त कार्यक्रम में मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक अरविंद पटेरिया ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा की केन्द्र और प्रदेश सरकार किसानों के हित में विभिन्न लाभकारी योजनाओं के साथ कार्य कर रही है,सभी किसान भाई बहिन शासन की योजनाओं का लाभ उठाएं और कृषि को लाभ का धंधा बनाएं,इस मौके पर ß्रठ्ठ राजनगर बी.के.श्रीवास्तव,जनपद उपाध्यक्ष पुष्पेन्द्र अवस्थी, मण्डल अध्यक्ष कमलेश पटेल,संजय मिश्रा धवाड़,जनपद पंचायत राजनगर की कृषि स्थाई समिति के अध्यक्ष प्रतिनिधि बृजगोपाल पटेल, फ़सल बीमा प्रतिनिधि दीपेंद्र सिंह राजपूत,ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारियों सहित भाजपा पदाधिकारी, जनप्रतिनिधिगण और ग्रामवासी शामिल रहे।

# अवैध हथियार कट्टा, अद्धी, कारतूस सहित 3 आरोपी गिरफ्तार



**जागरण, लवकुशनगर ।** विगत दिनों में छतरपुर जिले में अवैध हथियारों की तस्करी, निर्माण एवं उपयोग में लिप्त 365 से अधिक आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है, जिसमें अवैध हथियार निर्माण फैक्ट्रियों पर छापामार कार्यवाही भी शामिल है।इसी क्रम में थाना लवकुश नगर पुलिस को पृथक पृथक स्थानों में संदिग्ध व्यक्तियों के अवैध हथियार सहित होने की सूचना प्राप्त हुई पुलिस टीम संबंधित स्थान पर पहुंची। जेल के पास प्रतापपुरा रोड से 315 बोर के कट्टा व कारतूस सहित आरोपी सूरजभान कुशवाहा पिता कुटन कुशवाहा निवासी ग्राम रामूपुरा थाना लवकुश नगर को गिरफ्तार किया। अक्टोहा रोड बाईपास तिगेला लवकुश नगर से आरोपी जोधा कुशवाहा पिता गयादीन कुशवाहा निवासी ग्राम रामूपुरा को देशी अद्धी व कारतूस सहित गिरफ्तार किया। बदमऊ तिगेला के आगे से आरोपी नंदकिशोर कुशवाहा पिता उदल कुशवाहा निवासी ग्राम रामूपुरा को अवैध 315 बोर के कट्टा व कारतूस सहित गिरफ्तार किया। उक्त आरोपियों की सोशल मीडिया में अवैध हथियार सहित फोटो वायरल हुई थी। अवैध हथियार व कारतूस जप्त कर तीनों अभियुक्तों के विरुद्ध आयुध अधिनियम की धाराओं के अंतर्गत पृथक पृथक प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई है। विवेचना कार्यवाही जारी है। इस कार्यवाही में एसडीओपी लवकुश नगर नवीन दुबे, थाना प्रभारी लवकुश नगर निरीक्षक अजय अंबे, सहायक उप निरीक्षक दीवान सिंह, सहायक उप निरीक्षक जेपी बागरी, प्रधान आरक्षक माता बादल पटेल, आरक्षक रमाकांत तिवारी, मंगल यादव, सूरज शर्मा, बलराम अहिरवार, कुलदीप, चांद खान, देव सिंह, विकास सिंह, कुलदीप सेन, हृदेश नायक उमेश वर्मा की भूमिका रही।

# कलेक्टर के निर्देशन में एसडीएम, तहसीलदार सहित राजस्व टीम पानी से प्रभावित मार्गों का कर रही निरीक्षण

## पुलिस, होमगार्ड और एसडीईआरएफ टीम अलर्ट मोड पर है आपात स्थिति होने एवं सहायता के लिए 07682-245376 पर संपर्क करें

**जागरण, छतरपुर ।** छतरपुर जिले में अत्यधिक बारिश के चलते जिले के कई मार्ग प्रभावित हैं। साथ ही विभिन्न पहुंच मार्गों के पुल पुलियों के ऊपर से पानी बह रहा है। इसी स्थिति में पैदल एवं वाहन से ऐसे रास्तों को पार न करें। कलेक्टर पार्थ जैसवाल के निर्देशन में जिले के सभी विकास करो में राजस्व अधिकारियों द्वारा लगातार बारिश से प्रभावित मार्गो पुलपुलियों का निरीक्षण किया जा रहा है और लोगों को सावधानी बरतने की सलाह दी जा रही है। साथ ही ऐसे मार्गों को बेरिकेडिंग कर बंद किया जा रहा है। जिनके ऊपर से पानी का बहाव है।

गौरिहार अनुभाग अंतर्गत बारीगढ़ से गौरिहार मार्ग पर बलरामपुर ग्राम में स्थित खेल नदी पर पानी का बहाव पुल के नीचे है। सुरक्षा की दृष्टि से मार्ग पर बैरिकेट्स लगाया गया है। गौरिहार मतौंध मार्ग पर ग्राम खड्डी स्थित पुल के नीचे पानी का बहाव है। सरबई से बांदा मार्ग पर केन नदी का पानी पुल के पर्याप्त सीमा से नीचे बहाव है। कोई आवागमन में कोई व्यवधान नहीं है।सभी जगहों पर कोटवारों की ड्यूटी लगाई गई है। लवकुशनगर चंदला में बारिश से किसी प्रकार का नुकसान नहीं है जल भराव की स्थिति नहीं है। स्थिति सामान्य है।बड़ामलहरा एवं घुवारा में बारिश होने से स्थिति सामान्य है। गरखुआँ पुल पर पानी है, बैरिकेडिंग से मार्ग बंद कर दिया गया है। ढडौरा से बुडेरा नाला को अस्थायी बंद किया गया है। बिजावर क्षेत्र में गुलगंज से कुर्रा मार्ग बंद है। झमटुली सटई मार्ग बंद है। ग्राम पनागर में पानी भरने पर निकासी निकासी कार्य कराया गया है। नौगांव क्षेत्र में नेगुवां में पुल के ऊपर पानी जा रहा है। जिससे रास्ते में राजस्व एवं होमगार्ड टीम मौके पर मौजूद है। साथ है पिपरी रिपटा मार्ग में पानी होने से बेरिकेडिंग की गई है। ग्राम बंचोरा का भी निरीक्षण किया गया। स्थिति सामान्य है। छतरपुर अंतर्गत सौरा तालाब में पानी से फुल होने पर पानी निकासी खुलवाई गई है। साथ ही ग्राम पिड़पा में सिंगाड़ी नदी उफान पर है ग्रामवासियों को आने जाने के लिए मना किया गया है। उर्मिल नदी में बहाव तेज होने पर ग्राम हतना पठापुर मार्ग अवरुद्ध है। मार्ग प्रतिबंध किया गया है। ईशानगर बौड़ा मार्ग के पुलिया पर है। रास्ता प्रतिबंधित है।राजनगर अंतर्गत रनेह फॉल रोड पर स्थित नदी पुलिया उफान पर होने से रास्ता बंद है। सभी स्थानीय कर्मचारी मौके पर है। रनगुआ सिलोन मार्ग भी अवरुद्ध है। चंद्रनगर से राजगढ़ मार्ग भी बंद है। स्थिति सामान्य है। बक्सवाहा के ग्राम बम्होरी की पुलिया पर पानी होने पर बैरिकेटिंग कराई गई है। जिला प्रशासन के निर्देशन में अत्यधिक बारिश होने पर उत्पन्न होने वाली प्राकृतिक आपदा में फंसे होने से बचाव या सहायता के लिए जिला स्तर पर बाढ़ नियंत्रण कंट्रोल रूम भी स्थापित किया गया है। जिसका नंबर 07682-245376 है। किसी भी घटना की तत्काल जानकारी एवं सहायता के लिए संपर्क किया जा सकता है।

## बारिश के कारण फसलों की क्षति आंकलन के लिए दल गठित

**छतरपुर।** जिले में लगातार हो रही अति वर्षा के कारण खरीफ फसलों में संभावित नुकसान को दृष्टिगत रखते हुए कलेक्टर पार्थ जैसवाल के निर्देश पर उप संचालक कृषि द्वारा विकासखण्ड स्तर पर संयुक्त समिति का गठन किया है। उक्तानुसार गठित समिति को निर्देशित किया गया है कि अपने-अपने विकासखण्ड में खरीफ फसलो का सर्वे कर फसल नुकसानी का सर्वे रिपोर्ट तीन दिवस के अंदर अधोहस्ताक्षरी के समक्ष प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें।

## नगर पालिका ने किया कंट्रोल रूम स्थापित

**छतरपुर ।** जिला प्रशासन के निर्देशानुसार जिले में हो रही अतिवृष्टि/वर्षा की स्थिति को दृष्टिगत रखते हुए आम नागरिकों एवं वार्डवासियों की समस्याओं का त्वरित निराकरण करने, नगर में जलभराव की स्थिति पर नियंत्रण रखने, तालाबों की उचित देखरेख सुनिश्चित करने तथा प्राप्त आवेदन पत्रों के शीघ्र समाधान हेतु नगरपालिका कार्यालय छतरपुर में कन्ट्रोल रूम स्थापित किया गया है। इस कन्ट्रोल रूम की मॉनीटरिंग एवं निगरानी हेतु संजेश नायक स्वच्छता निरीक्षक मोबाइल नंबर 9926234777 एवं गोकुल प्रसाद प्रजापति उपयंत्री मोबाइल नंबर 9165774755 को अधिकारियों को प्रभारी नियुक्त किए।

## शहर के तालाबों का नगर पालिका और पुलिस की टीम ने मौके पर पहुंचकर किया निरीक्षण

**छतरपुर।** छतरपुर जिले में लगातार हो रही मूसलधार बारिश के चलते शहर के प्रमुख जलस्रोतों का जलस्तर तेजी से बढ़ रहा है। शहर के संकट मोचन तालाब, किशोर सागर तालाब, सौरा तालाब, प्रताप सागर तालाब सहित अन्य तालाबों का निरीक्षण किया गया। जिससे आसपास के क्षेत्रों में जलभराव की आशंका बन गई है। संभावित स्थिति की गंभीरता को देखते हुए शनिवार को नगर पालिका और पुलिस प्रशासन की टीम ने शहर के तालाबों का निरीक्षण किया।

संस्थापक ▸ गुरुदेव गुप्त

संपादकीय

## जानलेवा पुलों की घटनाओं से सबक नहीं ले रहा तंत्र

किसी भी हादसे का सबसे बड़ा सबक यह होना चाहिए कि वैसी घटना दोबारा न हो, इसके लिए सभी स्तर पर हरसंभव उपाय किए जाएं। मगर ऐसा लगता है कि बार-बार के हादसों के बावजूद सरकारी तंत्र के लिए इस पर गौर करना कोई जरूरी काम नहीं है और उसकी नींद तभी खुलती है, जब किसी बड़े हादसे से लोगों के बीच उपजा आक्रोश तूल पकड़ने लगता है। गुजरात के वड़ोदरा में एक पुल ढह जाने और उससे हुए जानमाल के नुकसान की घटना सरकारी तंत्र की इसी व्यापक लापरवाही और संवेदनहीनता का सबूत है। वडोदरा में आणंद और पादरा को जोड़ने वाले व्यस्त पुल का एक हिस्सा अचानक ढह गया। इसकी चपेट में कई वाहन आए और टूटते पुल से महिसागर नदी में गिर गए। खबरों के मुताबिक, इसमें कम से कम सोलह लोगों की जान चली गई और कई अन्य घायल हुए। इस घटना को भी किसी आम हादसे की तरह देखा जाएगा, मरने और घायल होने वालों के लिए मुआवजे की घोषणा और जांच का आश्वासन जारी कर दिया जाएगा। यह समझना मुश्किल है कि जिस पुल के जर्जर होने और कभी भी हादसे का शिकार होने की आशंका से जुड़ी खबरें आ चुकी थीं, उस पर यातायात को रोकने और अन्य सुरक्षा इंतजाम करने की जरूरत क्यों महसूस नहीं की गई। सरकार के किन-किन महकमों और उसके कर्ता-धर्ता से जुड़ा है और इसके जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कोई कार्रवाई क्यों नहीं होती। जिस राज्य के विकास को देश भर में उदाहरण के रूप में पेश किया जाता है, वहां सिर्फ चालीस साल पहले बना पुल इस हालत में पहुंच जाता है तो इसका जिम्मेदार कौन है? क्या ऐसे लोगों की पड़ताल

> जिस पुल के जर्जर होने और कभी भी हादसे का शिकार होने की आशंका से जुड़ी खबरें आ चुकी थीं, उस पर यातायात को रोकने और अन्य सुरक्षा इंतजाम करने की जरूरत क्यों महसूस नहीं की गई।

कर उन्हें कानून के कठघरे में खड़ा किया जाएगा? दरअसल, वडोदरा में पुल गिरने की घटना देश भर में हादसों की महज एक कड़ी है। इससे पहले अक्तूबर, 2022 में गुजरात के ही मोरबी शहर में मच्छू नदी पर बना एक पुल नदी में गिर गया था, जिसमें एक सौ पैंतीस लोगों की जान चली गई थी। तब यह खबर आई थी कि सरकार ने सभी पुलों को मजबूती से जांचने और रखरखाव पुख्ता करने का दावा किया है। मगर पुल ढहने की ताजा घटना से सरकारी दावों की हकीकत एक बार फिर सामने आई है। आमतौर पर पुल के बनने के वक्त ही उसकी कुल आयु और रखरखाव के बारे में बता दिया जाता है। अगर कोई पुल जोखिम की हालत में होता है तो उसे बंद कर दिया जाता है। ठोस तरीके से मरम्मत या फिर उसका पुनर्निर्माण किया जाता है। विडंबना यह है कि वडोदरा के जर्जर पुल के जोखिम की आशंका जताए जाने के बावजूद कोई सावधानी नहीं बरती गई। अब सरकार को यह बताने की जरूरत है कि अगर आशंकाओं की जानबूझ कर अनदेखी नहीं की गई तो पुल की हालत के प्रति व्यापक लापरवाही की जवाबदेही किसकी है और कम से कम भविष्य में पुलों को सुरक्षित बनाने को लेकर धरातल पर क्या ठोस कदम उठाए जाएंगे!

# मतदाता सूची पुनरीक्षण से चुनाव आयोग पर सवाल

मतदाता सूची

**अशोक लवासा**

यह बहस का विषय है कि ऐसे देश में जहां सरकार द्वारा कोई नागरिकता दस्तावेज जारी नहीं किया जाता, क्या चुनाव आयोग को ऐसे प्रावधानों का पालन करना चाहिए जिससे नागरिकों को मतदान अधिकार से वंचित करने का खतरा खड़ा हो जाए या उसे अपनी पुरानी समय-सिद्ध प्रक्रिया का पालन करना चाहिए। जरूरी नहीं जो कानूनी तौर पर हो, वह हमेशा उचित हो। मतदाता सूचियों का 'शोधन' एक सराहनीय उद्देश्य, एक जायज मांग और कठिन जिम्मेदारी है। भारत के पहले मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) सुकुमार सेन ने मतदाता सूची (ईआर) की गुणवत्ता पर अपनी पूरी तसल्ली होने बाद ही 1951 में प्रथम चुनाव करवाने से पहले, 18 महीने तक काफी दबाव झेला था। वर्तमान मुख्य चुनाव आयुक्त ने भी, जब इस साल की शुरुआत में, मतदाता सूची में कथित हेराफेरी और विसंगतियों की शिकायतों पर प्रतिक्रिया देते हुए 90 दिनों के अंदर सुधारात्मक कदम उठाने का आश्वासन देश को दिया था। लेकिन इस दिशा में उठाए गए एक कदम ने चुनाव आयोग को विवाद के घेरे में ला दिया, जो कि पिछले कुछ समय से इस संस्थान को घेरने वाले कई विवादों में एक है। हालांकि इस मामले में अब सुप्रीम कोर्ट का फैसला आने के बाद स्थिति स्पष्ट होती नजर आ रही है।

समय-समय पर चुनाव करवाने वाले काम के विपरीत, मतदाता सूची तैयार करना एक सतत प्रक्रिया है, जिसमें जन-प्रतिनिधित्व अधिनियम 1950 की धारा 21 (2) और मतदाता पंजीकरण नियमों के नियम 25 के अनुसार प्रत्येक चुनाव से पहले संशोधन किया जाना शामिल है। इस हिसाब से, 2024 में हुए लोकसभा चुनावों से पहले एक राष्ट्रव्यापी संशोधन कार्य किया जाना बनता था। इस साल 24 जून को चुनाव आयोग ने बिहार की मतदाता सूचियों का विशेष गहन संशोधन करने का आदेश दिया, जबकि वहां होने वाले विधानसभा चुनाव में चंद महीने बाकी हैं। ऊपरी तौर से, इसका मंतव्य यह सुनिश्चित करना है कि 'मतदाता सूची में सभी पात्र नागरिक जुड़ें', 'कोई अयोग्य मतदाता न हो' और 'सूची में मतदाताओं को जोड़ने या हटाने की प्रक्रिया में पूरी पारदर्शिता हो।' इस आदेश में गहन संशोधन हेतु विस्तृत प्रक्रिया




> मतदाता सूची में कथित हेराफेरी और विसंगतियों की शिकायतों पर प्रतिक्रिया देते हुए 90 दिनों के अंदर सुधारात्मक कदम उठाने के फैसले ने चुनाव आयोग को विवाद के घेरे में ला दिया, जो कि पिछले कुछ समय से इस संस्थान को घेरने वाले कई विवादों में एक है। हालांकि इस मामले में अब सुप्रीम कोर्ट का फैसला आने के बाद स्थिति स्पष्ट होती नजर आ रही है।

की रूपरेखा दी गई, लेकिन इसने मतदाता सूची में 2003 से पहले और इसके बाद जुड़े मतदाताओं के बीच एक विवादास्पद अंतर खड़ा कर दिया, उस साल बिहार में आखिरी मर्तबा एसआईआर कार्य हुआ था।

यह घोषणा करने का वक्त और इसे अचानक किए जाने से हो-हल्ला मच गया, खासकर इसलिए कि यह प्रक्रिया उन अन्य राज्यों में नहीं करवाई गई जहां 'शुद्धीकरण' किया जाना इतना ही महत्वपूर्ण था और चुनाव भी तुरंत नहीं होने वाले थे। संदेह की वजह यह समझने में मुश्किल होना रही कि चुनाव आयोग किस चीज़ को आधार बनाकर 2003 तक पंजीकृत हुए लोगों की साक्ष्य-साख का अधिक मोल डाल रहा है। समझना मुश्किल है कि 2003 से पहले वाली और बाद वाली में अपनाई प्रक्रिया के बीच फर्क क्यों रखा जा रहा है? खासकर जब संक्षिप्त संशोधन या विशेष गहन संशोधन या चालू पंजीकरण के दौरान अपनाई जाने वाली प्रक्रिया एक जैसी है, जिसमें दस्तावेज जमा करवाए जाते हैं और बूथ स्तर का अधिकारी उनकी भौतिक सत्यापना करता है। 24 जून की प्रारंभिक अधिसूचना के अनुसार यह आशंका व्यक्त की गई कि 2003 के बाद पंजीकृत मतदाता यदि कोई संतोषजनक दस्तावेजी साक्ष्य प्रस्तुत करने में विफल रहते हैं तो उनका नाम मसौदा मतदाता सूची से स्वतः हट जाएगा। चुनाव आयोग के लिए अच्छा रहता यदि आदेश के साथ-साथ एक प्रेस नोट भी जारी करता, यह समझाने के लिए कि 24 जून के आदेश के पैरा 13 से जो अर्थ निकाले जा रहे हैं, वह वैसा नहीं है, जब उसमें कहा गया : 'मसौदा सूची में उन सभी मतदाताओं के नाम शामिल होंगे जो 25 जुलाई, 2025 से पहले-पहले विधिवत भरा हुआ पंजीकरण फॉर्म जमा करवा देंगे। चूंकि यह एक गहन संशोधन है, इसलिए यदि 25 जुलाई, 2025 से पहले पंजीकरण फॉर्म जमा नहीं करवाया जाता, तब मतदाता का नाम मसौदा सूची में शामिल नहीं किया जा सकेगा।' चुनाव आयोग को तुरंत स्पष्ट करना चाहिए था कि 'विधिवत भरे गए फॉर्म' से यहां आशय 'केवल वही फॉर्म जिनके साथ अपेक्षित दस्तावेज संलग्न हों' नहीं है व बूथ स्तरीय अधिकारी ऐसे पंजीकरण फार्म मसौदा सूची में शामिल न किए जाने की 'अनुशंसा' नहीं करेगा और नतीजन उनका नाम मसौदा मतदाता सूची से बाहर रह जाएगा। इसका अहसास होने पर आयोग ने 30 जून को स्पष्टीकरण दिया : 'कोई भी व्यक्ति जिसका नाम 2003 की बिहार मतदाता सूची में नहीं है, वह अभी भी अपने माता या पिता के लिए कोई अन्य दस्तावेज प्रदान करने के बजाय 2003 की मतदाता सूची में दर्ज जानकारी का संदर्भ उपयोग कर सकता है। इसके लिए, 2003 वाली मतदाता सूची वाला प्रासंगिक विवरण पर्याप्त होगा'। यह किए जाने से उन लोगों का बोझ हल्का हो गया होगा, जिनके लिए इससे पूर्व उक्त दस्तावेज पेश करना जरूरी था व उन्हें पाना कठिन हो सकता था। जिस बात ने विवाद को और हवा दी, वह है चुनाव आयोग द्वारा जन्मतिथि के आधार पर अंतर करना जैसे 1 जुलाई, 1987 से पहले जन्मे लोगों के लिए अपने जन्म का दस्तावेज़ी सबूत देना अनिवार्य है, और 1 जुलाई, 1987 से 2 दिसंबर, 2004 के बीच पैदा हुए लोगों को 'अपना और पिता या माता में किसी एक का' कोई दस्तावेज़ प्रस्तुत करना है और 2 दिसंबर, 2004 के बाद जन्मे लोगों को 'अपना और पिता और माता, तीनों का' दस्तावेज़ प्रस्तुत करते हुए जन्मतिथि और/या जन्म स्थान सिद्ध करना है। चुनाव आयोग का तर्क है कि यह अंतर विशेष गहन संशोधन की वजह से है, क्योंकि यह प्रावधान उस 'अनुच्छेद 326 को सख्ती से लागू करता है' जो 'भारत के प्रत्येक वयस्क नागरिक' को मताधिकार प्रदान करता है। हंगामा इस बात पर खड़ा हुआ कि अब तक तो उसी अनुच्छेद 326 को बरकरार रखने में चुनाव आयोग तमाम अन्य दस्तावेजी साक्ष्यों और भौतिक सत्यापना पर भरोसा करता आया है। यह बहस का विषय है कि ऐसे देश में जहां सरकार द्वारा कोई नागरिकता दस्तावेज जारी नहीं किया जाता, क्या चुनाव आयोग को ऐसे प्रावधानों का पालन करना चाहिए जिससे नागरिकों को मतदान अधिकार से वंचित करने का खतरा खड़ा हो जाए या उसे अपनी पुरानी प्रक्रिया का पालन करना चाहिए। चुनाव आयोग मतदाताओं का नाम शामिल करने में सदा से समावेशी दृष्टिकोण को प्राथमिकता देता आया है। तब इसने एक नया दृष्टिकोण और प्रक्रिया क्यों चुनी?

पहले से पंजीकृत उन मतदाताओं के भाग्य का क्या होगा, जिन्हें बाकायदा वोटर कार्ड जारी कर रखे हैं, लेकिन अब तय दस्तावेज दिखाने में असमर्थता के कारण मताधिकार से वंचित होना पड़ेगा? क्या उनकी नागरिकता तय करने के लिए सरकार उनके मामलों को अपने हाथ में लेगी?

असम में सालों पहले इसी किस्म की कवायद में डी (संदिग्ध) श्रेणी में रखे गए लोगों का भाग्य अभी मालूम नहीं है।

बिहार में भी विशेष गहन संशोधन से ऐसे 'गुमशुदा' नागरिक पैदा होने की आशंकाएं स्वाभाविक हैं।

**(लेखक भारत के पूर्व चुनाव आयुक्त हैं।)**

# सड़कों के ठेकेदार-अफसरों की हरियाली का सावन आया

उलटबाँसी

**मुकेश नेमा**

सावन के बादलों का इंतज़ार बस प्रेमियों को रहता हो ऐसी क़तई नहीं है। सड़क बनाने वाले ठेकेदार और अफसर उनसे भी ज्यादा अधीरता से निहारते है बादलों को। बादलों की प्राथमिक ज़िम्मेदारी है कि वो आएं और सड़कों को बहा ले जाएं। सड़क बनाने वाले ठेकेदार और अफसर आस्तिक होते हैं। भगवान भी प्रेम करता है उनसे और आमतौर पर हर साल बादल भेजना याद रखता है। बादल आते हैं। बरसते हैं और उनका रास्ता ताकती भावनाओं से भरी सड़कें बह जाती है। सड़कें बहने के लिए ही बनाई जाती है हमारे यहाँ। पर कभी कभार अनहोनी भी होती ही हैं। कुछ ढीठ किस्म की सड़कें नहीं भी बहती। ऐसा ही अजीब वाकया हुआ एक शहर में। एक सड़क बादलों के मनुहार के बावजूद नहीं बही। दुनिया का सातवाँ आश्चर्य.....! देखते ही देखते यह खबर आग की तरह फैली। हैरान जनता झुंड बना बना कर उसे देखने आई। पब्लिक को सतयुग आने का शक हुआ....। लोगों ने आँखें मल मल कर देखा बिना बही सड़क को। एक दूसरे को चिकोटी काट कर तस्दीक की कि कहीं वो सपना तो नही देख रहे। और जो चीज देख रहे हैं वो सड़क ही है या कुछ और है। फिर जनता हो हो कर हँसी और उसने सड़क बनाने वाले अफसर और ठेकेदार को गधा करार दिया।

खबर सड़क बनाने के लिए जिम्मेदार महकमे तक भी पहुँची। संबंधित अफसर को बाक़ी अफसरों ने दया भाव



> सड़कें बहने के लिए ही बनाई जाती है हमारे यहाँ। पर कभी कभार अनहोनी भी होती ही हैं। कुछ ढीठ किस्म की सड़कें नहीं भी बहती। ऐसा ही अजीब वाकया हुआ एक शहर में। एक सड़क बादलों के मनुहार के बावजूद नहीं बही। दुनिया का सातवाँ आश्चर्य.....! फिर जनता हो हो कर हँसी और उसने सड़क बनाने वाले अफसर और ठेकेदार को गधा करार दिया।

से देखा। सब हँसे उस पर। वो अपनी ग़ैरजिम्मेदारी पर शर्मिंदा हुआ। उसने फौरन सड़क बनाने वाले ठेकेदार को तामील किया। ठेकेदार आया। घबराया और आँखें नीचे किए रहा।

साहब अनमना है बहुत। ...शर्मा ऐसी उम्मीद थी नहीं तुमसे। ठेकेदार सचमुच शर्मिंदा है। दुखी है अपने ही पेट पर लात मारने के लिए। सर मैंने डांटा है अपने बंदों को। साहब मायूस भी है। ये क्या कर बैठे तुम? बिना बही सड़कें साख खराब करती हैं। अब बड़े अफसर तुम्हारे साथ मुझे भी नौसिखिया मानेंगे। सबका नुकसान कर दिया तुमने। नई नई नौकरी है मेरी। मुझे डर है कहीं प्रोबेशन पीरियड न बढ़ा दिया जाए मेरा। अफसर भी नया था और ठेकेदार भी। ठेकेदार के मरे बाप भी ठेकेदार थे सो लड़का भी ठेकेदार हुआ और फिर नासमझी में वो सड़क बना बैठा जो बहने के लिए तैयार नहीं हुई। ...कम से कम अपने पिताजी की इज्जत की ही सोच लेते। वो इतने शरीफ थे कि बादलों को जहमत देने से भी बचते थे। कागज़ों पर ही सड़कें बना कर बहा देने के लिए मशहूर थे। और ये तुम्हारा किया धरा है। न सड़क बही न उसमें गढ्ढे हुए। सड़कें बहेगी नहीं तो हमारी तुम्हारी जरूरत क्या रह जाएगी?

...सर आदमी गलती कर के ही सीखता है। अब आगे कभी ऐसी गलती हो जाए तो आपका जूता और मेरा सर।

...सब हँस रहे है यार। मन लगाकर काम किया नहीं तुमने।

...सर अब ये गलती दोबारा नहीं होगी।

बादलों की भी पेशी हुई इन्द्र के सामने। ....कामचोरी सीख आए धरती पर जाकर। उस सड़क को राजी नहीं कर पाए बहने के लिए ?

...महाराज, हमने तो पूरी कोशिश की उसे मनाने की। पर वो जिद्दी और ईमानदार थी।

...ये अजीब बात बताई तुमने। सड़कें तो मरी जाती है बहने के लिए। तुम्हीं ढंग ये इन्प्रेस कर नहीं पाए उसे। निकम्मे हो तुम। यदि हम सड़कें ही न बहा सके तो कौन भरोसा करेगा हम पर ?

...सर अगली बार फिर कोशिश करेंगे हम। उस घमंडी सड़क का सर झुका कर रहेंगे।

इन्द्र नाराज थे सो बादल दफ़ा किए गए।

खैर। जो होना था हो चुका। एक जिद्दी सड़क ने बहने से इनकार कर बादलों ,ठेकेदारों और अफसरों सबके कैरियर को खतरे में डाल दिया है। बादल मुँह छुपाए फिर रहे है और अफसर और ठेकेदार गमगीन है। ये शाम को गम गलत करेंगे मिलकर। आगे की कार्य योजना तैयार करेंगे। उम्मीद की जाना चाहिए कि बादल हिम्मत कर दोबारा बरसेंगे। मना लेंगे सड़क को। अगली बार उसे बहाने में कामयाब होंगे। ये जरूरी भी है ताकि बादलों अफसरों और ठेकेदारों की साख ,उनका आत्मसम्मान और समाज में उनकी इज्जत दोबारा बहाल हो सके।

प्रसंगवश

# एक्सपायर्ड दवाओं को शौचालय में बहा देना ही उचित निपटान

देश की शीर्ष औषधि नियामक संस्था, सीडीएससीओ (केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन) ने कुछ दवाओं के एक्सपायरी डेट समाप्त हो जाने या उनका इस्तेमाल न होने पर फेंकने के बजाय उन्हें शौचालय में बहा देने का जो सुझाव दिया है, वह मानव स्वास्थ्य और पर्यावरण संरक्षण के लिहाज से दूरगामी महत्व का है। सीडीएससीओ ने ऐसी 17 दवाओं की सूची जारी की है, जिनमें ट्रामाडोल, टेंपेटाडोल, डायजेपाम, ऑक्सीकोडोन, फेंटेनाइल, मॉर्फिन सल्फेट आदि हैं। इनमें से अधिकांश दवाओं का उपयोग तीव्र या पुराने दर्द, मांसपेशियों में खिंचाव या चोट, चिंता या घबराहट, सर्जरी के बाद दर्द कम करने और नींद न आने पर किया जाता है। कुछ मामलों में तो इनकी एक खुराक भी बहुत घातक साबित हो सकती है। जिस व्यक्ति के लिए दवा निर्धारित की गयी, उसके बजाय किसी और व्यक्ति द्वारा इनका सेवन भी घातक हो सकता है। इन दवाओं की गुणवत्ता, सुरक्षा और प्रभावकारिता सुनिश्चित करना एक महत्वपूर्ण पहलू है। इन दवाओं को शौचालय में बहा देने से घर के लोगों और पालतू जानवरों को इनके नुकसान से बचाया जा सकता है। वन्यजीवों या लोगों द्वारा उपयोग किये जाने वाले जलस्रोतों में अगर ये दवाएं मिल जायें, तो उनके लिए यह बेहद खतरनाक साबित हो सकता है। सीडीएससीओ ने अपने 'मार्गदर्शन दस्तावेज' में कहा है कि पर्यावरण और सार्वजनिक स्वास्थ्य की रक्षा के लिए एक्सपायर्ड या अप्रयुक्त दवाओं का सुरक्षित और उचित निपटान महत्वपूर्ण है। इस दस्तावेज का उद्देश्य औषधि एवं प्रसाधन सामग्री अधिनियम एवं नियमों तथा अन्य लागू कानूनों के अनुसार समाप्त हो चुकी और अप्रयुक्त दवाओं के सुरक्षित निपटान के लिए स्पष्ट और व्यापक निर्देश प्रदान करना है। इस दस्तावेज में राज्य औषधि नियंत्रण विभागों तथा संबंधित केमिस्ट और ड्रगिस्ट एसोसिएशन को संयुक्त रूप से चुनींदा स्थानों पर 'ड्रग टेक बैक' कार्यक्रम शुरू करने की सलाह दी गयी है, जहां लोग अपने-अपने घरों से एक्सपायर्ड या अप्रयुक्त दवाएं लाकर वहां दे सकते हैं। दस्तावेज में कहा गया है कि एक्सपायर्ड दवाओं को पुनः बिक्री के लिए बाजार में भेज दिये जाने का खतरा भी है। यह दस्तावेज, जाहिर है, कानूनी आवश्यकताओं का अनुपालन सुनिश्चित करने, पर्यावरणीय असर को न्यूनतम करने और सार्वजनिक स्वास्थ्य जोखिम कम करने में मदद करेगा। यह दिशानिर्देश व्यापक रूप से एक्सपायर या अप्रयुक्त दवाओं के निपटान के तरीकों (उदाहरण के लिए, कैप्सूलीकरण,

> सीडीएससीओ ने अपने मार्गदर्शन दस्तावेज में कहा है कि पर्यावरण और सार्वजनिक स्वास्थ्य की रक्षा के लिए एक्सपायर्ड या अप्रयुक्त दवाओं का सुरक्षित और उचित निपटान महत्वपूर्ण है।

निष्क्रियीकरण और भस्मीकरण), मौजूदा नीतियों, हितधारकों द्वारा अपनाई जाने वाली प्रक्रियाओं और निपटान से पहले दवाओं के संग्रह, भंडारण और परिवहन की प्रक्रियाओं की रूपरेखा प्रस्तुत करते हैं। ये दिशानिर्देश अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, नई दिल्ली द्वारा 2018 में किए गए एक अध्ययन के बाद विकसित किए गए थे, जिसमें लैंडफिल में एक्सपायर या अप्रयुक्त दवाओं के निपटान से उत्पन्न पारिस्थितिक जोखिमों पर प्रकाश डाला गया था। इससे पहले 2019 में, दिल्ली स्थित थिंक टैंक सेंटर फॉर साइंस एंड एनवायरनमेंट (सीएसई) ने भी दिल्ली-राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र और उसके आसपास, घरेलू, खुदरा और थोक स्तर पर ऐसी दवाओं के अनुचित निपटान की ओर ध्यान आकर्षित किया था। इसने दवा वापसी पहल की भी वकालत की थी कि एक्सपायर हो चुकी और अप्रयुक्त दवाओं को उनके उत्पादन स्थल से सुरक्षित निपटान के लिए एक सुविधा केंद्र में वापस लाया जाए। सीएसई ने विस्तारित उत्पादक उत्तरदायित्व (ईपीआर) प्रावधान शुरू करने की सिफारिश की, जिससे ब्रांडेड और जेनेरिक दोनों प्रकार की दवा निर्माताओं को अप्रयुक्त दवाओं के निपटान के लिए जवाबदेह बनाया जा सके। ईपीआर एक ऐसी अवधारणा है जिसके तहत निर्माताओं को किसी उत्पाद के पूरे जीवनचक्र के लिए जिम्मेदार ठहराया जाता है, जिसमें उसकी वापसी और निपटान भी शामिल है। इसके प्रभावी कार्यान्वयन के लिए उपभोक्ताओं की भागीदारी आवश्यक होगी और इसमें उत्पादों को निपटान के लिए निर्माताओं या निर्दिष्ट सुविधाओं तक वापस भेजने के प्रबंधन हेतु रिवर्स लॉजिस्टिक्स शामिल होगा। सीडीएससीओ के अनुसार, दवाएं जिन्हें एक्सपायर होने या उपयोग में न आने पर कूड़ेदान में नहीं फेंकना चाहिए. इन दवाओं में कई पेनकिलर और एंटी-एंग्जायटी दवाएं शामिल हैं। इसलिए, इन दवाओं को टॉयलेट में फ्लश किया जाना ही सबसे उचित निपटान होगा।

॥गीता॥



**श्लोक**

**नाहं देहो न मे देहो बोधोऽहमिति निश्चयी।**
**कैवल्यं इव संप्राप्तो न स्मरत्यकृतं कृतम॥**

**भावार्थ**

न मैं यह शरीर हूँ और न यह शरीर मेरा है, मैं ज्ञानस्वरुप हूँ, ऐसा निश्चित रूप से जानने वाला जीवन मुक्ति को प्राप्त करता है। वह किये हुए (भूतकाल) और न किये हुए (भविष्य के) कर्मों का स्मरण नहीं करता है।

जीवन दर्शन

## सांसारिक सुखों में ही निहित हैं दुख के कारक

कोई भी मनुष्य तब तक संपूर्ण नहीं हो सकता है जब तक कि वह खुद को न जान ले। दरअसल, जिस खुशी को हम भौतिक वस्तुओं व लिप्साओं में तलाशते हैं वह तो नश्वर संसार में हमारे क्षरण का जरिया है। दरअसल, असल खुशी तो आंतरिक होती है। जो हमारी मनःस्थिति पर निर्भर करती हैं। सही मायनों में सांसारिक सुखों में ही हमारे दुख के कारक निहित होते हैं। लेकिन अंतर्मन के ज्ञान को हासिल करने वाला व्यक्ति हर हाल में सुखी रहता है। उसकी खुशी वास्तविक है और दीर्घकालीन होती है। सही मायनों में खुद को जानकर ही मनुष्य आध्यात्मिक की राह में आगे बढ़ सकता है। आज मनुष्य जिन मनोकायिक रोगों से जूझ रहा है उसके मूल में जीवन की कृत्रिमताएं हैं। हमारा जीवन लगातार यांत्रिक होता जा रहा है। सही मायनों में हम आज मशीनी जीवन शैली के पुर्जे मात्र बनकर रह गए हैं। विडंबना यह है कि हमारे जीवन का यह यांत्रिक चक्र जीवन पर्यंत यूं ही चलता रहता है। जब तक हमें वास्तविकता का अहसास होता है, तब तक बहुत देर हो चुकी होती है। दरअसल, हमारे पूर्वजों ने आश्रम व्यवस्था का सूत्रपात इसीलिए किया था कि एक निश्चित समय के बाद सांसारिक दायित्वों से मुक्त होकर वानप्रस्थ और संन्यास आश्रम के जरिये अंतर्मन की यात्रा की ओर उन्मुख हो सकें। हमारे जीवन में आलस्य व प्रमाद का वर्चस्व बढ़ता जा रहा है। हम सात्विक जीवन शैली से विमुख होते जा रहे हैं। मनुष्य को पारिवारिक दायित्वों के निर्वहन के साथ ही खुद से पूछना चाहिए कि मेरे जीवन का वास्तविक उद्देश्य क्या है। दरअसल, हम सजगता व व्यवस्थित जीवन शैली के जरिये ही गहन जीवन दृष्टि हासिल कर सकते हैं। जो हमारी अंतर्दृष्टि को जगाने में सहायक हो सकती है। कालांतर हमारी आंतरिक प्रेरणाएं ही हमारे वास्तविक जीवन का मार्ग प्रशस्त कर सकती हैं। दूसरे शब्दों में आत्मविश्लेषण के जरिये ही हम आत्मोन्नति की राह पर चल सकते हैं। दरअसल, एक आईना है आत्मविश्लेषण, जो हमें गहन आंतरिक यात्रा की ओर ले जाने में बाधक तत्वों से मुक्ति प्रदान करता है। वास्तव में हर व्यक्ति को ईमानदारी से आत्मविश्लेषण करना चाहिए कि उसके जीवन में विचारों का भटकाव क्यों है, जिस अध्यात्म के अनुकरण का दिखावा वह कर रहा है, क्या वास्तव में जीवन-व्यवहार हमने उतारा हैज दरअसल, हमें अपने विचार व आकांक्षाओं का ईमानदारी से मूल्यांकन करना चाहिए।

हमें अपनी कमजोरियों का ईमानदार विश्लेषण करना चाहिए। दूसरों के दोषों पर चर्चा करने के बजाय हमें अपने अवगुणों का भी अवलोकन करना चाहिए और उनसे मुक्ति की ईमानदार कोशिश की जानी चाहिए। सही मायनों में आत्मविश्लेषण की ईमानदार कोशिश ही हमारी आंतरिक यात्रा की राह खोलती है।

## संक्षिप्त खबरें

### महिला उद्यमियों ने राखी स्पेशल हस्तकला प्रदर्शनी लगाई



**जागरण, भोपाल।** महिला उद्यमिता को समर्पित तीन दिवसीय विविधा –राखी स्पेशल एडिशन एक्ज़ीबिशन का आयोजन एमएडब्लूई द्वारा होटल पलाश रेजिडेंसी, भोपाल में किया जा रहा है। महापौर मालती राय ने इसका उद्घाटन किया और महिला उद्यमियों के कार्यों की सराहना की। इस प्रदर्शनी में देशभर की महिला उद्यमियों ने पारंपरिक वस्त्र, गहने, होम डेकोर, बच्चों के वस्त्र, हैंडमेड कैंडल्स, ग्रीन कैमिकल्स आदि उत्पादों के साथ भाग लिया है। एमएडब्लूई की संस्थापक डॉ. अर्चना भटनागर ने बताया कि यह मंच महिलाओं को सशक्त ब्रांड के रूप में उभारने का प्रयास है। एमएसएमई के अधिकारियों ने सरकारी योजनाओं की जानकारी दी।

### पुलिसकर्मी के बेटे से अड़ीबाजी कर चाकू से किया हमला

**जागरण, भोपाल।** रातीबड़ इलाके में अज्ञात युवकों ने एक पुलिस कर्मचारी के बेटे को शराब के लिए परेशान किया और जब उसने पैसे देने से इनकार कर दिया तो आरोपियों ने उस पर चाकू से हमला कर दिया। गंभीर रूप से घायल युवक को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। भदभदा रोड निवासी सुखदेव सावनेर पुलिस विभाग में एएसआई हैं। बुधवार रात उनका बेटा देववीर दोस्तों के साथ नाथू बरखेड़ा रोड स्थित चाय की दुकान पर चाय पीने गया था। इसी दौरान कुछ अज्ञात लड़के दुकान पर पहुंचे और देववीर को शराब के लिए पांच सौ रुपये देने के लिए कहा। जब उसने पैसे देने से इनकार कर दिया तो लड़कों ने गाली-गलौज शुरू कर दी। जब देववीर ने उन्हें गाली देने से रोका तो उन्होंने उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। इस दौरान एक लड़के ने उस पर धारदार हथियार से हमला कर दिया, जिससे देववीर के पेट, गर्दन और शरीर में कई जगह गंभीर चोटें आईं। स्थानीय लोगों ने घायल देववीर को इलाज के लिए निजी अस्पताल पहुंचाया और परिजनों को सूचना दी। बाद में पिता ने थाने जाकर अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कराया। टीला जमालपुरा इलाके में एक युवक ने डंडा मारकर स्कूल वैन का शीशा तोड़ दिया।

### वशाल कावड़ यात्रा बुधनी के लिए रवाना

**भोपाल।** सावन माह के प्रथम दिन ओम शिव सेवा भक्त मंडल द्वारा विशाल कावड़ यात्रा निकाली गई। चार दिवसीय यात्रा के पहले दिन दोपहर 2:30 बजे कावड़ यात्री भगवान शिव का आशीर्वाद लेकर बुधनी के लिए रवाना हुए। अध्यक्ष राम प्रजापति ने कहा कि यह हमारा पहला वर्ष है। रात्रि विश्राम के बाद रात 8 बजे बुधनी स्थित घाट पर मां नर्मदा मैया की पूजा-अर्चना के बाद जल लेकर कांवड़िये भोपाल के लिए रवाना होंगे, जो 13 जुलाई की रात औबेदुल्लागंज, मंडीदीप, मिसरोद, रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, जेल रोड होते हुए पतरा ब्रिज स्थित पिपलेश्वर मंदिर पहुंचेंगे। 14 जुलाई को सुबह 11 बजे पिपलेश्वर मंदिर से शुरू होकर यह कांवड़ यात्रा काली मंदिर घाट, सुल्तानिया अस्पताल, सेंट्रल लाइब्रेरी, शिवाजी चौक इतवारा, जैन मंदिर रोड, मंगलवारा चौराहा, मां कर्मा देवी मार्ग, घोड़ा निकास, छोटे भैया कॉर्नर, लोहा बाजार, सराफा चौक, लखेरा पुरा, भवानी चौक मंदिर होते हुए बाबा बटेश्वर बड़े वाले महादेव मंदिर पहुंचकर उसी स्थान पर समापन होगा, जहां 500 से अधिक कावड़ यात्री मां नर्मदा के जल से बाबा बटेश्वर का जलाभिषेक करेंगे।

## प्रथम पृष्ठ के शेष

### बड़ा सवाल- आखिर कैसे...

को पर्याप्त थ्रस्ट देने का मौका नहीं मिल सका और विमान मेडिकल हॉस्टल की इमारत से टकरा गया। दोनों पायलट मेडिकल रूप से पूरी तरह फिट थे। रिपोर्ट बताती है कि कमांडर पायलट के पास 15,000 घंटे और को-पायलट के पास 3,400 घंटे का उड़ान अनुभव था। इससे पायलटों की क्षमता या प्रशिक्षण पर फिलहाल सवाल नहीं उठाए गए हैं।

### प्रवेश के नियम सख्त ...

को सुनवाई करते हुए नियम याचिका खारिज कर दी। राज्य सरकार की ओर से उपमहाधिवक्ता अभिजीत अवस्थी और इंडियन नर्सिंग काउंसिल की ओर से अधिवक्ता मोहन सौंसरकर ने पक्ष रखा।अदालत ने योग्य उम्मीदवारों की नियुक्ति के लिए सरकार के कड़े नियमों पर सहमति जताई। साथ ही बेंच ने सरकार को एक महत्वपूर्ण सलाह भी दी है। अदालत ने सरकार से कहाकि वह ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य केंद्रों और एम्बुलेंस की संख्या बढ़ाने के साथ बेहतर सड़क भी उपलब्ध कराए, ताकि मरीजों का समय पर इलाज हो सके।

### 'ब्रांड एमपी' को बढ़ाने ...

दर्शाने वाली लघु फिल्म का प्रदर्शन होगा। साथ ही सीएम मध्यप्रदेश की विविधता और क्षमताओं को दर्शाने वाली थीम प्रदर्शनी का अवलोकन करेंगे। साथ ही प्रवासी समुदाय को प्रदेश की बदलती तस्वीर से अवगत कराएंगे। सीएम दुबई में रह रहे मध्यप्रदेश मूल के प्रवासी भारतीयों और फ्रेंड्स ऑफ एमपी से संवाद में प्रदेश के निवेश अवसरों, अधोसंरचना, जन-कल्याणकारी योजनाओं और वैश्विक भागीदारी के लिए तैयार नई व्यवस्था से अवगत कराएंगे।

### नामीबिया से लाई गई ...

चोट लगी। उसके बाएं पैर की उल्ना और फाइबुला दोनों हड्डियों में फ्रेक्चर था। इसके अलावा, उसे और भी चोटें आई थीं। उसका एक हफ्ते से इलाज चल रहा था, लेकिन वह बच नहीं सकी। पोस्टमार्टम के बाद मौत के बारे में और जानकारी मिलेगी। नाभा की मौत के बाद कूनो नेशनल पार्क में अब 26 चीते बचे हैं। इनमें नौ बड़े चीते (छह मादा और तीन नर) और 17 शावक शामिल हैं। ये शावक कूनो नेशनल पार्क में ही पैदा हुए हैं। कूनो में 26 चीतों में से 16 जंगल में हैं और बहुत अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। शर्मा ने आगे बताया कि वे वातावरण के अनुकूल हो गए हैं। उन्होंने दूसरे शिकारियों के साथ रहना सीख लिया है। वे नियमित रूप से शिकार कर रहे हैं। सभी चीतों के लिए एंटी-एक्टो-पैरासिटिक दवा का कोर्स हाल ही में पूरा किया गया। दो मां, वीरा और निर्वा, अपने हाल ही में पैदा हुए शावकों के साथ स्वस्थ हैं और शावकों की अच्छे से देखभाल कर रही है।

### इंटरनेट टावर से टूटी...

के रूप में प्रशिक्षित करने की योजना पर काम कर रही है। मुख्य सचिव अनुराग जैन के सुझाव पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में हुई बैठक में यह तय हुआ कि जंगल के भीतर बसे युवाओं को मोबाइल मरम्मत, नेटवर्क रखरखाव जैसे कामों में दक्ष बनाकर जमीनी संचार सुरक्षा सुनिश्चित की जाएगी। मोबाइल नेटवर्क के आने से इन युवाओं की सोच भी बदली है। अब वे अपने हांडीक्राफ्ट और वनोपज उत्पादों की ब्रांडिंग और मार्केटिंग सोशल मीडिया पर कर रहे हैं, जिससे रोजगार और आत्मनिर्भरता का नया रास्ता खुल रहा है।

# एनसीटीई कोर्स में एक लाख से ज्यादा पंजीयन, प्रवेश हुए मात्र 51 हजार 460

## काउंसलिंग की प्रक्रिया थमी, वर्तमान सत्र के सभी कोर्स में 17 हजार प्रवेश की गिरावट दर्ज

**एजुकेशन रिपोर्टर, भोपाल।** उच्च शिक्षा विभाग ने एनसीटीई के कोर्स बीएड, बीपीएड, एमएड, एमपीएड, बीएडएमएड, आईटीईपी, बीएलएड, अंशकालीन बीएड और राज्य शिक्षा केंद्र के बीएड की सीटों पर प्रवेश देने की अंतिम काउंसलिंग पर शुक्रवार को विराम लगा दिया है। उक्त सभी कोर्स में 51 हजार 460 विद्यार्थियों ने प्रवेश लिए हैं। जबकि एनसीटीई कोर्स में प्रवेश लेने के लिए एक लाख से ज्यादा विद्यार्थियों ने पंजीयन कराए थे। अभी करीब 20 हजार सीटें रिक्त बनी हुई हैं। विगत तीन वर्षों के आंकड़ों पर नजर डालें तो वर्तमान सत्र में सबसे कम प्रवेश हुए हैं, जो सबसे ज्यादा चिंता का विषय है। प्रदेश के अलावा अन्य राज्यों में बीएड सहित एनसीटीई के कोर्स की डिमांड बनी हुई है। इसके बाद भी प्रदेश के 775 कालेजों में एनसीटीई कोर्स में प्रवेश की स्थिति में गिरावट दर्ज हुई है। गत वर्ष की अपेक्षा वर्तमान सत्र में करीब 17 हजार कम प्रवेश हुए हैं। गत वर्ष विभाग को 71 हजार 700 सीटों के मुकाबले 68 हजार 740 विद्यार्थियों का प्रवेश हुआ था। जबकि वर्तमान सत्र में 51 हजार 460 प्रवेश ही हो सके हैं।



**एनसीटीई कोर्स की स्थिति**

| सत्र | सीट | प्रवेश | रिक्ती |
|---|---|---|---|
| 2022-23 | 67308 | 65110 | 2198 |
| 2023-24 | 71275 | 67308 | 3967 |
| 2024-25 | 71657 | 68737 | 2920 |
| 2025-26 | 71685 | 51460 | 20225 |

वर्तमान सत्र में प्रवेश नहीं होने कुछ खास कारण सामने आए हैं, जिसमें विद्यार्थियों के यूजी के रिजल्ट नहीं आना मुख्य कारण बताया जा रहा है। विभाग ने गत वर्ष की भांति वर्तमान सत्र में भी दूसरे वर्ष के रिजल्ट की मेरिट के हिसाब से ही प्रवेश कराए हैं।

### सत्यापन में उलझे प्रवेश

विभाग ने एसआरआईटी कंपनी के जरिए एनसीटीई कोर्स से प्रवेश कराए हैं। कंपनी विद्यार्थियों को सत्यापन और अलाटमेंट की बेहतर सुविधा नहीं दे सकी है। कई विद्यार्थियों के प्रवेश सत्यापन नहीं होने के कारण अटक गए थे। जबकि प्रवेश लेने के लिए विद्यार्थियों की पंजीयन संख्या एक लाख को पार कर चुकी थी। इसके बाद भी विभाग पचास फीसदी विद्यार्थियों को ही प्रवेश दे सका है।

### पात्रता में उलझ गए विद्यार्थी

एनसीटीई कोर्स में प्रवेश लेने के लिए बाहरी राज्यों के विद्यार्थी मप्र के कालेज तक पहुंचते हैं। विभाग और संबंधित विद्यार्थी उनकी पात्रता तैयार नहीं करा सका है। प्रदेश के सभी विवि विद्यार्थियों की पात्रता देने में दूसरे राउंड तक उलझे रहे। शासन से दिश निर्देश जारी होने के बाद जब पात्रता तैयार की गई, तो कई विद्यार्थियों को अपात्र घोषित करते हुए प्रवेश प्रक्रिया से बाहर कर दिया गया।

# पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय का भव्य वार्षिकोत्सव संपन्न



**जागरण, भोपाल।** पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय क्रमांक-2, शिवाजी नगर, भोपाल द्वारा हंस ध्वनि सभा गृह, रविंद्र भवन में वार्षिकोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि अर्चना शर्मा एवं विशेष अतिथि एसडीएम भोपाल लक्ष्मीकांत खरे रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता केंद्रीय विद्यालय संगठन की उपायुक्त द्वय किरण मिश्रा एवं निर्मला बुडानिया ने की। आयोजन में विद्यार्थियों ने भारतीय संस्कृति, सामाजिक सरोकार और राष्ट्रीय एकता को दर्शाती नृत्य, नाटक, गीत-संगीत की रंगारंग प्रस्तुतियां दीं। इस अवसर पर प्राचार्य पवन कुमार बेदुये ने वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया एवं विद्यालय की उपलब्धियाँ साझा कीं। कार्यक्रम में अभिभावक, शिक्षक एवं गणमान्य अतिथि बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# हादसे में शराब दुकान के सेल्समैन की मौत, परिजन ने कहा- साजिश की गई

**जागरण, भोपाल।** ईटखेड़ी थाना क्षेत्र में एक शराब की दुकान के सेल्समैन का शव सड़क पर मिला। मौत के पीछे साजिश का आरोप लगाते हुए सेल्समैन के परिवार ने दावा किया कि एक महिला ने उन्हें रात में फोन किया और घटना की जानकारी दी। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि मामला दर्ज कर लिया गया है, जांच से पता चला है कि सड़क दुर्घटना में व्यक्ति की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार, लांबाखेड़ा क्षेत्र के निवासी महेंद्र सिंह दांगी (38) शारदा नगर स्थित एक शराब की दुकान पर सेल्समैन थे। परिजन ने पुलिस को बताया कि देर रात एक महिला ने उन्हें फोन किया और बताया कि वह एक ढाबे के पास घायल पड़े हैं। दांगी के परिवार के सदस्य मौके पर पहुंचे और महिला को घटनास्थल पर पाया। महिला ने उन्हें बताया कि डांगी ने उसे अपनी बाइक पर लिफ्ट दी थी। ईटखेड़ी क्षेत्र में एक ढाबे के पास, दांगी ने बाइक पर नियंत्रण खो दिया और बाइक एक गड्ढे में गिर गई। घटना में दांगी गंभीर रूप से घायल हो गए और उनकी मौत हो गई। परिवार ने घटना के पीछे साजिश का आरोप लगाया है और दावा किया है कि बाइक पर बैठी महिला को कोई चोट नहीं आई है। एसीपी नीरज चौरसिया ने बताया कि स्थानीय लोगों ने हादसे की पुष्टि की है, जिससे व्यक्ति की मौत हुई है। उन्होंने कहा कि इस संबंध में महिला से पूछताछ की जाएगी।

### चिकन शॉप से वसूला 50 हजार रुपए जुर्माना

**भोपाल।** बिना लाइसेंस चिकन-मटन बेचने वाले व्यापारियों के खिलाफ निगम ने शुक्रवार को कार्रवाई कर 61 हजार 300 का जुर्माना वसूला। निगम के अमले ने करोंद इलाके में 12 दुकानों की जांच की। निगम अमले ने मौके पर ही जुर्माना वसूला। निरीक्षण के दौरान करौंद की हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी स्थित बॉम्बे चिकन का संचालन बिना लाइसेंस के हो रहा था और यहां गंदगी और सिंगल यूज प्लास्टिक का भी उपयोग पाया गया। इन गंभीर उल्लंघनों के लिए निगम अमले ने बॉम्बे चिकन के संचालक पर 50 हजार का जुर्माना लगाया।

# राजधानी में दिनभर उमस होने के बाद शाम को आधा इंच बारिश

## जारी रहेगी अच्छी बारिश, 15 जिलों में भारी बारिश का अलर्ट

**कार्यालय संवाददाता, भोपाल।** प्रदेश में अच्छी बारिश का सिलसिला जारी है। शुक्रवार को सीधी, ग्वालियर, खजुराहो, दतिया सहित एक दर्जन से अधिक जिलों में 2 इंच तक पानी गिरा। सबसे ज्यादा बारिश सीधी में दर्ज की गई। यहां बारिश का आंकड़ा 163 मिली मीटर यानि 6 इंच से अधिक रहा। वहीं दूसरी ओर राजधानी भोपाल में दिन भर की उमस के बाद शाम सात बजे तेज बारिश हुई, जो देर रात तक रुक रुक कर होती रही। मौसम केंद्र से मिली जानकारी अनुसार भोपाल में शाम को हुई बारिश का आंकड़ा 12 मिली मीटर से अधिक रहा। सिवनी में 9 घंटे में 6.5 इंच बारिश हो गई। छतरपुर के खजुराहो में करीब ढाई इंच, उमरिया-नौगांव में 1.8 इंच, सतना में 1.1 इंच, पचमढ़ी आधा इंच बारिश दर्ज की गई। कटनी, शहडोल, सीधी, मैहर, मऊगंज जिले में भी तेज बारिश से घर-दुकानों में पानी भर गया। दतिया, नर्मदापुरम, रतलाम, श्योपुर, दमोह, जबलपुर, रीवा, टीकमगढ़, सीहोर समेत कई जिलों में बारिश का दौर चलता रहा। मौसम विभाग ने रात में आधे से ज्यादा प्रदेश में बारिश होने का अलर्ट जारी किया है।




नगर निगम के अमले ने शक्रवार को जुमेराती इलाके के जनकपुरी में एक जर्जर मकान को तोड़ा। यह भवन 1945 में बना था और रखरखाव न होने के कारण खंडहर में तबदील हो गया था। इस मकान के बारिश में गिरने के आशंका को देखते हुए जेसीबी की मदद से इसे ढहा दिया गया।

### प्रदेश की सीमा से गुजर रही द्रोणिका

मौसम केंद्र से मिली जानकारी अनुसार इन दिनों मप्र की सीमा के ऊपर से एक स्ट्रांग सिस्टम गुजर रहा है। एक ट्रफ दक्षिण पश्चिम उत्तर प्रदेश से बंगाल की खाड़ी तक उत्तरी छत्तीसगढ़ और निकटवर्ती क्षेत्रों में बने चक्रवातीय परिसंचरण के साथ ओडिशा तक फैली हुई है। जिससे मप्र के सीमांत जिलों में अच्छी बारिश हो रही है।

### नदी में नहाने गई महिला पर मगरमच्छ का हमला

**जागरण, दमोह।** प्रदेश के दमोह जिले में सुबह व्यारमा नदी पर नहाने गई मालतीबाई (40) पति मेघराज सिंह पर मगरमच्छ ने हमला कर दिया। मगरमच्छ महिला को खींचकर नदी के दूसरे किनारे तक ले गया। करीब घंटेभर बाद महिला का शव बरामद किया गया।

# बीमा अस्पताल में मरीजों को नहीं मिल रहा इलाज

## मशीन खरीदी में डॉ. दंपति की भूमिका संदिग्ध, दिल्ली तक जाएगी शिकायत

**कार्यालय संवाददाता, भोपाल।** राजधानी के भेल क्षेत्र स्थित बीमा अस्पताल के हाल बुरे हैं। यहां मरीजों को इलाज के नाम पर सिर्फ ओपीडी सेवाएं ही मिल रही हैं। ओपीडी में भी सिर्फ सर्दी, जुकाम और बुखार का ही इलाज उपलब्ध है, इसके अलावा यदि कोई बड़ी समस्या हो तो मरीजों को अनुबंधित अस्पताल में रेफर कर दिया जाता है। अस्पताल में फैली व्याप्त अव्यवस्थाओं के विरुद्ध एनएसयूआई के प्रदेश उपाध्यक्ष रवि परमार ने मोर्चा खोला है। उन्होंने आरोप लगाया है कि अस्पताल में मरीजों के इलाज के नाम पर भ्रष्टाचार पनप रहा है। यहां सिर्फ दवा खरीदी और उपकरण खरीदी का काम चल रहा है, बाकी मरीजों से कोई लेना देना नहीं है। रवि का कहना है कि वह बहुत जल्द ईएसआईसी यानी बीमा अस्पताल के बारे में विस्तृत शिकायत केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय और केंद्रीय श्रम मंत्रालय को भेजेंगे। ताकि यहां आने वाले गरीब मजदूर रोगियों को बेहतर इलाज मिल सके।

### 40 लाख की मशीन, प्रस्ताव 80 लाख

शिकायतकर्ता रवि परमार ने बताया कि बीमा अस्पताल में डॉ. दंपति उपकरणों की खरीदी में भ्रष्टाचार कर रहे हैं। हाल ही में अस्पताल में एक मशीन खरीदी गई है। जो आपरेशन थियेटर में काम आती है। इस मशीन को एनेस्थीसिया मशीन कहा जाता है। इस मशीन को खरीदने के लिए आपरेशन थियेटर के प्रभारी ने पहले 80 लाख रुपए का प्रस्ताव बनाकर भेजा था, जबकि बाद में यह मशीन 40 लाख रुपए में खरीदी गई। इसी तरह अन्य उपकरणों के प्रस्ताव भी महंगे दामों पर बनाए गए और उनकी बाजार कीमत कम पाई गई। परमार का कहना है कि अस्पताल में दवा और उपकरण खरीदी में कई अनियमितताएं की जा रही हैं।

> अस्पताल के लिए जो भी उपकरण खरीदे जाते हैं, वह जेम पोर्टल के माध्यम से लिए जाते हैं। इसके अलावा एक समिति है जो अप्रूव करती है। मेरे पास इस मामले में कोई शिकायत नहीं आई है, यदि आएगी तो मैं इसकी जांच कराउंगा।
>
> ■ **डॉ. शैलेष चौहान**, अधीक्षक बीमा अस्पताल

### एलबीटी में हुआ दो नाटकों का मंचन

# मराठी और गुजराती नाटकों के जरिए दिखाया सामाजिक दबाव

**जागरण, भोपाल।** रंग संस्था द्वारा आयोजित 13वें राष्ट्रीय भीष्म साहनी स्मृति बहुभाषीय नाट्य समारोह के दूसरे दिन मराठी और गुजराती दो नाटकों का मंचन किया गया। प्रेमचंद की क हानियों का नाट्य रूपान्तरण मुजीब खान ने किया है। आईडियल ड्रामा एंड एंटरटेनमेंट एकेडमी द्वारा प्रस्तुत दो भावनात्मक व थ्रिल से भरपूर नाटकों का मंचन रंगश्री लिटिल बैले ट्रुप में किया गया। मराठी नाटक ने रिश्तों की जटिलता और सामाजिक दबावों को उजागर किया, वहीं गुजराती हॉरर नाटक ज्वालामुखी ने दर्शकों को डरावनी और रहस्यों की दुनिया का अनुभव कराया।



### एक्सट्रा मैरिटल अफेयर पर आधारित कथा

विवाहित वकील अरुण एक अन्य महिला से प्रेम करता है। जब उसकी पत्नी सरला को अफेयर का पता चलता है, तो वह उसे छोड़ने को कहती है। लेकिन अरुण अपनी इज्जत और सामाजिक छवि के डर से इनकार करता है। प्रेमिका उसे सामाजिक दबाव से ऊपर उठकर निर्णय लेने को कहती है।

**गुजराती हॉरर नाटक है 'ज्वालामुखी' :** 'ज्वालामुखी' 45 मिनट का हॉरर नाटक है। यह एक चुड़ैल की कहानी है। जो पैसों का लालच देकर पुरुषों को फंसाती है, और उन्हें ज़ोंबी बना देती है। एक बुजुर्ग कहानी के हीरो को उसकी सच्चाई बताता है। तहखाने में भयानक मंजर देखकर हीरो भाग जाता है। घर लौटने पर उसे अहसास होता है, कि यह महज एकसपना था।

### पुणे में आयोजित ब्यूटी पेजेंट कॉम्पिटीशन में एम्प्रेस ऑफ द नेशन 2025 बनीं हिमानी

# भोपाल की हिमानी को मिला मिसेज इंडिया एम्प्रेस का खिताब




**जागरण, भोपाल।** सपनों की कोई उम्र नहीं होती, परिवार की जिम्मेदारियों के साथ भी आप अपने सपनों को पूरा कर सकती हैं। जरूरत सिर्फ जुनून और आत्मविश्वास की है। यह कहना है भोपाल की फिटनेस ट्रेनर हिमानी सिंह का। हिमानी ने 29 जून को पुणे के हयात होटल में आयोजित ब्यूटी पेजेंट कॉम्पिटीशन में मिसेज इंडिया एम्प्रेस ऑफ द नेशन 2025 का खिताब जीता। आत्मविश्वास और प्रभावी संवाद शैली के बल पर हिमानी ने यह उपलब्धि हासिल की। प्रतियोगिता में बॉलीवुड एक्ट्रेस तनिषा मुखर्जी और रोहित रॉय बतौर सेलिब्रिटी जज मौजूद थे। देश-विदेश की 53 प्रतिभागियों के बीच उन्हें रैम्प वॉक, इंटरव्यू और प्रश्नोत्तर दौरों से गुजरना पड़ा, जिसमें उन्होंने श्रेष्ठ प्रदर्शन किया। एक वर्ष पूर्व मिसेज मध्यप्रदेश का खिताब जीतने वाली हिमानी ने बताया कि यह यात्रा आसान नहीं थी। इस अवसर पर 'द पेजेंट इंडिया' की एमपी चैप्टर प्रमुख फराह अनवर, कला विशेषज्ञ हरिओम जटिया और दानिश भी उपस्थित रहे। हिमानी का अगला लक्ष्य अंतरराष्ट्रीय मंच पर देश का प्रतिनिधित्व करना है। फराह अनवर ने उनकी इस उपलब्धि को महिलाओं के लिए प्रेरणादायक बताया। शुक्रवार को पत्रकारों से चर्चा करते हुए हिमानी ने अपनी इस यात्रा पर विस्तार से चर्चा की।

### कलावार्ता में हरचन्दन सिंह भट्टी के योगदान पर चर्चा

# 22 दिनों में तैयार हुआ था खजुराहो का आदिवर्त संग्रहालय

**जागरण, भोपाल।** भारत भवन में आयोजित कलावार्ता में पद्म श्री सम्मान प्राप्त कलाकार हरचन्दन सिंह भट्टी के जीवन और कला यात्रा पर गहन चर्चा हुई। मुख्य वक्ता वरिष्ठ सिरेमिक कलाकार शंपा शाह ने कहा कि वर्ष 2011 में मध्यप्रदेश जनजातीय संग्रहालय के निर्माण में उन्हें भट्टी जी के साथ काम करने का अवसर मिला। मात्र एक इमारत को संग्रहालय का स्वरूप देना एक चुनौतीपूर्ण कार्य था, जिसे भट्टी ने अपनी दूरदृष्टि और नेतृत्व से 1000 से अधिक लोक और आधुनिक कलाकारों की टीम बनाकर दो वर्षों में संग्रहालय



को आकार दिया। राहुल रस्तोगी ने कहा कि वर्ष 1999 में खजुराहो में सिर्फ 22 दिन में आदिवर्त संग्रहालय की रचना भट्टी के मार्गदर्शन में हुई थी। इस अवसर पर कलाकार देवीलाल पाटीदार ने भी भट्टी की वृहद कला यात्रा पर अपने अनुभव साझा किए। कार्यक्रम में संस्कृति विभाग के प्रमुख सचिव शिव शेखर शुक्ला, भारत भवन न्यास के सदस्य विजय मनोहर तिवारी और सांची विश्व विद्यालय के पूर्व कुलपति प्रोफेसर यज्ञेश्वर शास्त्री, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी प्रेम शंकर शुक्ल सहित बड़ी संख्या में कला प्रेमी उपस्थित हुए।

# छतनारा की 53वीं संगत में कवि-गायकों की जुगलबंदी

**जागरण, भोपाल।** छतनारा समूह द्वारा शुक्रवार शाम को चुनाभट्टी स्थित छतनारा आर्ट होम में 53वीं संगत का आयोजन हुआ। इसमें शहर के 25 से अधिक कवि-गायक शामिल हुए।



संगत की मेज़बानी कवि निशान्त उपाध्याय ने की, जिन्होंने कार्यक्रम की अवधारणा साझा की। शुरुआत कविताओं से हुई। अनुपम शर्मा ने नज़्में, ऋतुराज ने गीत और फौजिया खान ने अंग्रेज़ी कविता सुनाई। सीमा खरे, मोहिनी शर्मा, कृष्णा और निशान्त ने भी अपनी रचनाएं प्रस्तुत कीं। इसके बाद संगीत का दौर शुरू हुआ, जिसमें हीरा ठाकुर और वेद पांड्या ने अपनी गायकी से सभी को बांधे रखा। समापन जैमिंग और छतनारा लाइब्रेरी में पुस्तक चर्चा के साथ हुआ।

## संक्षिप्त समाचार

### बीजेपी ने टी राजा का इस्तीफा किया मंजूर



**हैदराबाद, जेएनएन।** बीजेपी ने तेलंगाना से विधायक टी राजा सिंह के इस्तीफे को मंजूर कर लिया है। बीजेपी के फायरब्रांड नेता रहे टी राजा सिंह प्रदेश अध्यक्ष के चुनाव से ठीक पहले बीजेपी छोड़ने का ऐलान किया था। टी राजा सिंह ने इस्तीफा दे दिया था। यह इस्तीफा उन्होंने तत्कालीन बीजेपी प्रेसीडेंट जी किशन रेड्डी को भेजा था। टी राजा सिंह हैदराबाद की गोशामहल सीट से विधायक हैं। बीजेपी ने तेलंगाना में एन रामचंद्रर राव को नया प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया है। रामचंद्रर राव की नियुक्ति से पहले टी राजा सिंह ने कहा था कि उनके नाम के लिए आंध्र के सीएम एन चंद्रबाबू नायडू ने सिफारिश की है। इन आरोपो के साथ टी राजा सिंह ने पार्टी छोड़ते हुए इस्तीफा दिया था।

### अमेरिकी नौका को तटरक्षक बल ने बचाया



**मुंबई, जेएनएन।** भारतीय तटरक्षक बल ने 10 जुलाई को अंडमान और निकोबार द्वीप समूह के इंदिरा पॉइंट से 52 नॉटिकल मील दक्षिण-पूर्व में फंसी अमेरिकी नौका सी एंजल और इसके दो चालक दल के सदस्यों को सुरक्षित बचाया। नौका में एक अमेरिकी और एक तुर्की नागरिक सवार थे, जो तेज हवाओं और उबड़-खाबड़ समुद्र में अपनी नौका के खराब होने के कारण संकट में थे। भारतीय तटरक्षक बल के जहाज राजवीर ने इस जोखिम भरे अभियान को अंजाम देकर नौका को कैंपबेल बे तक सुरक्षित पहुंचाया। 10 जुलाई को सुबह 11.57 बजे, पोर्ट ब्लेयर में तटरक्षक बल के समुद्री बचाव समन्वय केंद्र को चेन्नई में अमेरिकी वाणिज्य दूतावास से संकट सिग्नल मिला।

फडणवीस सरकार ने

### 3367 धार्मिक स्थलों से लाउडस्पीकर हटाए



**मुंबई, जेएनएन।** महाराष्ट्र विधानसभा में ध्वनि प्रदूषण और धार्मिक जगहों पर लाउडस्पीकर के उपयोग के मुद्दे पर चर्चा हुई। बीजेपी विधायक सुधीर मुनगंटीवार ने प्रश्नकाल के दौरान यह मुद्दा उठाते हुए कहा कि सूबे में धार्मिक स्थलों पर बड़े पैमाने पर लाउडस्पीकर लगाए गए हैं, जिससे स्थानीय नागरिकों को भारी ध्वनि प्रदूषण का सामना करना पड़ता है। इस सवाल का उत्तर देते हुए मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने बताया कि राज्य सरकार ने इस विषय को गंभीरता से लिया है और अब तक 3367 धार्मिक स्थलों से लाउडस्पीकर हटाए जा चुके हैं। उन्होंने विशेष रूप से बताया कि मुंबई में अब एक भी धार्मिक स्थल पर गैर-कानूनी लाउडस्पीकर नहीं है।

# भागवत के बयान के बाद भाजपा में फिर तेज हुई 75 साल पर राजनीति

## प्रधानमंत्री मोदी से पहले खुद मोहन भागवत हो जाएंगे 75 के पार

**नई दिल्ली, जेएनएन।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ प्रमुख मोहन भागवत के एक बयान के बाद फिर से 75 साल की उम्र में रिटायरमेंट को लेकर राजनीतिक बयानबाजी तेज हो गई है। विपक्ष भागवत के बयान को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की उम्र से जोड़कर देख रहा है। प्रधानमंत्री मोदी इस साल 17 सितंबर को 75 साल के हो जाएंगे। दिलचस्प ये है कि भागवत खुद मोदी से 6 दिन पहले यानी 11 सितंबर को 75 साल के होंगे। भागवत ने एक कार्यक्रम में संघ के विचारक दिवंगत मोरोपंत पिंगले का एक किस्सा सुनाया। उनको कोट करते हुए कहा कि 75 साल की उम्र का अर्थ मैं जानता हूं। 75 साल की शॉल जब ओढ़ी जाती है, तब उसका अर्थ यह होता है कि अब आप की आयु हो गई, अब जरा बाजू हो जाओ, हमें करने दो।

### क्या 75 साल की उम्र का कोई नियम है ?

क्या बीजेपी में 75 साल की उम्र में रिटायरमेंट का कोई नियम है? लोकसभा चुनाव के वक्त जब आम आदमी पार्टी के नेता अरविंद केजरीवाल ने इस मसले को उठाया, तब उसका जवाब गृह मंत्री अमित शाह ने प्रेस कॉन्फ्रेंस करके दिया। शाह ने तब हैदराबाद में कहा था कि 75 साल में रिटायरमेंट का बीजेपी के संविधान में कोई जिक्र नहीं है। शाह ने तब कहा कि 'मोदी 75 साल के हो जाएं, इससे आपको आनंदित होने की जरूरत नहीं है। ये बीजेपी के संविधान में कहीं नहीं लिखा है। मोदी ये टर्म पूरी करेंगे। मोदी ही आगे देश का नेतृत्व करते रहेंगे। बीजेपी में कोई कंफ्यूजन नहीं है'।



### भाजपा संविधान में नहीं जिक्र, कहां से आई रिटायरमेंट की बात

जब बीजेपी के संविधान में इसका कोई जिक्र नहीं है तो यह बात फिर बार बार क्यों आती है कि 75 साल की उम्र में रिटायर होकर बीजेपी नेता मार्गदर्शन मंडल में चले जाएंगे? दरअसल, जब अमित शाह बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष थे, तब बीजेपी ने 26 अगस्त 2014 को एक प्रेस रिलीज जारी कर कहा कि 'बीजेपी अध्यक्ष अमित शाह ने पार्टी की गतिविधियों के मार्गदर्शन के लिए वरिष्ठ नेताओं की मार्गदर्शक मंडल में नियुक्ति की है'। इस लिस्ट में अटल बिहारी वाजपेयी, लालकृष्ण आडवाणी, मुरली मनोहर जोशी का नाम था। साथ ही इस लिस्ट में नरेंद्र मोदी और राजनाथ सिंह का नाम भी था। लेकिन मार्गदर्शक मंडल को रिटायरमेंट जैसा मान लेने की चर्चाएं तब शुरू हुई जब अमित शाह के अध्यक्ष रहते बीजेपी का नया संसदीय बोर्ड बना तो उसमें अटल बिहारी, लालकृष्ण आडवाणी और मुरली मनोहर जोशी का नाम नहीं था। बीजेपी की सबसे ताकतवर बॉडी संसदीय बोर्ड ही है।

### संघ की ओर से भी नहीं है रिटायरमेंट के निर्देश

सक्रिय राजनीति से रिटायरमेंट को लेकर संघ की तरफ से कभी कोई साफ निर्देश नहीं दिए गए। लेकिन संघ से जुड़े लोगों के मुताबिक भारतीय जनसंघ के नेता रहे नानाजी देशमुख कहते थे कि राजनेताओं को जिंदगी भर सत्ता में रहने के बजाय सामाजिक जीवन में काम करना चाहिए और अपने अनुभवों का लाभ और सरकारी योजनाओं को लोगों तक पहुंचाने के लिए काम करना चाहिए। नानाजी ने खुद इसकी मिसाल भी पेश की। नानाजी ने भारत सरकार में कैबिनेट पद स्वीकार करने से इनकार करके सक्रिय राजनीति से संन्यास ले लिया और फिर गोंडा ग्रामोदय प्रोजेक्ट का उद्घाटन 1978 में किया। नानाजी तब 62 साल के थे।

### चुनाव समय उम्मीदवारी के लेकर होता है मुद्दा गरम

हर चुनाव में इस बात की चर्चा होती रहती है कि बीजेपी 75 साल से ज्यादा उम्र के अपने नेताओं को टिकट नहीं देगी यानी 75 साल की उम्र के बाद रिटायरमेंट। बीजेपी ने कई जगह इसको फॉलो भी किया लेकिन इसका अपवाद भी रहा है। 2021 में केरल विधानसभा चुनाव में बीजेपी ने पालक्कड़ सीट से 88 साल के टेक्नोक्रेट ई.श्रीधरन को भी मैदान में उतारा था। बीजेपी के संविधान में अभी रिटायरमेंट की उम्र जैसा कोई प्रावधान नहीं है।

महाकुंभ की तरह कांवड़ यात्रा की सुरक्षा व्यवस्था

# 50 हजार सुरक्षाकर्मी, 29454 सीसीटीवी और 395 ड्रोन तैनात



**लखनऊ, जेएनएन।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर कांवड़ यात्रा को सुरक्षित, सुगम और व्यवस्थित बनाने के लिए हाइटेक एंटी ड्रोन एवं टीथर्ड ड्रोन का इस्तेमाल किया जा रहा है। राम मंदिर के उद्घाटन समारोह और महाकुंभ की सुरक्षा व्यवस्था को पुख्ता करने के लिए एंटी और टीथर्ड ड्रोन का इस्तेमाल किया गया था। योगी सरकार ने कांवड़ यात्रा को सकुशल संपन्न कराने के लिए कई बड़े कदम उठाये हैं। जहां 24 घंटे रियल टाइम निगरानी की व्यवस्था है। इतना ही नहीं कांवड़ यात्रा के रूट की जमीनी स्तर पर सुरक्षा के लिए एटीएस, आरएएफ और क्यूआरटी जैसे विशेष बलों को तैनात किया गया है। पूरी व्यवस्था पर सीएम योगी की भी नजर बनी हुई है। अधिकारियों ने बताया कि ये टीथर्ड ड्रोन लगातार एक स्थान पर स्थिर रहकर भीड़ की निगरानी में सक्षम हैं, जिससे किसी भी प्रकार की आपात स्थिति की त्वरित जानकारी मिल सके। उन्होंने बताया कि इसके अलावा एक विशेष आठ सदस्यीय टीम 24 घंटे सोशल मीडिया पर नजर रखे हुए है।

### हाईटेक चिकित्सा और सुरक्षा व्यवस्था

मुख्यमंत्री योगी ने स्वयं इस कांवड़ यात्रा की तैयारियों के निर्देश दिए हैं कि सुरक्षा, चिकित्सा, स्वच्छता, जल व्यवस्था और यातायात प्रबंधन में कोई कमी न रहे। उन्होंने महाकुंभ में किए गए सुरक्षा प्रबंधों को मॉडल मानकर कांवड़ यात्रा मार्गों पर भी उसी प्रकार के इंतजाम करने के निर्देश दिए थे। जैसे महाकुंभ के लिए दिए थे। मुख्य कांवड़ मार्गों और स्थानों पर 29,454 सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। इसके साथ ही 395 हाइटेक ड्रोन और विशेष रूप से एंटी ड्रोन के साथ टीथर्ड ड्रोन की मदद से रियल-टाइम वीडियो फीड लेकर पुलिस महानिदेशक मुख्यालय से सीधे निगरानी की जा रही है। अधिकारियों के मुताबिक, कांवड़ यात्रा की सुरक्षा के लिए 587 राजपत्रित अधिकारी, 2,040 निरीक्षक, 13,520 उपनिरीक्षक और 39,965 आरक्षियों को ड्यूटी पर लगाया गया है। इसके साथ ही 1,486 महिला उपनिरीक्षक और 8,541 महिला आरक्षी, 50 कंपनियां पीएसी, केंद्रीय बल और होमगार्ड के 1,424 जवान भी तैनात किये गये हैं।

विदेशी मीडिया के दावे पर बोले- डोभाल

# एक फोटो दिखाइए, जिसमें ऑपरेशन सिंदूर के दौरान नुकसान हुआ हो



**नई दिल्ली, जेएनएन।** पाकिस्तान के खिलाफ भारत के ऑपरेशन सिंदूर को लेकर राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल ने बयान दिया है। उन्होंने कहा कि इस ऑपरेशन के दौरान भारत को कोई नुकसान नहीं पहुंचा। डोभाल ने आईआईटी मद्रास में अपने संबोधन के दौरान कहा कि ऑपरेशन सिंदूर को लेकर विदेशी मीडिया ने झूठी खबरें फैलाई हैं। मुझे एक तस्वीर दिखाइए, जिसमें भारत को नुकसान पहुंचा हो। भारत को इस दौरान कोई नुकसान नहीं पहुंचा। डोभाल ने कहा कि टेक्नोलॉजी और वॉरफेयर के बीच संबंध हमेशा महत्वपूर्ण होता है। हमें ऑपरेशन सिंदूर पर नाज है। हमें गर्व है कि इस ऑपरेशन के दौरान हमने स्वदेशी तकनीक का इस्तेमाल किया। हमने सीमापार नौ पाकिस्तानी ठिकानों पर हमले का फैसला किया था। इनमें सीमावर्ती इलाके में एक भी ठिकाना नहीं था। हमारे सभी निशाने सटीक रहे। हमने सिर्फ आतंकी ठिकानों को नेस्तनाबूद किया।

### पाक हमलों को सेना ने किया नाकाम

22 अप्रैल को हुए पहलगाम अटैक के जवाब में भारतीय सेना ने 7 मई की रात को ऑपरेशन सिंदूर चलाया था। इसके तहत, भारतीय सेना ने पाकिस्तान और पीओके में 9 आतंकी ठिकानों को उड़ा दिया था। इससे बौखलाकर पाकिस्तानी सेना ने भारत के सैन्य और नागरिक ठिकानों को निशाना बनाने की कोशिश की थी, जिसे भारतीय सेना ने नाकाम कर दिया था। चार दिन तक चले सैन्य टकराव के बाद 10 मई को भारत और पाकिस्तान के बीच सीजफायर हो गया था। भारत के साथ इस सीजफायर के लिए पाकिस्तान ने एक बार नहीं बल्कि दो बार संपर्क किया था। पाकिस्तान ने पहली बार 7 मई की शाम को भारत से सीजफायर के लिए संपर्क किया था। पाकिस्तान के डायरेक्टर जनरल ऑफ मिलिट्री ऑपरेशंस की ओर से औपचारिक संदेश सहित भारत से संपर्क साधा गया था। सात मई की सैन्य कार्रवाई में भारत ने पाकिस्तान और पीओके में नौ आतंकी ठिकानों को नेस्तनाबूद कर दिया था।

नेपाली राष्ट्रपति के सलाहकार सुनील थापा ने चेताया

# नेपाल के रास्ते भारत को दहलाना चाहते हैं लश्कर-ए-तैयबा और जैश-ए-मोहम्मद

**इस्लामाबाद, जेएनएन।** पाकिस्तान के आतंकी संगठन भारत में हमले करने की साजिश रच रहे हैं। इन गुटों में सबसे अहम नाम ऑपरेशन सिंदूर में चोट खाने वाले हाफिज सईद के गुट लश्कर-ए-तैयबा और मसूद अजहर के जैश-ए-मोहम्मद का है। ये गुट भारत में अपने बुरे मंसूबों को अंजाम देने के लिए एक नए प्लान पर काम कर रहे हैं। ये प्लान पाकिस्तान से सीधे सीमा पार करने के बजाय नेपाल के रास्ते भारत में आने का है। इस खतरे का अंदेशा खुद नेपाल के वरिष्ठ अधिकारी ने जाहिर किया है। नेपाल के राष्ट्रपति के सलाहकार सुनील बहादुर थापा ने चेतावनी देते हुए कहा है कि लश्कर-ए-तैयबा और जैश-ए-मोहम्मद के आतंकी भारत में घुसने के लिए नेपाल को पारगमन मार्ग के रूप में इस्तेमाल कर सकते हैं। थापा ने 9 जुलाई को नेपाल की राजधानी काठमांडू में एक उच्च-स्तरीय सेमिनार में कही है। थापा ने इस ओर ध्यान दिलाया कि भारत और नेपाल लंबी सीमा साझा करते हैं और हालिया समय में नेपाल में आतंकी गुटों की गतिविधियां देखी गई हैं।



### आतंक से निपटने पर जोर

सेमिनार में खासतोर से इस बात पर जोर दिया गया कि भारत में आतंकवादी हमलों का नेपाल पर भी प्रभाव होता है। इससे क्षेत्रीय शांति और स्थिरता कमजोर होती है। सेमिनार में पाकिस्तान में आतंक को मिल रही पनाह को सार्क और व्यापक क्षेत्रीय एकीकरण के लिए भी बड़ी बाधा बताया गया। इस दौरान आतंकवाद का मुकाबला करने के लिए नेपाल और भारत के बीच मजबूत सहयोग का आग्रह किया गया। इसमें मनी लॉन्ड्रिंग के खिलाफ सख्त कार्रवाई, खुफिया जानकारी साझा करना और बॉर्डर पर संयुक्त गश्त की जरूरत पर जोर दिया गया है।

### भारत-नेपाल की सीमा

भारत और नेपाल 1,751 किलोमीटर लंबी खुली सीमा साझा करते हैं। ये सीमा न्यूनतम सुरक्षा जांच के साथ संचालित होती है। यह खुली सीमा आतंकवादियों के लिए भारत में घुसपैठ करना आसान बनाती है, जो अक्सर अपनी पहचान छिपाने के लिए जाली नेपाली दस्तावेजों का उपयोग करते हैं। पिछले कुछ वर्षों में लश्कर-ए-तैयबा और जैश-ए-मोहम्मद के कई आतंकियों को नेपाल के रास्ते भारत में प्रवेश करने की कोशिश करते हुए गिरफ्तार किया गया है।

### बिहार में भाजपा चुनाव 'चोरी करने' की फिराक में : राहुल



**भुवनेश्वर, जेनएन।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर छिड़े विवाद के बीच शुक्रवार को आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी महाराष्ट्र की तरह बिहार में भी आगामी विधानसभा चुनाव को 'चोरी' करने का प्रयास कर रही है। उन्होंने यहां 'संविधान बचाओ समावेश' कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि 'इंडिया' (इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस) गठबंधन के घटक दलों ने भाजपा को बिहार विधानसभा चुनाव की 'चोरी करने' से रोकने का फैसला किया है। गांधी ने आरोप लगाया, 'महाराष्ट्र की तरह, बिहार में भी चुनावों को 'हाईजैक' करने की कोशिश की जा रही है। भाजपा पूरे देश में हमारे संविधान पर हमला कर रही है।' उन्होंने दावा किया कि 'इंडिया' गठबंधन की बैठक में घटक दलों ने, बिहार में भाजपा को चुनाव की 'चोरी करने' से रोकने का फैसला किया है। बिहार में इस साल के अंत में विधानसभा चुनाव होने हैं। राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि निर्वाचन आयोग भाजपा के हित में काम कर रहा है और अपना कर्तव्य नहीं निभा रहा है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया, भाजपा पांच-छह पूंजीपतियों के लिए सरकार चलाती है। यह देश के आम लोगों के लिए काम नहीं करती। पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि जल, जंगल, ज़मीन आदिवासियों के हैं और उनके ही रहेंगे। राहुल गांधी ने दावा किया कि ओडिशा की भाजपा सरकार ने पंचायत (अनुसूचित क्षेत्रों तक विस्तार) अधिनियम, 1996 को लागू नहीं किया है। कांग्रेस नेता ने कहा, यहां आदिवासियों को वन अधिकार पट्टे नहीं दिए जाते। कांग्रेस 'पेसा' (पंचायत (अनुसूचित क्षेत्रों तक विस्तार) अधिनियम) और आदिवासी विधेयक लेकर आई। हम इन कानूनों को लागू करेंगे और सुनिश्चित करेंगे कि आदिवासियों को उनकी ज़मीन मिले।



### हिंदी-मराठी भाषा विवाद में कूदे अजय बोले-आता माझी सटकली

**मुंबई, जेएनएन।** पिछले कुछ दिनों से महाराष्ट्र में हिंदी और मराठी भाषा को लेकर विवाद चल रहा है। यह सब तब शुरू हुआ जब राज्य सरकार ने मराठी और अंग्रेजी माध्यम के स्कूलों में पहली कक्षा के छात्रों के लिए हिंदी अनिवार्य करने का फैसला किया। उसके बाद मराठी भाषा को लेकर बातें शुरू हो गईं कि महाराष्ट्र के नागरिकों को मराठी भाषा का ज्ञान होना जरूरी है, इसे लेकर काफी बहस छिड़ी हुई है। कई सेलेब्स ने इस मुद्दे पर अपनी राय रखी है। मुंबई में सन ऑफ सरदार 2 के ट्रेलर लॉन्च के दौरान, अजय देवगन से इस बारे में पूछा गया। उन्होंने हिंदी वर्सेज मराठी की बहस पर अपनी प्रतिक्रिया देकर मानो आग लगा दी हो और सबको हंसाकर लोट-पोट कर दिया। उन्होंने अपने सिंघम अंदाज में कहा, आता माझी सटकली।

### सीएससी से शहरों की सेवाएं एक क्लिक में गांवों तक पहुंच रही : पुष्कर धामी

**देहरादून, जेएनएन।** मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को आई.आर.डी.टी ऑडिटोरियम, सर्वे चौक, देहरादून में सी.एस.सी (कॉमन सर्विस सेंटर) दिवस-2025 के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। इस दौरान उन्होंने सीएससी के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले लोगों को सीएससी वी.एल.ई पुरस्कार से भी सम्मानित किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि सीएससी उस परिवर्तन का प्रतीक है, जो देश के कोने-कोने तक पहुंच गया है। यह आम लोगों के विश्वास का केंद्र होने के साथ-साथ लोगों की आकांक्षाओं को भी पूरा करता है। सीएससी के



माध्यम से शहरों की सेवाएं एक क्लिक में गांव तक पहुंच रही हैं तथा देश की ग्राम पंचायतें डिजिटल पंचायतें बन रही हैं। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड जैसे पहाड़ी राज्य में सीएससी की भूमिका और भी महत्वपूर्ण हो जाती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सीएससी संचालक ग्राम स्तर पर लोगों के जीवन को सरल और सुगम बना रहे हैं।

राधिका मर्डर केस

### लव एंगल होने से पुलिस ने किया इंकार

**गुरुग्राम।** हरियाणा के गुरुग्राम में 25 साल की टेनिस प्लेयर राधिका यादव की हत्या के मामले में पुलिस ने आरोपी पिता दीपक यादव को कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे एक दिन की पुलिस रिमांड पर भेजा गया है। पुलिस ने युवक इमानुल हक के साथ लव एंगल की चर्चाओं को खारिज कर दिया है। थाना सेक्टर-56 के एसएचओ विनोद कुमार ने जानकारी दी कि पुलिस ने अदालत से आरोपी की दो दिन की रिमांड मांगी थी, लेकिन कोर्ट ने सिर्फ एक दिन की रिमांड मंजूर की। एसएचओ विनोद कुमार ने यह भी स्पष्ट किया कि इस मामले में न तो कोई लव एंगल है और न ही ऑनर किलिंग जैसा कोई पहलू। शुरुआती जांच के अनुसार, हत्या के पीछे पारिवारिक तनाव और मानसिक दबाव प्रमुख कारण नजर आ रहे हैं। फिलहाल पुलिस आरोपी से गहन पूछताछ करेगी। उधर, पुलिस ने आरोपी पिता दीपक यादव को गिरफ्तार करने के बाद शुक्रवार को कोर्ट में पेश किया। इस दौरान 10 पुलिस जवान आसपास नजर आए। वहीं, आरोपी के चेहरे पर ज्यादा हाव भाव नहीं दिखे। इस दौरान थोड़ी देर के लिए उन्होंने नजरें जरूर ऊपर उठाई, लेकिन ज्यादा कुछ एक्सप्रेशन नहीं दिए. बाद में पुलिस उन्हें कोर्ट में ले गई।

# अंतिम स्तर तक कराई जायेगी मुक्कमल जांच

## पैरामेडिकल कॉलेज के मान्यता संबंधित मामले की हाईकोर्ट करेगा संज्ञान याचिका के रूप में सुनवाई

**जागरण, जबलपुर।** प्रदेश में नियम विरुद्ध पैरामेडिकल कॉलेज संचालित किये जाने के खिलाफ हाईकोर्ट में आवेदन पेश किया था। हाईकोर्ट जस्टिस अतुल श्रीधरन तथा जस्टिस दिनेश कुमार पालीवाल ने पेश किये गये आवेदन की सुनवाई संज्ञान याचिका के रूप में करने के आदेश जारी किये हैं। युगलपीठ ने आदेश में कहा है कि अंतिम स्तर तक मुकम्मल जांच कराते हुए दोषियों के खिलाफ कार्यवाही की जायेगी। मामले की अगली सुनवाई 16 जुलाई को नियत की गई है। गौरतलब है कि लॉ स्टूडेंट्स एसो. अध्यक्ष विशाल बघेल की ओर से साल 2022 में दायर याचिका में प्रदेश में फर्जी नर्सिंग कॉलेज संचालित किये जाने को चुनौती दी गयी थी। याचिका की सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट में नर्सिंग कॉलेज की सीबीआई जांच के आदेश जारी किये थे। सीबीआई की जांच प्रारंभिक जांच में 169 कॉलेज सूटेबल, 65 कॉलेज अनसूटेबल तथा 74 कॉलेज में कमियां पाई गई थी। सीबीआई की दूसरी जांच में 129 कॉलेज में कमियां पाई गई थी। मामले की सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता की ओर से आवेदन पेश किया गया था। जिसमें कहा गया था कि सीबीआई जांच की पहली जांच में एक कॉलेज सूटेबल पाया गया था। सीबीआई की दूसरी जांच में उक्त कॉलेज में कमिया पाई गई थी। इसी कॉलेज के बिल्डिंग में पैरामेडिकल कॉलेज संचालित किया जा रहा है।

### बांध प्रभावितों को मुआवजा मामले में मांगा जवाब

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट के जस्टिस डीडी बंसल की एकलपीठ ने ओंकारेश्वर बांध प्रभावितों को मुआवजा मामले में अतिरिक्त मुख्य सचिव राजेश राजौरा को अवमानना नोटिस जारी किया है। साथ ही लिखित जवाब पेश करने निर्देश दिया है कि पूर्व आदेश का पालन क्यों नहीं किया गया।यह अवमानना का मामला नर्मदा बचाओं आंदोलन की ओर से दायर किया गया है। जिसमें न्यायालय के पूर्व आदेश का पालन सुनिश्चित न किए जाने के रवैये को चुनौती दी गई है। अवमानना याचिकाकर्ता की ओर से दलील दी गई कि ओंकारेश्वर बांध की वजह से विस्थापित कृषक परिवारों को अब तक उनका समुचित अधिकार नहीं मिला है। सात जून 2023 को मप्र शासन ने ओंकारेश्वर बांध से प्रभावित किसानों व उनके परिवारों के लिए विशेष पुनर्वास पैकेज घोषित किया था। जिन किसानों के पास भूमि नहीं है, उन्हें व उनके बच्चों को ढ़ाई लाख मुआवजा देने की व्यवस्था दी गई थी। इसका अब तक पालन नदारद है। जिसके बाद आंदोलन भी हुए, लेकिन कोई असर नहीं हुआ। जिससे तंग आकर अवमानना याचिका दायर की गई है। 29 जुलाई 2024 को हाईकोर्ट ने अपने आदेश में कहा था कि मुख्य सचिव व नर्मदा घाटी प्राधिकरण आठ सप्ताह में मुआवजे को लेकर निर्णय लें।

# बीएमएचआरसी निभाएगा 'रेडिएशन इमरजेंसी' में अहम भूमिका, देश के छह संस्थानों में मिली जगह

## भाभा एटॉमिक रिसर्च सेंटर ने सौंपी जिम्मेदारी, न्यूक्लियर खतरे में डॉक्टर देंगे इलाज

**कार्यालय संवाददाता, भोपाल।** भोपाल मेमोरियल हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर (बीएमएचआरसी) मप्र का इकलौता संस्थान बन गया है, जहां रेडिएशन इमरजेंसी के समय रेडिएशन के स्तर की जांच हो सकेगी और उसका इलाज भी दिया जाएगा। इस काम के लिए देशभर के छह प्रमुख संस्थानों में बीएमएचआरसी को शामिल किया गया है। भाभा एटॉमिक रिसर्च सेंटर द्वारा चुनिंदा संस्थानों को शामिल कर बनाए गए इंडियन बायोडोसिमीट्री नेटवर्क में बीएमएचआरसी की साइटोजेनेटिक प्रयोगशाला को शामिल किया गया है। इसके तहत यह लैब अब रेडिएशन के कारण होने वाली आपदा की स्थिति में रेडिएशन के असर का वैज्ञानिक आंकलन करेगी और गंभीर परिस्थितियों में इलाज करने के लिए सटीक जानकारी देगी। इस उपलब्धि के साथ बीएमएचआरसी मध्य भारत का पहला और इकलौता संस्थान बन गया है, जिसे इस अत्यंत महत्वपूर्ण राष्ट्रीय नेटवर्क में स्थान मिला है।

**रेडिएशन से ऐसे बचाएगा यह नेटवर्क:** देश में परमाणु ऊर्जा, उद्योग और चिकित्सा जैसे विभिन्न क्षेत्रों में रेडिएशन का उपयोग तेजी से बढ़ रहा है। ऐसे में यदि कभी किसी जगह पर रेडिएशन का रिसाव हो जाए या किसी को अनजाने में ज्यादा मात्रा में रेडिएशन लग जाए तो डॉक्टरों को इलाज शुरू करने के लिए यह जानना जरूरी होता है कि मरीज कितनी मात्रा में रेडिएशन से प्रभावित हुआ है। बायोडोसिमीट्री वह वैज्ञानिक तरीका है जिससे यह पता लगाया जाता है कि व्यक्ति के शरीर में रेडिएशन की कितनी मात्रा गई है। इस जानकारी से डॉक्टर सही समय पर सही इलाज शुरू कर पाते हैं।

### बीएमएचआरसी की प्रयोगशाला का यह होगा काम



बीएमएचआरसी के अनुसंधान विभाग में सहायक प्रोफेसर डॉ रविंद्र एम. समर्थ ने बताया कि हमारी साइटोजेनेटिक लैब अब रेडिएशन से प्रभावित व्यक्तियों के रक्त नमूनों की जांच कर यह बता सकेगी कि उन्हें कितना नुकसान हुआ है। इस तकनीक का उपयोग खासतौर पर आपातकालीन परिस्थितियों में किया जाएगा। जैसे परमाणु संयंत्र में दुर्घटना, अस्पताल में उपकरण की गड़बड़ी या किसी प्रकार की रेडिएशन घटना।

### देश के इन 6 संस्थानों का हुआ चयन

भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र (बीएआरसी) द्वारा शुरू किए गए इस नेटवर्क में देशभर से केवल 6 संस्थानों को चुना गया है। बीएमएचआरसी के अलावा इसमें चैन्नई, दिल्ली, लखनऊ, मंगलूरु और कलपक्कम की प्रयोगशालाएं शामिल हैं।

### इनका कहना है

"बीएमएचआरसी को इस राष्ट्रीय नेटवर्क में शामिल किया जाना हम सभी के लिए गर्व की बात है। यह संस्थान की वैज्ञानिक क्षमताओं और गुणवत्तापूर्ण अनुसंधान का प्रमाण है। यह सुविधा आपात स्थिति में मजबूत सहारा बनेगी।

**- डॉ मनीषा श्रीवास्तव,**
प्रभारी निदेशक, बीएमएचआरसी

### कैसे पता चलता है रेडिएशन ने कितना असर डाला

डॉ समर्थ ने बताया कि जब किसी व्यक्ति को अत्यधिक रेडिएशन का असर होता है तो इसका सबसे बड़ा प्रभाव शरीर की कोशिकाओं में मौजूद क्रोमोसोम पर पड़ता है। रेडिएशन से क्रोमोसोम में टूट-फूट, असामान्य जुड़ाव या अतिरिक्त संरचनाएं बन सकती हैं जो शरीर के लिए खतरनाक होती हैं। बीएमएचआरसी की साइटोजेनेटिक लैब में मरीज के खून के नमूने लेकर विशेष जैविक तकनीकों जैसे डायसेंट्रिक क्रोमोसोम अस्से (डीसीए) और माइक्रो-न्यूक्लियस अस्से के माध्यम से यह पता लगाया जाता है कि रेडिएशन से क्रोमोसोम में कितनी और किस प्रकार की क्षति हुई है।

# सिल्वर फॉल बारिश से हुआ पूरी रौ में, प्रशासन ने सुरक्षा के किए पुख्ता इंतजाम





**जागरण, पवई**

लगातार हो रही बारिश ने पन्ना जिले की नदियों-नालों को उफान पर ला दिया है। बीते 24 घंटों से रुक-रुक कर हो रही वर्षा के चलते प्राकृतिक जलप्रपात सिल्वर फॉल (चांदा फॉल), जो पवई से लगभग 8 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है, इन दिनों अपने पूरे सौंदर्य और वेग पर है।

बारिश से झरने की छटा देखते ही बन रही है और दूर-दराज से पर्यटक इसकी सुंदरता को निहारने पहुंच रहे हैं। हालांकि, हाल ही में हुई दुर्घटनाओं के मद्देनज़र प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। पन्ना कलेक्टर द्वारा इस क्षेत्र को प्रतिबंधित घोषित किए जाने के बाद झरने के समीप बैरिकेडिंग कर दी गई है और पर्यटकों की सुरक्षा के लिए चौकीदारों की भी तैनाती की गई है।

प्रशासन की इस सख्ती के बाद अब लोग झरने के पास न जाकर सुरक्षित दूरी से ही उसकी भव्यता का आनंद ले रहे हैं। स्थानीय प्रशासन ने आमजन से भी अपील की है कि वे नियमों का पालन करें और बारिश के मौसम में नदी-नालों या जलप्रपातों के पास जाने से बचें। झरने के तेज बहाव और चट्टानों की फिसलन के कारण खतरा बना हुआ है, ऐसे में सुरक्षा नियमों का पालन करना सभी के हित में है।

### प्रधानमंत्री सड़क योजना अंतर्गत निर्मित पुलिया बहने से दो गांवों का संपर्क टूटा

रैपुरा तहसील अंतर्गत ग्राम जमुनाडाढ़ और डौली को जोड़ने वाली पुलिया तेज बारिश के पानी में बह गई है, जिससे दोनों गांवों के बीच संपर्क पूरी तरह से टूट गया है। यह पुलिया दो वर्ष पूर्व प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत बनाई गई थी, जो हाल ही में आई बारिश के पहले ही झोंके में ढह गई। ग्रामीणों ने बताया कि सड़क और पुलिया की गुणवत्ता बेहद खराब थी, जिसका नतीजा यह है कि आज गांवों के बीच न तो वाहन जा पा रहे हैं और न ही आपातकालीन सेवाएं पहुंच पा रही हैं। बृजेंद्र नामक एक ग्रामीण को तेज दर्द होने पर ओमनी वाहन से अस्पताल ले जाना पड़ा, लेकिन पुलिया बह जाने के कारण रास्ता पूरी तरह बंद हो गया।

स्थानीय लोगों का कहना है कि प्रधानमंत्री सड़क योजना के अंतर्गत निर्माण कार्य के दौरान कई अनियमितताएं सामने आई थीं। इस योजना के इंजीनियर रियाज खान से ग्रामीणों ने जब संपर्क किया, तो उन्होंने तानाशाही भरा व्यवहार किया और समस्या का समाधान करने की बजाय ग्रामीणों को नजरअंदाज कर दिया। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही सड़क और पुलिया की मरम्मत नहीं कराई गई या कोई वैकल्पिक व्यवस्था नहीं बनाई गई, तो वे महिलाओं और बच्चों सहित आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। उन्होंने कहा कि किसी भी अप्रिय स्थिति की पूर्ण जिम्मेदारी शासन और प्रशासन की होगी।

ग्रामीणों की इस गंभीर समस्या को लेकर अब प्रशासन की कार्यशैली पर सवाल खड़े हो रहे हैं। लोग मांग कर रहे हैं कि जिम्मेदार ठेकेदार व सम्बंधित अधिकारियो के विरूद्ध सख्त कार्रवाई हो और भविष्य में इस प्रकार की लापरवाही न दोहराई जाए।

## लगातार बारिश से नदी-नाले उफान पर, पुराने पुल पर पानी, आवागमन कुछ घंटों तक रहा बंद



पवई। क्षेत्र में बीते कुछ दिनों से लगातार हो रही बारिश के कारण नदी-नालों का जलस्तर तेजी से बढ़ता जा रहा है। शनिवार को पवई-मोहनद्रा मार्ग स्थित पतने नदी का पुराना पुल जलमग्न हो गया, जिससे आवागमन कुछ घंटों के लिए पूरी तरह बाधित रहा। स्थिति को गंभीर मानते हुए प्रशासन ने तत्परता दिखाते हुए पुल के दोनों ओर बैरिकेटिंग कर रास्ता बंद कर दिया। हालांकि, पास ही बने नवीन पुल से छोटे वाहनों की आवाजाही जारी रही। बारिश का पानी पुल के ऊपर से बहता देख लोगों की भीड़ जमा हो गई। कई नागरिकों ने बताया कि इस बार वर्षों बाद लगातार झड़ी के रूप में बारिश हो रही है, जिससे भूमि की गहराई तक नमी पहुंच रही है और भूजल स्तर में भी सुधार देखने को मिल रहा है। क्षेत्रवासियों ने इस बारिश को खेतों और फसलों के लिए संजीवनी बताया है। प्रशासन लगातार स्थिति पर नजर बनाए हुए है और आमजन से अपील की है कि उफनती नदियों के आसपास जाने से बचें।

## गुडने नदी में बह गया ग्रामीण, रेस्क्यू टीम जुटी

### 24 घंटे की बारिश से उफान पर नदी-नाले, पवई क्षेत्र में बढ़ी चिंता



**पवई।** पवई क्षेत्र में बीते 24 घंटे से रुक-रुक कर हो रही बारिश के कारण नदी-नालों का जलस्तर लगातार बढ़ता जा रहा है। पवई थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम मुड़वारी में एक ग्रामीण के नदी में बहने की दुखद घटना सामने आई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, मुड़वारी निवासी 58 वर्षीय वैजनाथ लोधी पिता मोतीलाल रविवार सुबह भैंस चराने निकले थे। लौटते समय वे गुड़ने नदी के किनारे पहुंचे, जो बारिश के चलते तेज बहाव पर थी। इसी दौरान उन्होंने नदी में बहती हुई एक लकड़ी देखी और उसे पकड़ने के उद्देश्य से अपने कपड़े और जूते उतारकर नदी में उतर गए। शुरुआत में वैजनाथ लकड़ी के सहारे तैरते रहे, लेकिन नदी का बहाव और अचानक तेज हो गया और वे बहते हुए काफी दूर तक निकल गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, पानी की तेज भंवर में उन्हें फंसते हुए देखा गया। घटना की जानकारी मिलते ही पवई पुलिस प्रशासन और एसडीईआरएफ (स्ठक्रन्न) की टीम मौके पर पहुंची और रेस्क्यू अभियान प्रारंभ किया गया। समाचार लिखे जाने तक राहत एवं बचाव कार्य जारी है। क्षेत्र में भारी बारिश के चलते ग्रामीणों में भय का माहौल बना हुआ है।

## चारों ओर पानी भरने से नहीं मिला रास्ता

### इलाज के अभाव में बालिका की मौत

**पन्ना।** जिले में अनेक स्थान ऐसे हैं जहां पर सड़क एवं पुलिया न होने के चलते उक्त ग्रामों के लोग मुख्य सड़क तक नहीं पहुंच पाते है तथा बरसात के समय बीमार होने पर इलाज के अभाव में मौत के मुंह में चले जाते हैं इसी प्रकार का मामला अमानगंज विधानसभा अंतर्गत देवेंद्रनगर के पास गोखुर दऊअन टोला राजापुर ग्राम है जो चारों तरफ नदी नालों से गिरे हुए हैं उक्त नालों में पुल न होने की वजह से बरसात के समय मुख्य मार्ग तक नहीं पहुंच पाते हैं जिससे दुर्घटना घटित होती है। इस प्रकार का मामला ग्राम पंचायत राजापुर का सामने आया है सरपंच बेटू लाल ने बताया कि गांव के ही खिल्लु आदिवासी की पुत्री की तबीयत खराब हो गई थी वह समय पर मुख्य मार्ग नहीं पहुंच सका तथा उसकी मौत हुई क्योंकि बड़वारा राजापुर नाला में जो रिपटा बना हुआ है उसके ऊपर पानी आ जाने के चलते निकलना मुश्किल हो जाता है।इसी प्रकार दऊअन टोला की ओर से पुलिया नहीं बनीं जिससे निकलना मुश्किल हो रहा है क्षेत्रीय विधायक राजेश वर्मा ने पुलिया बनाने तथा रिपटा की ऊंचाई बढ़ाने का आश्वासन दिया था लेकिन वह नहीं किया गया जिससे समस्या उत्पन्न हुई है।। स्थानीय लोगों ने तत्काल पुल निर्माण की मांग की है।



## कोचिंग कार्य के लिए शिक्षकों का भेजें प्रस्ताव



**पन्ना।** आदिम जाति एवं अनुसूचित जाति कल्याण विभाग द्वारा जिले के खण्ड स्तरीय उत्कृष्ट बालक एवं कन्या छात्रावास में शासकीय व प्रतिष्ठित निजी स्कूलों के शिक्षकों से कोचिंग कार्य कराया जाना है। शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए सभी विकासखण्ड के उत्कृष्ट बालक व कन्या छात्रावास अधीक्षकों से विषय विशेषज्ञ शिक्षकों के माध्यम से कोचिंग कार्य के लिए प्रस्ताव चाहे गए हैं। विज्ञान, भौतिक शास्त्र, रसायन शास्त्र, जीव विज्ञान एवं कम्प्यूटर शिक्षक के लिए एक-एक तथा गणित एवं अंग्रेजी शिक्षक के लिए दो-दो शिक्षकों का प्रस्ताव आगामी 15 जुलाई तक कलेक्ट्रेट स्थित जिला संयोजक कार्यालय में विद्यालय प्राचार्य की अनुशंसा सहित चाहा गया है।

छात्रावास अधीक्षकों को प्रवेशित विद्यार्थियों के मान से विषय शिक्षकों का आवश्यकतानुसार प्रस्ताव भेजना होगा। गत वर्ष में शत-प्रतिशत परीक्षा परिणाम देने वाले शिक्षकों को चयन में वरीयता दी जाएगी। कक्षा 9वीं एवं 10वीं में कोचिंग देने वाले शिक्षक का संबंधित विषय में स्नातक स्तर पर न्यूनतम 60 प्रतिशत अंक तथा कक्षा 11वीं एवं 12वीं की कोचिंग के लिए स्नात्कोत्तर में 60 प्रतिशत अंक की अनिवार्यता रहेगी। शिक्षकों और कोचिंग केन्द्र चयन का अनुमोदन विभागीय अधिकारी के प्रस्ताव पर जिला कलेक्टर द्वारा किया जाएगा। शिक्षक एवं कोचिंग केन्द्र का चयन विज्ञापन के माध्यम से होगा।

## एसडीओ एवं बीट गार्ड की मिली भगत से केंपा प्लांटेशन में किया जा रहा भारी फर्जीवाड़ा

### मजदूरों को दी जा रही दो सौ रुपए मजदूरी खुद के वाहन लगाकर बनाए जा रहे मनमाने बिल सलेहा रेंज के हरदुआ बीट का मामला



**पन्ना।** पन्ना जिले में वन विभाग के अंतर्गत विभिन्न निर्माण कार्य किए जा रहे हैं जिसमें दक्षिण वन मंडल अंतर्गत सलेहा वन परिक्षेत्र की बीट हरदुआ में कैम्पा योजना के तहत बॉस नर्सरी का रोपण किया गया उक्त कार्य बीट गार्ड उमाशंकर पाल के द्वारा कराया जा रहा है जिसमें सैकड़ो मजदूर लगे हुए हैं मजदूरों को शासन द्वारा निर्धारित मजदूरी नहीं दी जा रही है सिर्फ 200 से लेकर ढाई सौ रुपये तक मजदूरी दी जाती है वह भी पहले अन्य लोगों के खाते में डाल दी जाती है फिर उन्हें नगद भुगतान किया जाता है हर दुआ बीट के कच्छ क्रमांक पी 743में 18 750 बांस के पौधे रोपित किए जा रहे हैं जिसमें लगे हुए मजदूरों ने बताया कि हमें सिर्फ ढाई सौ रुपए मजदूरी दी जा रही है बाकी वन विभाग के कर्मचारी हड़प रहे है ट्रैक्टर सहित जो अन्य वाहन लगे हुए हैं वह वन विभाग के अधिकारी कर्मचारियों के ही लगे हुए हैं विभाग द्वारा स्पष्ट निर्देश है कि जहां भी नए प्लांटेशन में पौधारोपण किया जाएं उसमें साफ सफाई से किया जाए।

### नाले में बहे बालक का शव बरामद

**पन्ना।** जिले के शाहनगर थाना अंतर्गत एक बालक बोरी नाला में बह गया था उसका शव एक दिन बाद एन डी आरएफ की टीम द्वारा बरामद कर लिया है जानकारी के अनुसार अनुज चौधरी पिता भारत चौधरी उम्र 15 वर्ष ऑटो पर बैठकर जा रहा था इस दौरान वह नाले में गिर गया तथा बह गया लोगों द्वारा काफी तलाश की लेकिन उसकी कोई जानकारी नहीं मिली घटना की सूचना पुलिस तथा एनडीआरएफ की टीम को दी गई प्लेटफॉर्म कमांडर सत्यपाल जैन के नेतृत्व में एनडीआरएफ की टीम पहुंची तथा आज 12 जुलाई को घटनास्थल से 3 किलोमीटर दूर अनुज का शव बरामद कर लिया है उक्त घटना से परिवार में शोक का माहौल कायम है।

## कलेक्टर ने शासकीय भूमि को अवैधानिक तरीके से निजी भूमि दर्ज करने पर पुनः शासकीय भूमि दर्ज करने आदेश किया पारित

### नामांतरण एवं अनधिकृत प्रविष्टि भी निरस्त की



**पन्ना।** कलेक्टर सुरेश कुमार ने म.प्र. भू राजस्व संहिता 1959 की धारा 165 (7ख) के उल्लंघन सहित बगैर सक्षम प्राधिकारी की अनुमति से बायपास रोड पन्ना स्थित सर्वे नंबर 2109/2/1 रकवा 0.576 में दर्ज श्रीकांत दीक्षित, सर्वे नंबर 2109/2/2 रकवा 1.200 में दर्ज न्यास डीबीसी विधि महाविद्यालय अध्यक्ष पुष्पेन्द्र सिंह एवं सर्वे नंबर 2109/2/3 रकवा 0.250 में दर्ज आशा दीक्षित की प्रश्नाधीन भूमि को शासकीय भूमि दर्ज करने का आदेश पारित किया है। इस संबंध में गत दिवस कलेक्टर न्यायालय में अनावेदकगणों को सुनवाई का अवसर भी प्रदान किया गया था, साथ ही जनसामान्य को भी नियत अवधि तक आपत्ति प्रस्तुत करने का अवसर प्रदान किया गया था। इस दौरान यह भी पाया गया कि तत्समय पटवारी एवं राजस्व अधिकारी-कर्मचारियों की मिली भगत से खसरे में संशोधन किया गया था। उल्लेखनीय है कि प्रकरण में विवेचना एवं राजस्व अभिलेख के विश्लेषण से पाया गया कि खसरा वर्ष 1961 में प्रश्नाधीन भूमि सर्वे नंबर 2109/2 रकवा 5.00 एकड़ परमा गोंड़ सा. देह भूमि स्वामी के नाम अनधिकृत रूप से दर्ज हुई है। यदि वर्ष 1961-62 में परमा को भूमि शासन से बंटन में प्राप्त होने का तथ्य माना जाए, तब भी वर्ष 1999 में शासकीय भूमि को जिला कलेक्टर की विक्रय अनुमति के बगैर रामकिशुन को विक्रय किया गया। जिला कलेक्टर ने इस स्थिति में भूमि को म.प्र. शासन दर्ज करने के साथ संबंधित के नाम दर्ज भूमि के समस्त नामांतरण एवं अनधिकृत प्रविष्टि को भी निरस्त करने की कार्रवाई की है। साथ ही तहसीलदार पन्ना को अभिलेख में अमल कर खसरा और नक्शा की प्रति प्रस्तुत करने के लिए निर्देशित किया है। इसके अलावा भूमि पर अनावेदकगण का कब्जा होने की स्थिति में इसे हटाकर कब्जा प्राप्त करने के निर्देश भी दिए हैं।

## जिले में 65 प्रतिशत बारिश, पिछले साल से 15 इंच ज्यादा

### पलेरा में सबसे ज्यादा 5 इंच गिरा पानी, अधिकतम तापमान 30.5 डिग्री पर पहुंचा



**तहसीलवार बारिश का ब्योरा**

| | |
|---|---|
| टीकमगढ़ | 891 मिमी |
| पलेरा - | 894 मिमी |
| मोहनगढ़ | 723 मिमी |
| खरगापुर | 591 मिमी |
| बल्देवगढ़ | 584 मिमी |
| लिधौरा | 554 मिमी |
| जतारा | 499 मिमी |
| बड़ागांव धसान | 459 मिमी |

**टीकमगढ़।** जिले में मानसून इस बार जोश में है। पिछले 24 घंटे से लगातार जोरदार बारिश हो रही है। शुक्रवार सुबह करीब 4 बजे से बारिश का सिलसिला और तेज हो गया, जिससे जिले में औसतन 74.01 मिमी यानी 2.9 इंच वर्षा दर्ज की गई है। सबसे ज्यादा बारिश पलेरा तहसील में 120 मिमी (लगभग 5 इंच) हुई है। इसके बाद टीकमगढ़ में 96 मिमी, लिधौरा में 75 मिमी, मोहनगढ़ में 70, बल्देवगढ़ में 71, बड़ागांव धसान में 66, खरगापुर में 53 और जतारा में 42 मिमी बारिश रिकार्ड की गई।

**अब तक 65 प्रतिशत बारिश का लक्ष्य पूरा:** 1 जून से 11 जुलाई तक जिले में 649.4 मिमी यानी 25.6 इंच बारिश हो चुकी है। यह आंकड़ा जिले की सालाना औसत बारिश (1000 मिमी या 40 इंच) का करीब 65 प्रतिशत है।

**पिछले साल से काफी आगे :** अगर बीते साल से तुलना करें, तो इस बार अब तक 15 इंच ज्यादा बारिश हो चुकी है। 11 जुलाई 2024 तक कुल 240.8 मिमी यानी 9.5 इंच बारिश हुई थी, जबकि इस बार यह आंकड़ा 649.4 मिमी पहुंच गया है।

**मौसम में ठंडक, तापमान गिरा :** बारिश के चलते दिन का तापमान घटकर 30.5 डिग्री और रात का तापमान 23.3 डिग्री रिकॉर्ड किया गया है। लगातार हो रही बारिश ने लोगों को गर्मी से राहत दी है और खेतों में भरपूर नमी आ चुकी है, जिससे खरीफ फसलों की बुआई को गति मिली है।

### इमरजेंसी के लिए हेल्पलाइन नंबर जारी

आपात स्थिति के लिए कई हेल्पलाइन नंबर जारी किए गए हैं। आपदा प्रबंधन कंट्रोल रूम - 07683-242242, पुलिस कंट्रोल रूम - 07683-245400, होमगार्ड - 7999870411 और नगर पालिका - 07683-242975 पर संपर्क किया जा सकता है।

### नदियों, नाली और पुलों से दूर रहने की अपील

कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने नागरिकों को सतर्क रहने की सलाह दी है। उन्होंने लोगों से तेज बहाव वाली नदियों, नालों और पुलों से दूर रहने को कहा है। बाढ़, जलभराव और भूस्खलन की आशंका को देखते हुए अनावश्यक रूप से घर से बाहर न निकलने की अपील की गई है। प्रशासन ने सुरक्षा के लिए कई निर्देश जारी किए हैं। बहते पानी को पार न करें। जलभराव वाले क्षेत्रों से दूर रहें। बिजली गिरने की संभावना में खुले स्थान या पेड़ों के नीचे न खड़े हों। जर्जर मकानों में रह रहे लोग सुरक्षित स्थान पर चले जाएं।

## अतिवृष्टि से प्रभावित क्षेत्र का लिया जायजा, की समुचित व्यवस्था



**टीकमगढ़/पलेरा।** नगर में लगातार पिछले 24 घंटे से हो रही बारिश के बाद बड़े सुबह ही नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि विनोद वर्मा पार्षद अभय मोर के द्वारा बारिश से प्रभावित क्षेत्र का जायजा लिया गया। बारिश के कारण वार्ड नंबर 11 में कुछ जगह जल भराव की स्थिति बनी जिसके लिए अध्यक्ष द्वारा कर्मचारियों को आवश्यक दिशा निर्देश देकर जल निकासी की व्यवस्था करने के लिए कहा गया। इसके अलावा अन्य जगह तालाब नाला का भी निरीक्षण कर यहां के हालात देखें एवं हो रही अति वृष्टि के हालात से निपटने हेतु कर्मचारियों अधिकारियों से विचार विमर्श किया। दोपहर में लगातार हो रही बारिश के चलते खाई नाला के पास की गजाधर तालाब से पानी निकासी हेतु जेसीबी एवं नगर परिषद के अमले द्वारा साफ सफाई की गई। वहीं खरगापुर मार्ग स्थित मन्नू तलैया की फूटी बधान पर जेसीबी से मिट्टी डाल पानी रोका गया। इस दौरान नगर परिषद सीएमओ शिवी उपाध्याय भी मौके पर मौजूद रहीं।

## अनंतपुरा तालाब फटने की कगार पर, दबंगों के कब्ज़े के चलते नहीं हो रही निकासी



**टीकमगढ़।** अनंतपुरा पंचायत का तालाब का पानी बदान तक पहुंच चूका हैं। जिसको लेकर ग्रामीणों की चिंता बढती जा रही हैं। उन्हें भय सता रहा हैं की यदि तालाब फटता हैं तो क्या होगा अगर घटना होती हैं तो जानोमाल का नुकसान हो सकता हैं। आपको बता की ऐसी स्थिति क्यों बन रही हैं। जब इस मामले में सरपंच से बात की तो उनके द्वारा बताया गया हैं की गांव के कुछ दबंग पानी की निकासी पर अवैध कब्ज़ा किये हुए हैं। जिस कारण यह स्थिति हो रही हैं मामले को देखते हुए काफ़ी ग्रामीण तालाब पर मोजूद हुए मौके पर पटवारी एवं पुलिस बल भी पंहुचा ग्रामीणों ने बताया हैं की गांव के लाखन यादव के कुछ लोगों ने तालाब की निकासी पर कब्ज़ा कर लिया हैं और परेशानी अंनत पुरा पंचायत के तखा पंचायत में भी नुकसान होगा आपको बता दे की मिडिया के द्वारा बरिष्ठ अधिकारिओ को भी अवगत करा दिया गया लेकिन खबर लिखें जाने तक ऐसी कोई भी जानकारी सामने नहीं आई हैं की प्रशासन द्वारा कोई वैकल्पिक व्यवस्था की हो ग्रामीणों की अगर माने तो जल्द ही कोई व्यवस्था नहीं होती तो कोई बड़ी घटना हो सकती हैं। ग्रामीणों द्वारा 181 पर भी शिकायत करने की बात भी कही हैं। उसके बाद भी अगर सुनवाई होती तो शायद प्रशासन किसी बड़ी अनहोनी का इंतजार कर रहा हैं।

## विद्यालयीन छात्र-छात्राओं ने जानी विद्युत संयंत्र की बारीकियां

# औद्योगिक भ्रमण के उपरांत बुद्धा टेम्पल का किया भ्रमण





### वीणा वादनी विद्यालय बुधेला के बच्चों ने किया सासन पावर लिमिटेड का औद्योगिक भ्रमण

जागरण, बैढ़न

सासन पावर लिमिटेड के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सचिन मोहापात्रा एवं स्टेशन डायरेक्टर सुब्रता घोष के दिशा-निर्देशन में संचालित निगमित, सामाजिक उत्तरदायित्व सीएसआर गतिविधियों के अन्तर्गत संचालित शिक्षा संवर्धन कार्यक्रम के तहत वीणा वादिनी विद्यालय बुधेला के छात्रों के दल ने सासन पावर प्लांट का शैक्षणिक एवं औद्योगिक दौरा किया । इस दौरे का मुख्य उददेश्य छात्रों को बिजली उत्पादन की प्रक्रियाओं, औद्योगिक कार्यप्रणाली को जानना और आत्मविश्वास पैदा करना था। कार्यक्रम का संचालन परियोजना के टेनिंग एवं सीएसआर विभाग द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। दौरे की शुरूआत सुरक्षा इंडक्शन सत्र से हुई, जिसमें प्लांट के सुरक्षा अधिकारियों ने औद्योगिक सुरक्षा मानकों, आपतकालीन प्रक्रियाओं और व्यक्तिगत सुरक्षा उपायों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। छात्रों को हेलमेट रिफ्लेक्टिव जैकेट और अन्य सुरक्षा उपकरण प्रदान किए गए जिसमें वे सुरक्षित रूप से प्लांट का दौरा कर सके। इसके बाद छात्रों ने पावर प्लांट के विभिन्न विभागों का निरीक्षण किया और बिजली उत्पादन की प्रक्रिया कोयला आधारित तापीय ऊर्जा संयंत्रों की कार्यप्रणाली एवं पर्यावरण संरक्षण के उपायों की जानकारी प्राप्त की। प्लांट के इंजीनियरों ने छात्रों को तकनीकी पहलुओं को विस्तार से समझाया और उनके सवालों के उत्तर दिए। विद्यालय के प्राचार्य ने बताया कि इस प्रकार के औद्योगिक दौरों से छात्रों को व्यावहारिक ज्ञान प्राप्त होता है। जिससे उनके करयिर को दिशा मिलती है। छात्रों ने भी इस दौरे को अत्यंत ज्ञानवर्धक एवं रोचक बताया। सासन पावर लिमिटेड के टेनिंग विभाग के प्रमुख निशांत गुप्ता, पर्यावरण एवं सुरक्षा विभाग के प्रमुख जितेन्द्र प्रसाद, इएलएम टीम से आशुतोष नारायण, बीएलएम से मनोज शाह, एडमिन विभाग से विवेक प्रधान ने छात्रों का मार्गदर्शन किया। सुनिश्चित दिन चर्चा अपनाकर कुशल जीवन जीने की सलाह दी एवं उज्जवल भविष्य की कामना की। सीएसआर प्रमुख फुज़ैल अहमद ने कहा कि इस तरह के शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन परियोजना द्वारा निरंतर किया जाता रहेगा, ताकि छात्रों में उद्योगों की वास्तविक कार्यप्रणाली, सुरक्षा उपायों, सामाजिकता एवं व्यवहारिकता की बेहतर समझ विकसित हो सके। कार्यक्रम के सफल आयोजन में सीएसआर विभाग से आशीष कुमार गुप्ता, नृपेन्द्र पाण्डेय, अवनीश कुशवाहा, मिथिलेश शाह, श्यामसुन्दर बसोर, टेनिंग डिपार्टमेन्ट से रजत कांती घोष, पुष्पेन्द्र मिश्रा, सेफ्टी डिपार्टमेंट से जसपाल भट्टी का अहम योगदान रहा, बच्चों को औद्योगिक भ्रमण के उपरांत बच्चों को बुद्धा टेम्पल का भ्रमण कराया गया। तदोपरांत बच्चों को स्वल्पाहर एवं पुरूस्कार देकर बच्चों को सकुशल प्रस्थान किया गया।



# आयुक्त ने इंदिरा चौक सड़क को कराया अतिक्रमण मुक्त

### नगर निगम अमले ने पुलिस के सहयोग से अतिक्रमण पर की करवाई

**जागरण, बैढ़न।** नगर निगम आयुक्त डीके शर्मा के नेतृत्व में आज नवजीवन विहार इंद्रा चौंक रोड से अतिक्रमण हटा कर सड़क को अतिक्रमण मुक्त कराया गया। विदित हो कि नवजीवन विहार इंदिरा चौक पर कुछ दिनों से फल सब्जी बेचने वालों द्वारा सड़क के बीचोंबीच फल सब्जी का ठेला लगा कर सड़क में अतिक्रमण किया गया था। जिस कारण कभी भी आकस्मिक दुर्घटना घटित होने की संभावना बनीं रहती थी। इसी को दृष्टिगत रखतें हुए नगर निगम द्वारा यह कार्यवाही की गई। अतिक्रमण कार्यवाही में विंध्यनगर थाना पुलिस का भी सहयोग रहा। निगम के अतिक्रमण अमले द्वारा इंदिरा चौक से लेकर नगर निगम उप कार्यालय नव जीवन विहार तक की सड़क सड़क से अतिक्रमण हटाने की करवाई की गई। इस कार्यवाही में सहायक यंत्री आलोक टीरु प्रभारी अधिकारी नवजीवन विहार संतोष तिवारी उपयंत्री विष्णु पाल स्वच्छता निरीक्षक पवन विशाल सोनी असिस्टेंट मैनेजर रोहित चौरसिया उप स्वच्छता पर्यवेक्षक एवं यातायात पुलिस विभाग से यातायात थाना प्रभारी दीपेंद्र कुशवाहा एवं उनकी टीम उपस्थित रही।

# गोपद नदी में बोरे में बंद मिला एक अज्ञात युवक का शव

**जागरण, बैढ़न।** गोपद नदी के तट पर उस वक्त सनसनी फैल गई जब धोरबंधा गांव के कुछ ग्रामीणों को नदी के बीच एक बोरा बहता हुआ दिखाई दिया। जब पास जाकर देखा गया तो उस बोरे से किसी इंसान का पैर बाहर निकला हुआ था। यह नजारा देखकर ग्रामीणों के होश उड़ गए और उन्होंने तुरंत पुलिस को सूचना दी। घटना की सूचना मिलते ही सरई और भुईमाड़ थाना पुलिस मौके पर पहुंची। कुछ ही देर में लंघाडोल पुलिस भी अपनी टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। चूंकि घटनास्थल दो प्रशासनिक सीमाओं के बीच में थाए इसलिए स्थिति को स्पष्ट करने के लिए वन विभाग और राजस्व टीम की मदद से स्थल की नाप.जोख कराई गई। जांच में पुष्टि हुई कि शव लंघाडोल थाना क्षेत्र के अंतर्गत आता है। उल्लेखनीय है कि सरई थाना क्षेत्र के गोरा गांव से 23 वर्षीय युवक पुष्पेंद्र साहू पिछले कुछ दिनों से लापता है जिसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट पहले ही दर्ज है। जब अज्ञात शव मिलने की सूचना परिजनों को मिली तो वे भी मौके पर पहुंच गए। लंघाडोल पुलिस ने बोरा काटकर शव को बाहर निकाला और पहचान के लिए परिजनों को बुलाया गया। शव बुरी तरह सड़ चुका था बावजूद इसके परिजनों ने गहनता से निरीक्षण कर यह स्पष्ट किया कि शव पुष्पेंद्र का नहीं है। इसके बाद लंघाडोल पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सरई भेज दिया और मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। शुरुआती जांच में हत्या की आशंका जताई जा रही है क्योंकि शव को बोरे में बंद कर नदी में फेंका गया था। घटनास्थल पर भुईमाड़ थाना प्रभारी डी.डी. सिंह मड़वास थाना प्रभारी भूपेश बैस देवसर एसडीओपी राहुल कुमार सैयाम लंघाडोल थाना प्रभारी पुष्पेंद्र धुर्वे सहित पुलिस बल की मौजूदगी रही।

# जेडी स्कूल शिक्षा ने किया लेखापाल को निलंबित

**जागरण, रीवा।** जिला शिक्षा अधिकारी जिला सतना द्वारा 25 फरवरी 2025 को भेजे गए प्रस्ताव पर पांच माह बाद जेडी स्कूल शिक्षा ने गुरुवार को कार्यवाही की है। शिकायत कर्ता उदयभान चतुर्वेदी ने बताया है कि डीईओ सतना ने विवेक कुमार शर्मा लेखापाल कार्यालय विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी रामपुर बाघेलान जिला सतना के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही का प्रस्ताव भेजा था। लेखापाल के संबंध में प्राप्त शिकायत की जाँच प्राचार्य सीएम राईज उमावि रामपुर बाघेलान से कराई गई। जाँच में पाया गया कि संकुल केन्द्र शा.उमावि चोरहटा की मृत कर्मचारी आशा पुष्कर सहायक अध्यापक जिनकी मृत्यु दिनांक 18/11/2023 को हो चुकी है उनके 18 नवम्बर तक का वेतन एवं अनुग्रह राशि का आहरण मृतक कर्मचारी के खाते में भुगतान की गई है। मृत्यु उपरांत नवम्बर 2023 दिसम्बर 2023 एवं जनवरी 2024 का अंशदान कटोत्रा भी किया गया है जो वित्तीय अनियमितता की श्रेणी का कृत्य है। संकुल केन्द्र शा.उमावि चोरमारी के माध्यमिक शिक्षक विजय बहादुर सिंह शामाशा कटिंगा का स्थानांतरण दिनांक 14/08/2024 को शा.उमावि महुड़र वि.ख. अमरपाटन में किये जाने तथा संबंधीजन का अंतिम वेतन प्रमाण पत्र दिनांक 26/08/2024 को संकुल केन्द्र से जारी होने के बाद भी माह अगस्त एवं सितम्बर 2024 के वेतन का भुगतान कार्यालय विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी रामपुर बाघेलान जिला सतना से आपके द्वारा किया गया है। जिला शिक्षा अधिकारी जिला सतना से प्राप्त प्रस्ताव के अनुकम में लेखापाल विवेक शर्मा को 10/06/2025 द्वारा कारण बताओ नोटिस दिया गया था लेकिन जवाब संतोषजनक नहीं रहा। जिसके बाद जेडी स्कूल शिक्षा द्वारा लेखापाल को निलंबित कर दिया गया है। निलंबन अवधि में श्री शर्मा का मुख्यालय कार्यालय विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी सोहावल जिला सतना नियत किया गया है।

# सीआईएसएफ ने अमेरिका में आयोजित विश्व पुलिस एवं अग्निशमन खेल 25 में 64 पदक जीते

### भारत 560 पदकों के साथ तीसरे स्थान पर

**जागरण, रिहंदनगर।** केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल ने अमेरिका के इरमिंगम में आयोजित विश्व पुलिस एवं अग्निशमन खेल 25 में कुल 64 पदक जीतकर देश का गौरव बढ़ाया है। विश्व पुलिस एवं अग्निशमन खेल एक बड़ा अंतरराष्ट्रीय खेल आयोजन है जहाँ दुनिया भर के पुलिस और अग्निशमन कर्मी विभिन्न खेलों में प्रतिस्पर्धा करते हैं। इस वर्ष 70 से अधिक देशों के 10000 एथलीटों ने भाग लिया। केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बलटीम ने 6 स्पर्धाओं में भाग लिया और असाधारण प्रदर्शन किया। प्रत्येक खिलाड़ी ने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया और अदम्य साहस शक्ति और टीम वर्क का परिचय दिया। उनकी सफलता ने भारत को 560 पदकों के साथ समग्र पदक तालिका में तीसरे स्थान पर रहने में मदद की। जिसमें मुख्य रूप से



बिहार के पूर्वी चंपारण जिले की विजया कुमारी ने पदक जीतकर उल्लेखनीय योगदान दिया जिसमें 100 मीटर में स्वर्ण 4 गुंणे 100 मीटर रिले में स्वर्ण 4 गुंणे 400 मीटर मिश्रित रिले में स्वर्ण 200 मीटर में रजत 400 मीटर बाधा दौड़ में रजत 400 मीटर में कांस्य सीआईएसएफ फिटनेस अनुशासन और उत्कृष्टता को प्रोत्साहित करता रहता है। विश्व पुलिस एवं अग्निशमन खेलों में टीम का प्रदर्शन विश्व मंच पर हमारे कर्मियों की ताकत और दृढ़ संकल्प को दर्शाता है।

### कपूर त्रिपाठी को नवानगर एवं शीतल यादव को खुटार चौकी का प्रभार

**जागरण, बैढ़न।** पुलिस अधीक्षक मनीष खत्री ने कल देर रात प्रशासनिक दृष्टिकोण और कानून व्यवस्था के मदेनजर थाना प्रभारी एवं चौकी प्रभारी की नई पदस्थापना की है जारी आदेश के तहत जियावन थाना के प्रभारी कपूर त्रिपाठी को नवानगर थाने का प्रभारी एवं नवानगर थाना प्रभारी ज्ञानेंद्र सिंह को जियावन थाने का प्रभारी बनाया गया है वहीं पुलिस लाइन में पदस्थ आराधना सिंह परिहार को महिला थाना प्रभारी अमन वर्मा को नवानगर से तीनगुड़ी चौकी का प्रभारी विनय शुक्ला थाना जियावान को निगरी चौकी प्रभारी तथा रामजी त्रिपाठी को थाना जियावान के कूंदवार चौकी का प्रभारी बनाया गया है।

### वी क्लब रीवा ग्रेट का हुआ शपथ ग्रहण

**जागरण, रीवा।** नगर की समाज सेवी सस्था वी क्लब रीवा ग्रेट की सत्र 25-26 हेतु गठित कार्यकारिणी का शपथग्रहण समारोह होटल सेलीब्रेशन में आयोजित किया गया जिसमें नियुक्त पदाधिकारियों अध्यक्ष वी रश्मि पुरवार, सचिव वी गायत्री गुप्ता, कोषाध्यक्ष वी मीना सोनी एवं शेष टीम को शपथ अधिकारी पूर्व प्रान्तीय अध्यक्ष वी लता आर्य ने शपथ दिलवाई। उन्होंने अपने उद्बोधन में ज्यादा से ज्यादा सेवा कार्य करने के लिए प्रोत्साहित किया तथा क्लब के प्रोटोकॉल की जानकारी दी। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि वाइस डिस्ट्रिक्ट प्रेसिडेंट वी ज्योति प्रधान ने अपने उद्बोधन में रीवा ग्रेट की प्रशंसा करते हुए कहा कार्य ऐसे करें जिससे ज्यादा से ज्यादा लोग लाभान्वित हो। विशिष्ट अतिथि वी दर्पणा स्वर्णकार, वी पूनम दुबे और वी अर्चना श्रीवास्तव ने भी अपने विचार व्यक्त किये। अध्यक्ष रश्मि पुरवार ने भावी योजनाओं की जानकारी देते हुए कहा कि इस सत्र में महिला स्वावलम्बन पर विशेष कार्य करेगें। स्वागत वी रविन्दर कौर ने किया आभार वी गायत्री गुप्ता ने व्यक्त किया। संचालन वी नीलम चौरसिया एवं वी अर्चना सिंह सेंगर ने किया।

# बढ़ती जनसंख्या और घटते संसाधनों पर व्यक्त की चिन्ता

### जनसंख्या दिवस पर जीडीसी में हुई वैचारिक संगोष्ठी

**जागरण, रीवा।** जीडीसी में फ्लैगशिप योजना 'कदम' के अन्तर्गत लायन्स क्लब के साथ संयोजक अर्थशास्त्र विभाग एवं समाजशास्त्र विभाग के संयुक्त तत्वावधान में विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर वैचारिक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। महाविद्यालय की प्राचार्य मेजर डॉ विभा श्रीवास्तव की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में लायंस क्लब के लायन श्री थापर, अध्यक्ष गुलशन चड्ढा, आरती गुप्ता, लायन अतुल जैन, वालेन्तिना जैन, राजेश गुप्ता, कार्यक्रम संयोजक व अर्थशास्त्र विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ गीता सिंह एवं समाजशास्त्र विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ रचना श्रीवासतव ने अपने विचार व्यक्त किये। संगोष्ठी के समापन पर प्राचार्य डॉ विभा श्रीवास्तव ने जनसंख्या नियंत्रण के लिये शपथ ग्रहण कराई। इस अवसर पर लॉयन श्री थापर एवं गुलशन चड्ढा को महाविद्यालय की ओर से शॉल श्रीफल देकर सम्मान किया गया। लायन्स अध्यक्ष गुलशन चड्ढा ने विषय प्रवर्तन कर संस्था के सम्बन्ध में बताया। लायन अतुल जैन ने हर घर परिवार में दरकते जा रहे रिश्तों को सहेजने की बात करते हुए कहा कि किस प्रकार पहले शिक्षक और अभिभावक बच्चों को दण्ड भी दिया करते थे, लेकिन अब तो बच्चों को डांटना भी एक अपराध मान लिया जाता है। उन्होंने कहा कि हर परिवार में सदस्यों को रात्रि का भोजन हमेशा एक साथ करना चाहिये ताकि सामंजस्य बना रहता है और कई समस्याओं का समाधान भी हो जाता है। लायन्स पदाधिकारी आरती गुप्ता ने लगातार बढ़ती जनसंख्या ओर घटते संसाधनों पर चिन्ता व्यक्त करते हुए कहा कि इसमें संतुलन जरूरी है। बढ़ते असंतुलन से स्थितियां विस्फोटक होती जा रहीं हैं, जो मानव सहित हर जीव जन्तु के लिये घातक है। महाविद्यालय की छात्रा दिव्या मिश्रा ने अत्यन्त ओजस्वी अंदाज में बढती जनसंख्या के दुश्परिणामों पर बात की। उन्हें लायन श्री थापर ने 1100 रुपये की सम्मान निधि प्रदान की। संगोष्ठी में स्वागत उद्बोधन प्राचार्य विभा श्रीवास्तव ने दिया जबकि कार्यक्रम का संचालन अर्थशास्त्र विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ प्रशान्त चौरसिया ने तथा आभार प्रदर्शन समाजशास्त्र विभाग की सहायक प्राध्यापक डॉ मनीषा द्विवेदी ने किया। इस अवसर पर महाविद्यालय की वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ शशि सिंह, डॉ रचना श्रीवास्तव, डॉ गीता सिंह, डॉ ज्योति सिंह, डॉ सरोज गोस्वामी, डॉ सुधा सोनी, डॉ देवाशीष बनर्जी ,डॉ निवेदिता अग्रवाल, डॉ अंजना सिंह, डॉ इला तिवारी, डॉ आशुतोष द्विवेदी, डॉ ममता उपाध्याय, डॉ वर्षा खरे, डॉ पुष्पा तिवारी, डॉ वनिता धुर्वे, डॉ मनीषा द्विवेदी, डॉ राखी सोधिया, साधना बंसल, डॉ जीतेन्द्र मोहन श्रीवास्तव, बृजेश पटेल, डॉ सांजल पटेल, सबीना परवीन, डॉ कीर्ति गौतम,डॉ नितीश कुमार सिंह, डॉ जयप्रकाश पटेल, तकनीकी सहायक पीयूष सोधिया एवं डॉ मुकेश येंगल सहित बड़ी संख्या में छात्रायें उपस्थित रहीं।

# एकल अभिनय में बच्चों ने दिखाई अपनी अभिनय क्षमता




### निरोगी जीवन शैली जागरूकता कार्यक्रम

**जागरण, विंध्यनगर।** जीवन शैली सही रखने और छात्रो में शुगर लेवल सही रखने के उद्देश्य से छात्रों व अभिभावकों हेतु डीपीएस विंध्यनगर के प्रेक्षागृह में शिक्षा प्रद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस विषय को विस्तार से समझाते हुए विद्यालय की शिक्षिकाओं श्रीमती स्वाति जायसवाल और प्रतिभा दुबे ने पीपीटी वीडियो स्किट आदि की रोचक शैली में शरीर को स्वस्थ बलशाली और निरोगी रखने हेतु सभी को जागरूक किया। कार्यक्रम के दूसर चरण में कक्षा 3 से 5 के छात्रो की एकल अभिनय प्रतियोगिता मे सभी 6 सदनों के 18 छात्रों ने देश और समाज के लिए अपना बलिदान वीरों और चिनाव रावी और यमुना कक्षा 4 से यमुना सतलुज और झेलम तथा कक्षा 5 से यमुना रावी और सतलुज सदन के छात्र प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने में सफल हुए। निर्णायक मंडल में शामिल श्रीमती सुनंदा माहेश्वरी एवं इंदु कौल ने छात्रों के अभिनय कौशल तथा उनकी प्रस्तुतीकरण की काफी तारीफ की। दोनों ही कार्यक्रमों की सराहना करते हुए अपने वक्तव्य में प्राचार्य डॉ जनार्दन पांडेय ने राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल का उदाहरण प्रस्तुत करते हुए छात्रों को अपन देश और समाज के प्रति समर्पित होने के लिए प्रेरित किया।

### किशोर कुमार की याद में गीतों की महफिल 4 अगस्त को

**जागरण, रीवा।** महान गायक किशोर कुमार के 97वीं वर्षगांठ पर सुरीली श्रद्धांजली अर्पित करने आगामी 04 अगस्त को स्थानीय मनोकामना मैरिज गार्डेन ढेकहा में शिवक्रियेशन इवेंट एण्ड मैनेजमेंट कम्पनी एवं हिन्दू धर्म परिषद के संयुक्त तत्वाधान में गीतो की महफिल सजाई जा रही है जिसमें नगर के समस्त गायक कलाकार किशोर जी के यादगार गांनो की प्रस्तुति देंगे। कार्यक्रम संयोजक शिव कुशवाहा के मार्गदर्शन में समूचे कार्यक्रम की रूपरेखा बनाई जा रही है जिसमें किशोर कुमार को पसंद करने वाले गायक कलाकारों एवं गणमान्य नागरिकों को आमंत्रित किया जाएगा। हिन्दू धर्म परिषद के संयोजक सुमित माँजवानी ने बताया कि रीवा कलाकार संघ की आयोजन में पूरी सहभागिता रहेगी। धर्म परिषद के संस्थापक नारायण डिगवानी, रिदम म्यूजिकल ग्रुप के अध्यक्ष डॉ. विनोद तिवारी, प्रायोजक संजय तिवारी मुन्नू द्वारा आयोजन में शामिल होने की घोषणा की गई है। आयोजन को सफल बनाने समिति द्वारा तैयारियां प्रारम्भ कर दी गई हैं।

### शासकीय शालाओं में होगा शैक्षिक ओलंपियाड प्रतियोगिता का आयोजन

**रीवा।** क्षेत्र के समस्त शासकीय, प्राथमिक, माध्यमिक विद्यालयों में कक्षा 2 से 8 के विद्यार्थियों को प्रदेश, देश और विश्व के सांस्कृतिक, भौगोलिक ऐतिहासिक परिदृश्य, समसामयिक सामान्य ज्ञान तथा हिंदी, इंग्लिश, विज्ञान और गणित विषयों से जोड़ने के लिए मंच क्विज प्रतियोगिता ओलंपियाड का आयोजन दो चरणों में जन शिक्षा केन्द्र और जिलास्तर पर किया जा रहा है। इस वर्ष जन शिक्षा केन्द्र स्तरीय आयोजन सितंबर और जिला स्तरीय आयोजन नवंबर माह में होगा। ओलंपियाड में सहभागिता के लिए विद्यार्थी शिक्षकों के सहयोग से ऑनलाइन पंजीयन पोर्टल पर 30 जुलाई तक कर सकेंगे। इस वर्ष ओलंपियाड में कक्षा दूसरी से लेकर 8वीं तक प्रारंभिक कक्षाओं के विद्यार्थी ओएमआर शीट पर प्रश्न हल करेंगे। इस व्यवस्था से बच्चों को प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए प्रारंभिक काल से अनुभव प्राप्त होगा।

# भारी बारिश से बाणसागर बाँध में तेजी से बढ़ा जलस्तर, नियंत्रित जल प्रवाह के लिए खोले गए 7 गेट

**जागरण, शहडोल।** प्रदेश में हो रही मूसलधार बारिश के चलते शहडोल जिले की सोन नदी पर बने बहुउद्देशीय बाणसागर बाँध में जलस्तर में तेजी से वृद्धि हुई है। 12 जुलाई को बाँध का जलस्तर 339.79 मीटर तक पहुँच गया, जो कि पिछले वर्षों की तुलना में कहीं अधिक और जल्दी है। बाँध में इस समय 3200 क्यूमेक्स की दर से पानी की आवक हो रही है, जिससे अधिकतम जलभराव सीमा 341.64 मीटर है। स्थानीय प्रशासन एवं जल संसाधन विभाग ने मौसम पूर्वानुमान और निचले क्षेत्रों में संभावित बाढ़ को ध्यान में रखते हुए एहतियातन बाँध के 18 में से 7 रेडियल गेटों को दो-दो मीटर तक खोल दिया है। इससे लगभग 2600 क्यूमेक्स पानी का नियंत्रित रूप से सोन नदी में प्रवाह शुरू कर दिया गया है। बाँध की स्थिति पर निरंतर निगरानी रखी जा रही है। बाँध के अधीक्षण यंत्री




आर.पी.एस. कवर ने जानकारी देते हुए बताया कि जलस्तर को फिलहाल 338 मीटर पर स्थिर बनाए रखने का निर्णय लिया गया है। जल नियंत्रण की इस प्रक्रिया के दौरान क्षेत्रीय विधायक शरद जगलाल कोल भी बाँध स्थल पर पहुँचे और गेट खोलने के कार्य को प्रत्यक्ष रूप से देखा। इस अवसर पर जल संसाधन विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे, जिनमें अधीक्षण यंत्री आर.पी. सिंह कंवर, कार्यपालन यंत्री विनोद कुमार ओझा, प्रणीश दुबे, एसडीओ जगदीश प्रसाद पटेरिया एसडीओ, संजय तिवारी एसडीओ, उपयंत्री विवेक तिवारी, शुभम मिश्रा प्रकाश धुर्वे, राजेश यादव, के साथ-साथ अन्य तकनीकी स्टाफ नरेंद्र सिंह बागरी, रामसजीवन कुशवाहा, समय लाल केवट , गंगा कोल और समाज सेवी टेसू पर्यावरण संरक्षण दल बाणसागर के अध्यक्ष सिद्धार्थ अग्निहोत्री मौजूद रहे। बाणसागर बाँध क्षेत्र की कृषि, पेयजल व्यवस्था, मत्स्य पालन और ऊर्जा उत्पादन में अहम योगदान देता है। बाँध से कुल 425 मेगावाट विद्युत उत्पादन होता है। इसमें बांध स्थल इकाई से 60 मेघावाट, रीवा नहर द्वारा झिन्ना से 20 मेघावाट, सिलपरा से 45 मेघावाट और सिरमौर से 315 मेघावाट विद्युत उत्पादन शामिल है। बाणसागर न केवल सोन घाटी क्षेत्र के लिए एक महत्वपूर्ण जल स्रोत है, बल्कि यह बहुउद्देशीय परियोजना मध्य प्रदेश की सिंचाई, ऊर्जा और जल आपूर्ति नीति में भी केंद्रीय भूमिका निभा रही है।

भारत-इंग्लैंड एंडरसन-तेंदुलकर ट्राफी का तीसरा टेस्ट के रिकॉर्ड मोमेंट्स

# बुमराह 15 बार 5 विकेट लेने वाले पहले भारतीय, रूट के रिकार्ड टेस्ट कैच, शुभमन के सीरीज में 600 रन पूरे

**लॉर्ड्स, जेएनएन।** एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी का तीसरा टेस्ट लंदन के लॉर्ड्स स्टेडियम में खेला जा रहा है। शुभमन गिल इंग्लैंड में एक टेस्ट सीरीज में 600 रन बनाने वाले दूसरे भारतीय बन गए। जो रूट टेस्ट में सबसे ज्यादा कैच लेने वाले प्लेयर बने। वहीं जसप्रीत बुमराह देश से बाहर टेस्ट में सबसे ज्यादा 5 विकेट लेने वाले भारतीय गेंदबाज बन गए।


## रूट : इंग्लैंड के सबसे सफल बैटर और कैचर



रूट ने भारत के खिलाफ 11वां टेस्ट शतक लगाया। यह टेस्ट में उनका 37वां शतक रहा,उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के स्टीव को पीछे छोड़ा। जिनके नाम 36 टेस्ट शतक हैं। रूट ने भारत के खिलाफ सबसे ज्यादा टेस्ट सेंचुरी लगाने के मामले में स्मिथ की बराबरी भी कर ली। दोनों के नाम 11-11 टेस्ट शतक हैं। रूट सबसे ज्यादा कैच लेने वाले प्लेयर भी बने। रूट ने भारत के ही द्रविड़ (210) को पीछे छोड़ा, रूट के 211 कैच हो गए।

## गिल : टेस्ट सीरीज सबसे ज्यादा रन बनाने वाले भारतीय कप्तान

शुभमन गिल लॉर्ड्स टेस्ट की पहली पारी में 16 ही रन बनाकर आउट हो गए। हालांकि, उन्होंने



इतने कम रन के बावजूद मौजूदा सीरीज में 600 रन पूरे कर लिए। इसी के साथ शुभमन इंग्लैंड में एक टेस्ट सीरीज में 600 प्लस रन बनाने वाले दूसरे ही भारतीय बने। उनसे पहले 2002 में राहुल द्रविड़ 602 रन बना चुके हैं। गिल के नाम फिलहाल 601 रन हैं। गिल इंग्लैंड में एक टेस्ट सीरीज में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले भारतीय कप्तान भी बन गए। इस मामले में उन्होंने विराट कोहली का रिकॉर्ड तोड़ा। जिन्होंने 2018 में 593 रन बनाए थे। गिल ने पारी में 9वां रन बनाते ही विराट को पीछे छोड़ दिया।

## के.एल राहुल : टेस्ट में 100 रन पर आउट होने वाले 100वें बैटर

भारतीय ओपनर केएल राहुल 100 रन पर आउट होने वाले टेस्ट के 100वें बैटर बने हैं। इंग्लैंड के



जॉनी टाइल्डस्ले (1905 में) पहले बैटर थे। केएल राहुल ने इंग्लैंड दौरे पर अपनी शानदार बल्लेबाजी को जारी रखते हुए इतिहास रच दिया है। टेस्ट सीरीज के पहले मैच में शतक लगाने के बाद राहुल ने अब लॉर्ड्स में भी सेंचुरी जड़ दी है। लॉर्ड्स टेस्ट के तीसरे दिन टीम इंडिया के ओपनर ने अपना 9वां टेस्ट शतक पूरा किया। इसके साथ ही राहुल ने वो कर दिखाया, जो भारतीय क्रिकेट के इतिहास में इससे पहले सिर्फ एक बार हुआ था। राहुल इस ऐतिहासिक मैदान में एक से ज्यादा टेस्ट शतक लगाने वाले भारत के सिर्फ दूसरे बल्लेबाज बन गए।

## बुमराह ने कपिल का रिकार्ड तोड़ा

बुमराह के 450 विकेट पूरे जसप्रीत बुमराह ने पहली पारी में बेन स्टोक्स का विकेट लेने के साथ ही इंटरनेशनल क्रिकेट में अपने 450 विकेट पूरे कर लिए। बुमराह के नाम टेस्ट में 215, वनडे में 149 और टी-20 में 89 विकेट हैं। बुमराह ने पहली पारी में 5 विकेट भी लिए। टेस्ट में उन्होंने 15वीं बार 5-विकेट लिए। यह घर से बाहर उनका 13वीं बार 5-विकेट हॉल रहा। बुमराह घर से बाहर सबसे ज्यादा 5-विकेट लेने वाले भारतीय बने। उन्होंने कपिल देव का रिकॉर्ड तोड़ा, जिनके नाम 12 बार 5-विकेट लेने का रिकॉर्ड था। बुमराह ने रूट को 15वीं बार आउट किया जो रूट को जसप्रीत बुमराह ने बोल्ड किया। इसी के साथ बुमराह इंटरनेशनल क्रिकेट में रूट को सबसे ज्यादा बार आउट करने वाले गेंदबाज बन गए। बुमराह ने ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस का रिकॉर्ड तोड़ा, जिन्होंने रूट को 14 बार पवेलियन भेजा है।

## ऋषभ पंत इंग्लैंड के खिलाफ सबसे ज्यादा छक्के जड़े

पंत इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट मैचों में सबसे ज्यादा छक्के जड़ने वाले खिलाड़ी बन चुके हैं। उन्होंने वेस्टइंडीज के पूर्व दिग्गज बल्लेबाज विव रिचर्ड्स का रिकॉर्ड ध्वस्त किया है। पंत इंग्लैंड के सामने 36 छक्के जड़े हैं जबकि रिचर्ड्स ने 34 सिक्स उड़ाए। लिस्ट में तीसरे नंबर पर न्यूजीलैंड के पूर्व पेसर टीम साउदी हैं, जिन्होंने इंग्लैंड के विरुद्ध 30 छक्के जमाए। पंत टेस्ट क्रिकेट में संयुक्त रूप से सर्वाधिक छक्के ठोकने वाले भारतीय खिलाड़ियों की सूची में दूसरे पायदान पर पहुंच गए हैं। वह



## जैमी स्मिथ सबसे तेज 1000 रन बनाने वाले इंग्लैंड के विकेटकीपर

जैमी स्मिथ सबसे कम गेंदों में एक हजार टेस्ट रन बनाने वाले विकेटकीपर बने। उन्होंने पाकिस्तान के सरफराज अहमद का रिकॉर्ड तोड़ा, जिन्होंने 1311 गेंदों में 1000 रन पूरे किए थे। स्मिथ ने 1303 गेंदों पर ही हजार रन बना लिए।



विंबलडन टेनिस टूर्नामेंट : पुरुष फाइनल का खिताबी मुकाबला आज

# अल्काराज की निगाह हैट्रिक पर, चैंपियन बनना चाहेंगे सिनर

**लंदन, जेएनएन।** पिछले दो बार के विजेता कार्लोस अल्काराज़ रविवार को यहां होने वाले विंबलडन टेनिस टूर्नामेंट के पुरुष एकल के फाइनल में खिताबी हैट्रिक पूरी करने के इरादे से कोर्ट पर उतरेंगे जबकि उनके कट्टर प्रतिद्वंदी और विश्व के नंबर एक खिलाड़ी यानिक सिनर ऑल इंग्लैंड क्लब में पहली बार चैंपियन बनने की कोशिश करेंगे। इस मैच में फ्रेंच ओपन के फाइनल की पुनरावृति होगी जिसमें अल्काराज़ ने पहले दो सेट गंवाने और तीन मैच प्वाइंट बचाकर जीत हासिल की थी। अल्काराज़ ने विंबलडन के शुक्रवार को खेले गए पहले सेमीफाइनल में टेलर फ्रिट्ज़ को 6-4, 5-7, 6-3, 7-6 (6) से हराकर लगातार तीसरी विंबलडन चैंपियनशिप जीतने की तरफ मजबूत कदम बढ़ाए।



इसके बाद सिनर की बारी आई और उन्होंने पूरी तरह से फिट नहीं दिख रहे नोवाक जोकोविच को 6-3, 6-3, 6-4 से हराकर पहली बार ऑल इंग्लैंड क्लब में फाइनल में प्रवेश किया। फ्रेंच ओपन के फाइनल के ठीक पांच सप्ताह बाद यह दोनों खिलाड़ी फिर से एक दूसरे के आमने सामने होंगे। फर्क सिर्फ इतना है कि फ्रेंच ओपन का फाइनल लाल बजरी पर खेला गया था जबकि विंबलडन का फाइनल ग्रास कोर्ट पर होगा।

**मुकाबला कड़ा और रोमांचक होने की उम्मीद :** अल्काराज़ ने फ्रेंच ओपन का फाइनल पांच घंटे 29 मिनट में जीता था और रविवार को यहां इन दोनों के बीच फिर से कड़ा मुकाबला होने की संभावना है। स्पेन के इस खिलाड़ी ने स्वीकार किया कि वह उनके करियर का सबसे कड़ा मैच था। उन्होंने कहा, यह अब तक का मेरा सबसे अच्छा मैच था। मुझे इस बात से कोई हैरानी नहीं है कि उसने मुझे मेरी आखिरी सीमा तक धकेल दिया। उम्मीद है कि रविवार को मैं अपनी सीमा में रहूंगा। यह एक शानदार फाइनल होगा और मैं इसमें खेलने के लिए उत्साहित हूं। अल्काराज़ ने कहा, मैं बस यही उम्मीद करता हूँ कि मुझे फिर से कोर्ट पर साढ़े पांच घंटे न बिताने पड़ें।

मैदान से हटकर

# सारा तेंदुलकर लंदन में मैच देखने पहुंचीं

शुभमन गिल के साथ एक कार्यक्रम में दिखाई देने के बाद सारा तेंदुलकर काफी ज्यादा सुर्खियों में हैं। अब सचिन की बेटी ने कुछ ऐसा किया है जिसके बाद फैंस उनके कायल हो गए हैं। सारा तेंदुलकर दरअसल इंग्लैंड की राजधानी लंदन में मैच देखने पहुंची हैं। अरे चौंकिए नहीं सारा भारत-इंग्लैंड के बीच लॉर्ड्स टेस्ट देखने नहीं बल्कि विम्बलडन का सेमीफाइनल मैच देखने पहुंची हैं। सारा



तेंदुलकर ने शुक्रवार को अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पोस्ट की जिसमें मेंस सिंगल्स का सेमीफाइनल मुकाबला दिखाई दे रहा है। ये मुकाबला अल्कराज और टेलर फ्रिट्ज के बीच हो रहा था सारा तेंदुलकर लंबे समय से यूरोप में घूम रही हैं। पहले वो लंदन में अपनी नानी के घर थीं और उसके बाद अपनी दोस्तों के साथ स्विट्जरलैंड घूमने गईं। उसके बाद वो दोबारा लंदन लौटीं, जहां उन्होंने युवराज सिंह की फाउंडेशन यूवीकैन का प्रोग्राम अटेंड किया। इसी प्रोग्राम में टीम इंडिया भी इन्वाइट थी और कप्तान शुभमन गिल भी वहां पहुंचे। इस दौरान शुभमन गिल और सारा तेंदुलकर के रिएक्शंस सोशल मीडिया पर वायरल हुए। एक वीडियो में दिखा कि सारा को शुभमन ने इग्नोर कर दिया वहीं एक दूसरे में दिखा कि सारा टीम इंडिया के वीडियो अपने फोन में कैप्चर कर रही हैं.वैसे रवींद्र जडेजा का एक वीडियो भी वायरल हो रहा है जिसमें वो शुभमन गिल को चिढ़ा रहे हैं। इस वीडियो में शुभमन गिल, जडेजा, पंत और राहुल साथ बैठे होते हैं। तभी कैमरे का फोकस सारा की मम्मी अंजलि तेंदुलकर की ओर होता है और जडेजा शुभमन गिल को चिढ़ाते नजर आते हैं। वैसे सारा जिस मैच को देखने पहुंचीं, वो हुआ भी बेहद रोमांचक। इस मुकाबले में अल्कारेज ने फ्रिट्स को 6-4, 5-7, 6-3, 7-6 से हरा दिया। अल्कारेज लगातार तीसरी बार विम्बलडन के फाइनल में पहुंचे। राफेल नडाल के बाद वो दूसरे स्पेनिश खिलाड़ी हैं जो लगातार तीसरी बार विम्बलडन फाइनल में पहुंचे हैं।

(जेएनएन)

जसप्रीत 5 विकेट हॉल का जश्न नहीं मनाने पर बोले

# मैं 21-22 का नहीं कि उछल कूद करूं

**नई दिल्ली, जेएनएन।** टीम इंडिया के स्टार तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने लॉर्ड्स में जारी इंडिया वर्सेस इंग्लैंड तीसरे टेस्ट में एक बार फिर पंजा खोला। लीड्स में खेले गए पहले टेस्ट की पहली पारी में 5 विकेट हॉल लेने के बाद बुमराह को वर्कलोड मैनेजमेंट के चलते एजबेस्टन में आराम दिया गया था। अब तीसरे मैच में जब उनकी वापसी हुई तो लॉर्ड्स में अपना जादू बिखेरते हुए उन्होंने एक बार फिर पंजा खोला। इस 5 विकेट हॉल के साथ उनका नाम लॉर्ड्स के ओनर्स बोर्ड पर लिखा जाएगा। हालांकि बुमराह ने लॉर्ड्स में अपने 5 विकेट हॉल का जश्न नहीं मनाया। मैच के बाद उन्होंने बताया कि क्यों उन्होंने ऐसा किया। इंग्लैंड-भारत तीसरे टेस्ट के दूसरे दिन का खेल खत्म होने के बाद जब जसप्रीत बुमराह से पूछा गया कि उन्होंने लॉर्ड्स में 5 विकेट हॉल लेने के बाद जश्न क्यों नहीं मनाया तो भारीतय गेंदबाज ने जवाब में कहा कि वह थक गए थे और वह अब 21-22 साल के खिलाड़ी नहीं है जो इस उपलब्धि को हासिल करने के बाद उछलते फिरे। बुमराह ने मुस्कुराते हुए कहा, मैंने वहां जश्न नहीं मनाया क्योंकि मैं थका हुआ था। मैं 21-22 साल का नहीं हूं कि उछल-कूद करूं। मैं बस अपने मार्क पर वापस जाकर फिर से गेंदबाजी करना चाहता था।



**ऑनर्स बोर्ड में शामिल होना अच्छी बात :** बुमराह ने इंग्लैंड की पहली पारी में हैरी ब्रूक, बेन स्टोक्स और जो रूट के रूप में बड़े विकेट चटकाए। इसके अलावा उन्होंने क्रिस वोक्स व जोफ्रा आर्चर को पवेलियन का रास्ता दिखा टेस्ट करियर का 15वां 5 विकेट हॉल लिया। यह पहला मौका था जब 'क्रिकेट का मक्का' कहे जाने वाले लॉर्ड्स के ऐतिहासिक मैदान पर वह पंजा खोलने में कामयाब रहे। इस उपलब्धि पर बुमराह ने कहा, ऑनर्स बोर्ड में शामिल होना अच्छी बात है। अपने बेटे को इसके बारे में बताना अच्छा रहेगा। इंग्लैंड ने पहली पारी में जो रूट के शतक के दम पर 387 रन बोर्ड पर लगाए।

## लॉर्ड्स में पंत ने अपने पैरों में पर मारी कुल्हाड़ी, जिंदगीभर नहीं भूलेंगे, सिंगल

**लाड्र्स, जेएनएन।** भारत के स्टार विकेटकीपर ऋषभ पंत ने शनिवार को इंग्लैंड के खिलाफ लॉर्ड्स में जारी तीसरे टेस्ट की पहली पारी में शानदार बल्लेबाजी की। उन्होंने मैच के तीसरे दिन 112 गेंदों में 74 रन बनाए। उन्होंने 8 चौके और 2 छक्के लगाए। यह उनके टेस्ट करियर की 17वीं अर्धशतकीय पारी है। पंत जिस अंदाज में बैटिंग कर रहे थे, उस देखकर लग रहा था कि वह आसानी से लॉर्ड्स में अपना टेस्ट शतक जड़ देंगे। हालांकि, पंत ने अपने पैरों पर कुल्हाड़ी मार ली। वह हड़बड़ी में सिंगल चुराने के प्रयास में रनआउट हो गए। उन्हें इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने डायरेक्ट थ्रो पर पवेलियन की राह दिखाई। पंत इस घातक सिंगल को जिंदगीभर नहीं भूलेंगे। पंत ने स्पिनर शोएब बशीर द्वारा डाले गए 66वें ओवर की तीसरी गेंद को कवर प्वाइंट की दिशा में खेला। उन्होंने जल्दी से दौड़कर एक रन लेने की कोशिश की लेकिन स्टोक्स ने गजब की फुर्ती दिखाई। स्टोक्स गेंद उठाकर पीछे मुड़े और नॉन स्ट्राइकर एंड की तरफ डारेक्ट हिट किया।

# टी20 वर्ल्ड कप 2026 के लिए 20 में से 15 टीमों ने किया क्वालीफाई

**नई दिल्ली, जेएनएन।** इटली और नीदरलैंड्स का नाम कन्फर्म होने के साथ टी20 वर्ल्ड कप 2026 के लिए क्वालीफाई करने वाली 20 में से 15 टीमों का नाम साफ हो गया है। आईसीसी टी20 वर्ल्ड कप यूरोप क्वालीफायर्स के जरिए इन दोनों टीमों को टी20 वर्ल्ड कप का टिकट मिला। नीदरलैंड्स की टीम पहले भी इस आईसीसी इवेंट का हिस्सा बन चुकी है, मगर इटली ने वर्ल्ड क्रिकेट को हैरान किया है। इटली ने पहली बार किसी भी स्टेज के क्रिकेट वर्ल्ड कप के लिए क्वालीफाई किया है। एक नजर उन 15 टीमों पर डालते हैं जिन्हें टी20 वर्ल्ड कप 2026 का टिकट मिल चुका है और 5 टीमें कहां से आएगी। इन 12 टीमों को तो बिना क्वालीफायर मैच खेले टी20 वर्ल्ड कप का टिकट मिल गया है, बची 8 टीमों को अपने-अपने रीजन के क्वालीफायर्स खेलकर टूर्नामेंट में शामिल होना था। कनाडा अमेरिका क्वालीफायर्स जीतकर टी20 वर्ल्ड कप 2026 का टिकट हासिल करने वाली 13वीं टीम बनी और अब इटली और नीदरलैंड्स ने यूरोप क्वालीफायर्स के जरिए टॉप-20 टीमों में अपनी जगह बनाई। बची 5 में से 2 टीमें अफ्रीका क्वालीफायर से तो 3 टीमें एशिया और ईएपी क्वालीफायर के जरिए टी20 वर्ल्ड कप 2026 के लिए क्वालीफाई करेगी।




## भारत- श्रीलंका को डायरेक्ट टिकट

टी20 वर्ल्ड कप 2026 की मेजबानी भारत और श्रीलंका के पास है, ऐसे में होस्ट नेशन होने के नाते इन दोनों टीमों को डायरेक्ट टिकट मिला है। इनके अलावा पिछले टी20 वर्ल्ड कप की टॉप-7 टीमों ने भी डायरेक्ट क्वालीफाई किया है, जिसमें अफगानिस्तान, ऑस्ट्रेलिया, बांग्लादेश, इंग्लैंड, साउथ अफ्रीका, यूएसए और वेस्टइंडीज शामिल है। वहीं आयरलैंड, न्यूजीलैंड और पाकिस्तान को आईसीसी टी20 रैंकिंग के जरिए टी20 वर्ल्ड कप 2026 का टिकट मिला है।

**टी20 वर्ल्ड कप 2026 के लिए क्वालीफाई करने वाली टीमें**- अफ़ग़ानिस्तान, ऑस्ट्रेलिया, बांग्लादेश, कनाडा, इंग्लैंड, भारत, आयरलैंड, न्यूज़ीलैंड, पाकिस्तान, साउथ अफ्रीका, श्रीलंका, अमेरिका, वेस्टइंडीज, इटली, नीदरलैंड

## भारतीय अंडर-20 महिला टीम उज्बेकिस्तान के खिलाफ पहले मैत्री मैच के लिए तैयार

**नई दिल्ली, जेएनएन।** भारतीय अंडर-20 महिला फुटबॉल टीम रविवार को ताशकंद के दोस्तलिक स्टेडियम में उज्बेकिस्तान के खिलाफ दो मैत्री मैचों की श्रृंखला का पहला मुकाबला खेलेगी। बेंगलुरु के 'पादुकोण-द्रविड़ सेंटर फॉर स्पोर्ट्स एक्सीलेंस' में अभ्यास करने के बाद भारतीय टीम शुक्रवार सुबह उज्बेकिस्तान की राजधानी पहुंचीं। टीम ने शनिवार शाम को मैच पूर्व अभ्यास किया। भारत इन मैत्री मैचों से अगले महीने होने वाले एएफसी अंडर-20 महिला एशियाई कप क्वालीफायर की तैयारियों को पुख्ता करने की कोशिश करेगा। अंडर-20 महिला एशियाई कप क्वालीफायर में उसके सामने इंडोनेशिया, तुर्कमेनिस्तान और मेजबान म्यांमार की चुनौती होगी।मुख्य कोच जोकिम अलेक्जेंडर्सन ने कहा, हम एक मजबूत प्रतिद्वंद्वी का सामना करना चाहते थे ताकि हमें इस बात का अंदाजा हो सके कि एशियाई क्वालीफायर में हमें कैसी चुनौती मिलेगी। हम यह भी परखना चाहते है कि खिलाड़ी इन मैचों में अपनी भूमिका कैसे निभाते हैं। भारतीय अंडर-20 महिला टीम 24 खिलाड़ियों के साथ यात्रा कर रही है, जिसमें आखिरी मिनट में एक बदलाव हुआ। बीमार गोलकीपर मेलोडी चानू केइशाम की जगह अनिका देवी शारुबम को टीम में शामिल किया गया।

## यह मेरा आखिरी विंबलडन नहीं एक बार और खेलूंगा :जोकोविच

**लंदन, जेएनएन।** नोवाक जोकोविच ने शुक्रवार को सेमीफाइनल में यानिक सिनर से हारने के बाद स्पष्ट



किया कि यह उनका विंबलडन में आखिरी मैच नहीं था और वह कम से कम एक बार और इस प्रतिष्ठित टेनिस टूर्नामेंट में खेलने का इरादा रखते हैं। मैच के बाद 38 वर्षीय जोकोविच ने कहा, मैं अपना विंबलडन करियर खत्म करने की योजना नहीं बना रहा हूं। मैं निश्चित रूप से कम से कम एक बार और वापसी की योजना बना रहा हूं। सेंटर कोर्ट पर विश्व के नंबर एक खिलाड़ी सिनर से 6-3, 6-3, 6-4 से मिली हार ने जोकोविच के विंबलडन में रोजर फेडरर के आठ चैंपियनशिप के पुरुष रिकॉर्ड की बराबरी करने और 25वां ग्रैंड स्लैम खिताब जीतने के प्रयास पर पानी फेर दिया।

# ज्योति भारत ने तीरंदाजी विश्व कप के चौथे चरण में रजत और कांस्य जीता


**मैड्रिड, जेएनएन।** भारत ने महिला कंपाउंड टीम के रजत और मिश्रित टीम के कांस्य पदक से शनिवार को यहां तीरंदाजी विश्व कप के चौथे चरण में दो पोडियम स्थान हासिल किए जिसमें ज्योति सुरेखा वेन्नम पदकों की हैट्रिक की ओर बढ़ रही हैं। पदक जीतने के बावजूद इस प्रदर्शन ने मुश्किल परिस्थितियों के दबाव में भारतीय तीरंदाजों की असक्षमता को उजागर कर दिया। क्वालीफिकेशन दौर में कुल 2116 अंकों के साथ शीर्ष स्थान हासिल करने वाली ज्योति सुरेखा वेन्नम, परनीत कौर और पदार्पण कर रही 16 वर्षीय पृथिका प्रदीप की तिकड़ी स्वर्ण पदक की ओर बढ़ती दिख रही थी और तीसरे दौर के बाद 170-169 की बढ़त बनाए थी। लेकिन यह तिकड़ी निर्णायक क्षण में आए दबाव में लड़खड़ा गई और चीनी ताइपे से 225-227 से हारकर स्वर्ण पदक से चूक गई। इस



हार ने एक बार फिर टीम की मानसिक कमजोरियों को उजागर कर दिया और 2022 एशियाई खेलों के बाद कंपाउंड कोच सर्जियो पाग्नी के जाने के बाद से पैदा हुए खालीपन को भी उजागर कर दिया।

# निकोलस पूरन ने मारा 102 मीटर लंबाई का मारा छक्का, खो गई गेंद

**नई दिल्ली, जेएनएन।** मेजर क्रिकेट लीग 2025 में शनिवार 12 जुलाई को कुछ ऐसा देखने को मिला, जिसका किसी को विश्वास नहीं होगा। इस लीग में 10 में से केवल तीन मैच जीतने वाली टीम फाइनल में पहुंच गई है, जबकि 10 में से 7 मैच जीतने वाली टेक्सास सुपर किंग्स और सैन फ्रांसिस्को यूनिकॉर्न्स की टीम इस लीग से बाहर हो गई हैं। डलास के मैदान में खेले गए क्वालिफायर-2 मुकाबले में निकोलस पूरन की टीम एमआई न्यूयॉर्क ने टेक्सास सुपर किंग्स को 7 विकेट से हराकर खिताबी मुकाबले में जगह बना ली है। जहां उसका मुकाबला वॉशिंगटन फ्रीडम से 14 जुलाई को होगा। इस मैच के दौरान कप्तान पूरन ने एक ऐसा छक्का लगाया, जो मैदान के बाहर चली गई।




## मैदान के बाहर भेजी गेंद

टेक्सास सुपर किंग्स की ओर से दिए गए 167 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए एमआई न्यूयॉर्क के कप्तान निकोलस पूरन और काइरन पोलार्ड ने शानदार पारी खेली और टीम को जीत दिला दी। पूरन ने 36 में 144.44 की स्ट्राइक रेट से नाबाद 52 रन बनाए. इस दौरान उन्होंने चार चौके और तीन छक्के लगाए. इस दौरान उन्होंने एक ऐसा छक्का मारा जो मैदान के बाहर ही चली गई। ये छक्का 102 मीटर का था। एमआई न्यूयॉर्क ने 6 गेंद शेष रहते इस मैच 7 विकेट से मैच जीतकर खिताबी मुकाबले में जगह बना ली पूरन के अलावा पोलार्ड ने 22 गेंदों में 3 छक्के और 4 चौके की मदद से नाबाद 47 रनों की पारी खेली। इसके लिए उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच खेला गया।

## दिल्ली हॉकी की महिला खिलाड़ियों को कोर्ट से राहत

**नई दिल्ली, जेएनएन।** हॉकी इंडिया ने दिल्ली उच्च न्यायालय को सूचित किया है कि रांची में चल रही 15वीं हॉकी इंडिया सब जूनियर महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप 2025 में दिल्ली हॉकी से मान्यता प्राप्त खिलाड़ियों की भागीदारी के लिए व्यवस्था की जाएगी। हॉकी इंडिया ने अदालत को बताया कि तीन जुलाई से 14 जुलाई तक होने वाली इस चैंपियनशिप का कार्यक्रम दिल्ली हॉकी टीम के लिए संशोधित या अनुकूलित किया जाएगा। यह दलील तब दी गई जब अदालत को बताया गया कि दिल्ली हॉकी टीम की भागीदारी इसलिए रद्द कर दी गई है क्योंकि टीम को हॉकी इंडिया के ऑनलाइन पोर्टल से हटा दिया गया है। बाद में हॉकी इंडिया के वकील ने दलील दी कि चल रही चैंपियनशिप में दिल्ली हॉकी से संबद्ध खिलाड़ियों की भागीदारी के लिए इस चरण में भी व्यवस्था की जाएगी। यह दलील दी गई कि भले ही दिल्ली के खिलाड़ी आठ और नौ जुलाई के निर्धारित मैचों में नहीं खेल पाए लेकिन यह सुनिश्चित किया जाएगा कि दोनों मैच 10 जुलाई को पुनर्निर्धारित किए जाएं।



# विंबलडन फाइनल में पहुंचा भारतीय मूल का खिलाड़ी, उत्तराखंड से रखता है खास नाता

**नई दिल्ली, जेएनएन।** इस वक्त लंदन में टेनिस का सबसे लोकप्रिय टूर्नामेंट विंबलडन 2025 का आयोजन हो रहा है। इस बड़े टूर्नामेंट को देखने बड़े-बड़े सेलिब्रिटीज आते हैं। कई भारतीय क्रिकेटर्स भी हाल ही में विंबलडन देखने के लिए पहुंचे थे। वुमेंस सिंगल कैटेगिरी में फाइनल अमांडा अनिसिमोवा और इगा स्विटेक के बीच खेला जाएगा जबकि मेंस सिंगल में कार्लोस अल्काराज और यानिक सिनर का मुकाबला होगा। हालांकि एक भारतीय मूल का खिलाड़ी भी विंबलडन जूनियर में अपने नाम का डंका बजा रहा है। हम बात कर रहे हैं अमेरिका के लिए खेलने वाले भारतीय मूल के टेनिस खिलाड़ी रोनित कर्की की। रोनित विंबलडन जूनियर के फाइनल में पहुंच गए हैं।

**उत्तराखंड से है रोनित का परिवार :** रोनित कार्की का परिवार उत्तराखंड, भारत के पंगखू के जाबुका गांव से है। उनके माता-पिता, त्रिलोक सिंह कार्की और कंचन कार्की, दोनों इंजीनियर हैं, जो अमेरिका चले गए थे जहाँ रोनित का जन्म हुआ। उनकी बड़ी बहन, नाओमी कार्की, भी अमेरिका के लिए जूनियर टेनिस खेलती हैं। रोनित कार्की का समर्पण और प्रतिभा उनकी तेज प्रगति से साफ दिखती है। विंबलडन में उनके प्रदर्शन ने खासकर बहुत ध्यान खींचा है और एक सफल पेशेवर करियर के लिए उनकी क्षमता को दर्शाता है।

## कौन हैं रोनित कर्की?



रोनित कार्की 17 साल के अमेरिकी टेनिस खिलाड़ी हैं, जो भारतीय मूल के हैं और जूनियर सर्किट में काफी धूम मचा रहे हैं। वह सीधे हाथ से खेलते हैं और स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी से जुड़े हैं। 7 जुलाई 2025 तक, रोनित आईटीएफ जूनियर रैंकिंग में 52वें स्थान पर थे। 28 अप्रैल 2025 को उन्होंने अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग 49 हासिल की थी। वह विंबलडन में जूनियर चैंपियनशिप के फाइनल में पहुंच गए हैं। सेमीफाइनल में उन्होंने बुल्गारिया के अलेक्जेंडर वासिलेव को हराया था। क्वार्टर फाइनल में रोनित ने विश्व नंबर 16 एलन वाजनी को मात दी थी। रोनित ने जनवरी 2025 में अपने साथी जैक सैटरफील्ड के साथ आईटीएफ जूनियर जे300 बैरेंक्लिला डबल्स का खिताब जीता। कार्की जून 2025 में रोलैंड गैरो जूनियर चैंपियनशिप के दूसरे दौर में पहुंचे थे। 2023 यूएसटीए विंटर नेशनल्स फॉर बॉयज 18 और 2024 ईस्टर बाउल बॉयज 18 डबल्स में डबल्स में गोल्ड बॉल हासिल की थी।

## गरीबों के आशियाने में भरा पानी गृहस्थी का सामान चौपट

**मुकुन्दपुर।** मैहर जिले के अमरपाटन विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत मुकुन्दपुर में गरीबों के आशियाने में भरा पानी गृहस्थी हुई पूरी तरह से चौपट लबालब पानी गरीबों के आशियाने में भरा हुआ है मूसलाधार वर्षा होने के और पानी नाली निर्माण में निकासी के चलते गरीबों के आशियाने में पानी भर गया। गरीब आशियाने वालों में मची चीख पुकार। राजस्व अमला और पंचायत अमला सही समय में अतिक्रमण पर ध्यान नहीं दिये।

## जल भराव से आम लोगो का जीवन अस्त व्यस्त

**सतना।** डॉक्टर रश्मि सिंह ने कहा कि भारी बारिश के कारण कई इलाकों में जलभराव हो गया है, जिससे आम लोगों का जीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। सड़कों पर पानी भर जाने से यातायात बाधित है और लोगों को अपने दैनिक कार्यों में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। प्रशासन से बात कर कहा कि वह जल्द से जल्द जल निकासी की व्यवस्था करे और प्रभावित लोगों को राहत पहुंचाए।

# लिटिल सीईओज़ ऑफ़ सतना कार्यक्रम का भव्य आयोजन



## अकैडमिक हाइट्स पब्लिक स्कूल सतना में स्टार्टअप और नवाचार की ओर एक प्रेरणादायक कदम

**जागरण, सतना।** अकैडमिक हाइट्स पब्लिक स्कूल सतना में लिटिल सीईओज़ ऑफ़ सतना नामक एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह पहल सतना स्मार्ट सिटी इनक्यूबेशन सेंटर द्वारा युवा छात्रों में उद्यमिता और नेतृत्व भावना को प्रोत्साहित करने हेतु की गई थी।

कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन से हुई, जिसमें विद्यालय के निर्देशक सीए सनातन अग्रवाल सर, प्राचार्या डॉ हिमानी सिंह मैम उप-प्राचार्य संजीव सिंह सर तथा विशिष्ट अतिथि सुश्री संजना सिंह स्टार्टअप विशेषज्ञ शंतनु सिंह परिहार प्रोजेक्ट मैनेजर विष्णुकांत चौरसिया स्टार्टअप कंसल्टेंट एवं सुश्री एकता सिंह उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में सुश्री संजना सिंह ने छात्रों को स्टार्टअप की दुनिया से परिचित कराया। उन्होंने इंटरएक्टिव प्रश्नोत्तर सत्र के माध्यम से छात्रों की जिज्ञासाओं का समाधान किया साथ ही लोगो डिज़ाइन करने के व्यावहारिक तरीके भी सिखाए। इसके पश्चात सुश्री एकता सिंह मैम ने वर्षा ऋतु में स्वच्छता के महत्व पर विद्यार्थियों से संवाद किया और डिजिटल युग में नवाचार तथा जिम्मेदार नागरिकता की भूमिका को सरल शब्दों में समझाया।

कार्यक्रम का संचालन अत्यंत प्रभावशाली एवं गरिमापूर्ण रहा जिसमें विद्यार्थियों ने विषयवस्तु से गहरा जुड़ाव महसूस किया और व्यावहारिक ज्ञान अर्जित किया।

अंत में विद्यालय की प्राचार्या डॉ हिमानी सिंह ने सभी अतिथियों आयोजकों प्रतिभागी छात्रों और स्मार्ट सिटी टीम का आभार व्यक्त किया। यह आयोजन न केवल ज्ञानवर्धक रहा बल्कि विद्यार्थियों में आत्मविश्वास नवाचार और नेतृत्व की भावना को भी प्रबल कर गया।

# सोशल मीडिया पर भ्रामक प्रचार के विरोध में नगर परिषद कोटर ने सौंपा ज्ञापन

## कार्रवाई न होने पर थाने के घेराव की चेतावनी

**कोटर।** नगर परिषद कोटर के अध्यक्ष राजमणि सिंह के नेतृत्व में परिषद के सभी पार्षदों और पदाधिकारियों ने शनिवार को कोटर थाने में एक ज्ञापन सौंपा ज्ञापन में सोशल मीडिया पर परिषद के खिलाफ भ्रामक और तथ्यहीन जानकारी फैलाने वाले व्यक्तियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की गई है ज्ञापन में कहा गया है कि वार्ड क्रमांक 11 के निवासी पुष्पेंद्र त्रिपाठी उर्फ गुड्डा द्वारा विभिन्न व्हाट्सएप और सोशल मीडिया ग्रुपों पर नगर परिषद के संबंध में भ्रामक जानकारियां साझा की गईं विशेष रूप से यह दावा किया गया कि गुजिया नाला की चौड़ाई 30 फीट से घटाकर 5 फीट कर दी गई है, जो पूरी तरह गलत और भ्रामक है नगर परिषद के अनुसार, यह खबर न केवल तथ्यहीन है बल्कि इससे आम जनता में भ्रम फैलाया गया है परिषद का कहना है कि भारी वर्षा के चलते नाले में जलभराव की स्थिति बनी है, लेकिन नाले की चौड़ाई से छेड़छाड़ का कोई मामला नहीं है परिषद ने स्पष्ट किया कि वह आम जन की भलाई के लिए लगातार प्रयासरत है और इस प्रकार की अफवाहें जनविश्वास को ठेस पहुंचाती हैं।



सोशल मीडिया ग्रुपों में यह भ्रामक जानकारी फैलाई गई जिनमें सैकड़ों सदस्य जुड़े हैं इससे परिषद अध्यक्ष राजमणि सिंह उपाध्यक्ष प्रभाकर तिवारी, सभापति राजेन्द्र गौतम सहित सभी पार्षदों की प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचा है नगर परिषद ने पुलिस प्रशासन को सात दिन का अल्टीमेटम दिया है अध्यक्ष राजमणि सिंह ने स्पष्ट कहा कि यदि निर्धारित समय सीमा में आरोपितों पर कानूनी कार्रवाई नहीं की गई, तो नगर परिषद के सभी पदाधिकारी कोटर थाने का घेराव करेंगे और मामले को न्यायालय में ले जाएंगे।

## सतना-मैहर जिले की 3 लाख 76 हजार 172 महिलाओं के खाते में आई राशि

**सतना।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव शनिवार को ग्राम पंचायत नलवा जिला उज्जैन में आयोजित कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना सामाजिक सुरक्षा पेंशन और गैस सिलेंडर उज्जवला योजना के हितग्राहियों के खातों में जुलाई माह की राशि सिंगल क्लिक के माध्यम से अंतरित की गई।

## सड़क नहीं थी इसलिए महिला की हुई मौत :अमित सिंह

सतना। नागौद तहसील के द्वारी गांव में *एक महिला की सड़क न होने के कारण मौत पर आम आदमी पार्टी गहरा दुख प्रकट किया है और इसे शासन की घोर विफलता बताती है। जिलाध्यक्ष डॉ अमित सिंह ने कहा कि 78 साल की आज़ादी के बाद भी यदि सतना जिले के गांव में सड़क के अभाव में किसी माँ बहन, बेटी की जान चली जाए तो इससे शर्मनाक और क्या हो सकता है। ये सिर्फ एक महिला की मौत नहीं, ये इस भाजपा सरकार के खोखले दावों की मौत है। डॉ. सिंह ने कहा कि भाजपा शासन में सड़कों की डीपीआर तो करोड़ों की बनती है, लेकिन ज़मीन पर एक किमी सड़क नहीं बनती। स्वास्थ्य व्यवस्था पूरी तरह चरमरा चुकी है कागजों में एम्बुलेंस अस्पताल डॉक्टर हैं लेकिन ज़मीन पर मौत दौड़ रही है।

PGI लखनऊ के एंडोक्रिनोलॉजिस्ट की OPD रीवा में
13 जुलाई, रविवार
प्रत्येक माह में पूर्व निर्धारित दिनॉक को
समय - सुबह 10 से शाम 04:00 बजे तक
डायबिटीज, थायराइड एवं हार्मोन्स रोग विशेषज्ञ
डॉ. अजय शुक्ला
MBBS, M.D., D.M. (Endocriology & Metabolism) SGPGI लखनऊ
विभागाध्यक्ष मैक्स सुपर स्पेशिलिटी हॉस्पिटल लखनऊ
कामता मेडिकल
ए-ब्लॉक समदड़िया, न्यू बस स्टैण्ड रीवा (म.प्र.)
कृपया रजिस्ट्रेशन पूर्व में करायें, 50 मरीज तक इसके बाद अगली बार का समय दिया जायेगा।
9399312433, 9981287311

चर्म, सौन्दर्य, एलर्जी एवं स्कीन केयर
मिलने का समय प्रतिदिन सुबह 10 से 2 बजे साथं 4 से 7 बजे (रविवार अवकाश)
डॉ. सिद्धार्थ तिवारी
MBBS, MD (Dermatology & STD)
परामर्श शुल्क मात्र 300/-
चर्म, सौन्दर्य, नाखून, बाल, कुष्ठ, गुप्त (यौन) एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
कामता मेडिकल
ए-ब्लॉक समदड़िया, न्यू बस स्टैण्ड रीवा (म.प्र.)
9399312433
9981287311

विंध्य की एक मात्र महिला चर्म रोग विशेषज्ञ
समय- प्रतिदिन सुबह 10 से 2 एवं शाम 4 से 7 बजे तक रविवार अवकाश
डॉ. कोम्पल अग्रवाल
MBBS, MD (Dermatology & STD)
चर्म, सौंदर्य, नाखून, बाल, यौन, एवं कुष्ठ रोग विशेषज्ञ
अत्याधुनिक Laser द्वारा Hair Removal, Tatto Removal एवं Facial की सुविधा उपलब्ध
परामर्श:- दाद, खाज, खुजली, एक्जिमा, सोरायसिस, सफेद दाग, चेहरे की कील, मुहांसे, बालों का झड़ना, गंजापन, इत्यादि समस्त चर्म, नाखून, बाल एवं यौन संबंधी समस्याएं।
परामर्श शुल्क 300/-
मो.-7247097637
सौन्दर्य क्लीनिक शॉप नं. 86 तानसेन कॉम्पलेक्स कृष्णा राजकपूर ऑडिटोरियम के सामने सिरमौर चौराहा रीवा (म.प्र.)


100 बिस्तरीय मल्टीस्पेशलिटी अस्पताल
प्रार्थना हॉस्पिटल & रिसर्च सेन्टर
ओपीडीः सोमवार से शनिवार दोपहर 03 से सायं 7 बजे तक
(न्यूरोसर्जन की नियमित सेवाएं उपलब्ध)
डॉ. नितिन कुलश्रेष्ठ
MBBS, MS, MCh (न्यूरो सर्जरी)
ब्रेन एवं स्पाइन सर्जन, फेलोशिप इन न्यूरो एंडोस्कोपी
उपचार एवं परामर्श
ब्रेन और स्पाइन का ट्यूमर / टी.बी.
सिर दर्द, कमर, गर्दन पीठ का दर्द / न्यूरोपैथिक पेन
ब्रेन और स्पाइन संक्रमण व जन्मजात रोग
ब्रेन हेमरेज, स्ट्रोक, पक्षाघात एन्यूरिज्म, ए.वी.एम.
सिर व रीढ़ की हड्डी की चोट / ब्रेन स्पाइन ट्रॉमा
मिर्गी के दौरे / एपिलेप्सी का विशेषज्ञ उपचार
मेडिक्लेम एवं आयुष्मान की सुविधा उपलब्ध
पता- पी.टी.एस. न्यू बस स्टैण्ड रोड, फ्लाई ओवर के बगल में, रीवा
मो.: 7566908666 फो.: 07662-469015
24/7 SERVICE

SARDAR PATEL EDUCATION GROUP REWA • MP • INDIA
ADMISSIONS OPEN 2025-26
SARDAR PATEL UNIVERSITY Balaghat • MP
CSU COLLEGE OF
PHARMACY: D. PHARMACY, B. PHARMACY
ENGINEERING: POLYTECHNIC | B.TECH.
ME | CE | CSE | EEE | MINING
Cement Technology Engg.
Mining & Mine Surveying Engg. (Mms)
BBA/ MBA, BCA /MCA, B.A. LL.B., B.COM. LL.B., BBA LLB., LL.B / LL.M.
छात्रवृत्ति सुविधा
कैम्पस : सिरमौर रोड, ग्राम-पल्हान (उमरी चौक), बैकुण्ठपुर, रीवा
+91 70493 99901, 70493 99902
सिटी ऑफिस ज्योति स्कूल के सामने, न्यू बस स्टैण्ड, रीवा

मिनर्वा आई.व्ही.एफ. (टेस्ट ट्यूब बेबी सेन्टर)
(निः संतान दंपत्तियों के लिए)
कम खर्च बेहतर इलाज
सर्वश्रेष्ठ टेस्ट ट्यूब बेबी सुविधा
उपलब्ध सुविधाएँ
IUI, IVF, ICSI
फ्रोजन एंब्रियो ट्रांसफर साइकिल (FET)
एग फ्रीजिंग
एंब्रियो फ्रीजिंग
स्पर्म फ्रीजिंग
डॉ. ज्योति ओझा मिश्रा
स्त्री एवं प्रसूति रोग
नि:संतानता रोग एवं टेस्टट्यूब बेबी विशेषज्ञ
MBBS, MD (ऑब्स & गायनी)
फैलोशिप इन रिप्रोडक्टिव मेडिसिन
एण्ड लैप्रोस्कोपिक सर्जरी
मध्यप्रदेश की प्रथम एवं अत्याधुनिक ICSI मशीन द्वारा इलाज उपलब्ध
टोल फ्री : 18008892250, मो.: 8878819362, 9303733830
खन्ना टॉवर, पुराना बस स्टैण्ड, रीवा

EMINENCE COLLEGE OF PHARMACY
(PCI Approved Courses)
गुणवत्तापरक रोजगारोन्मुखी अध्यापन एवं प्रशिक्षण
Best Infrastructure & Facilities
निःशुल्क पंजीयन
पाठ्यक्रम:-
B. Pharmacy
D. Pharmacy
(Eligibility - 12" Biology/Mathematics Subjects with a Minimum of 50% Marks)
ADMISSION OPEN
शैक्षणिक सत्र 2025-26
विस्तृत जानकारी हेतु सम्पर्क करें:
Info eminencerewa@gmail.com
eminencecollege.com
अपने बच्चे के लिए संस्था का चयन के पूर्व एक बार कॉलेज का भ्रमण अवश्य करें।
7828081688, 8349092041
टोल प्लाजा के पास एन.एच.-7 जोगिनिहाई रीवा (म.प्र.)

डॉ. निशा डायलिसिस सेंटर
पता- अग्रवाल नर्सिंग होम, खुटेही, रीवा
24/7 Our Services
Dialysis (डायलिसिस)
रजिस्ट्रेशन के लिए संपर्क करें
9174566996
7771009417
नवीनतम मशीन द्वारा हीमो डायलेसिस
Hepatitis C (HCV) मरीजों के लिए अलग से समर्पित मशीन
अन्य सुविधाएं:
24x7 मेडिसिन विशेषज्ञ
डॉ. ईशान गोयल
24x7 स्त्री रोग विशेषज्ञ
वेंटिलेटर एवं Bipap
24x7 मेडिकल स्टोर










जागरण पब्लिकेशन प्रा. लिमि. के लिए मुद्रक/प्रकाशक मदन मोहन गुप्ता द्वारा दैनिक जागरण प्रेस गांधी नगर उर्रहट रीवा (म.प्र.)से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादकः **मदन मोहन गुप्ता।** आर.एन.आई. नं- 1505/57, डाक पंजीयन क्र.- रीवा संभाग 04 /म.प्र. संस्थापक **स्व. गुरुदेव गुप्त**
**कार्यालयः- मोबाइल नं रीवा-** 9098357869, 9425018958 **सतना** - 9993315949 **सीधी**-7089620900 **सिंगरौली**-9424652999 E-mail: rewajagrannew2015@gmail.com